* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

09 जुलाई, 2024
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 259







# हेमंत सोरेन: विश्वास जीत मंत्रिमंडल विस्तार किया

- सदन में 45 विधायकों का मिला साथ
- कैबिनेट से दो की छुट्टी, तीन नये चेहरे
- चमरा लिंडा और लोबिन हेंब्रम ने भी दिया हेमंत का साथ
- राज्यपाल ने चंपाई समेत 11 मंत्रियों को दिलायी शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

*रांची। झारखंड की राजनीति में सोमवार 08 जुलाई महत्वपूर्ण दिन रहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा सदन में विश्वास मत हासिल किया, तो इसके बाद मंत्रिमंडल का भी विस्तार कर लिया। सदन में हेमंत को 45 विधायकों का साथ मिला। झामुमो से निष्कासित चमरा लिंडा और लोबिन हेंब्रम ने भी उनके पक्ष में मतदान किया। वहीं, कैबिनेट में चार साल से रिक्त मंत्रिमंडल के एक पद को भी भर दिया गया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने हेमंत सरकार के 11 मंत्रियों को शपथ दिलायी। हेमंत-3.0 में पूर्व के दो मंत्री बादल पत्रलेख और बसंत सोरेन की छुट्टी हो गयी, तो तीन नये चेहरे इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह और बैद्यनाथ राम को जगह मिली। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी मंत्री बनाये गये। सभी मंत्रियों को विभागों की भी जिम्मेदारी दे दी गयी है।*



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हो गये पास...

### `सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने सरकार पर विश्वास के प्रस्ताव पर रखी बात



झारखंड विधानसभा का सोमवार को एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया था। यह सत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विश्वास मत हासिल करने लिए बुलाया गया था। मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल पर विश्वास के लिए सदन में प्रस्ताव पेश किया। इस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से बहस हुई। अंत में हेमेंत सोरेन पास हो गये। उन्होंने अपनी सरकार के पक्ष में सदन का विश्वास हासिल कर लिया। सरकार के पक्ष में 45 विधायकों के वोट पड़े। विपक्षी सदस्यों के सदन का बहिष्कार कर बाहर निकल जाने के कारण सरकार के विरोध में शून्य वोट पड़े। खास बात यह रही कि झामुमो से निलंबित चमरा लिंडा और लोबिन हेंब्रम ने भी हेमंत सरकार के पक्ष में वोट किया। गौरतलब है कि दोनों नेताओं को लोकसभा चुनाव में पार्टी से बगवात करने के कारण निष्कासित कर दिया गया है। वहीं, भाजपा से कांग्रेस में जाकर लोकसभा चुनाव लड़े जेपी पटेल सदन से अनुपस्थित रहे, तो जेल में बंद कांग्रेस विधायक आलमीगर आलम को सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं मिली। विधायक सरयू राय तथस्त रहे। गौरतलब है कि सदन की कार्यवाही दोपहर 11 बजे शुरू हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने अपना पक्ष रखा। फिर एक-एक कर सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने अपनी बात रखी। सत्ता पक्ष की ओर से उमाशंकर अकेला, प्रदीप यादव और विनोद सिंह ने बहस में भाग लिया, जबकि विपक्ष की ओर से अमर बाउरी और सुदेश महतो बोले। इसके बाद अंत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपना जवाब दिया। हेमंत ने जब बोलना शुरू किया, तो इसके कुछ देर बाद भाजपा और आजसू के विधायक सदन का बहिष्कार कर बाहर चले गये। हेमंत के भाषण के बाद वोटिंग हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने हेमंत के पक्ष में 45 और विपक्ष में शून्य वोट पड़ने की घोषणा की। इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी।

(संबंधित खबर पेज-03 पर)

## झामुमो के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक मंत्री

### पांच साल में पहली बार कैबिनेट के सारे पद भरे

विधानसभा का विशेष सत्र समाप्त होने के बाद सोमवार शाम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रिमंडल का भी विस्तार कर दिया। राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 11 मंत्रियों को शपथ दिलायी। इनमें झामुमो के पांच विधायक, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक ने मंत्री पद की शपथ ली। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन ने 154 दिन बाद जेल से निकलने पर बीते गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इस दिन किसी को भी मंत्री नहीं बनाया गया था। इस बार खास बात यह रही कि हेमंत सरकार में 2019 से 2024 के जनवरी तक और चंपाई सरकार के फरवरी से जुलाई 2024 तक के मंत्रिमंडल में एक जगह खाली थी। यानी मुख्यमंत्री के अलावा 10 मंत्री कैबिनेट में थे। इस बार पूरा कोटा यानी 11 मंत्रियों को शपथ दिलायी गयी है। हेमंत के मंत्रिमंडल में आठ पुराने चेहरे ही हैं। वे हेमंत या चंपाई सरकार में मंत्री रह चुके हैं, जबकि तीन नये चेहरे शामिल किये गये हैं। वहीं, पुराने चेहरे में चंपाई और हेमंत दोनों सरकार में मंत्री रहे कांग्रेस के बादल को हटा दिया गया है, तो चंपाई सरकार में मंत्री बने बसंत सोरेन को भी बाहर रखा गया है। पुराने मंत्रियों में चंपाई सोरेन, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता, दीपक बिरुवा, मिथिलेश कुमार ठाकुर, हफीजुल हसन और बेबी देवी ने शपथ ली। वहीं, नये चेहरों में बैद्यनाथ राम, इरफान अंसारी और दीपिका पांडेय सिंह को शपथ दिलायी गयी।

(संबंधित खबर पेज-03 पर)

### किसको मिला कौन सा विभाग

- डॉ रामेश्वर उरांव-वित्त, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग और संसदीय कार्य विभाग
- सत्यानंद भोक्ता- श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग
- बैद्यनाथ राम- स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग
- दीपक बिरुआ- अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर, परिवहन विभाग बन्ना गुप्ता- स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य-सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामला।
- इरफान अंसारी- ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग
- मिथिलेश कुमार ठाकुर- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
- हफीजुल हसन- अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन-कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग
- बेबी देवी- महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग
- दीपिका पांडेय सिंह- कृषि-पशुपालन एवं सहकारिता विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग






## सदन में मुख्यमंत्री ने भाजपा पर साधा निशाना

# जितने दिख रहे हैं, आधे भी आ गये तो बड़ी बात होगी: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ये विपक्ष के जितने भी चेहरे आज दिख रहे हैं, उनमें से आधे भी अगली बार आ गये तो बड़ी बात होगी। लोकसभा चुनाव में जनता ने इन्हें आइना दिखा दिया है। अब बचा है राज्यों का चुनाव। इनका षड्यंत्र नहीं चलनेवाला है। मुख्यमंत्री विधानसभा सदन में सोमवार को सरकार के विश्वास प्रस्ताव पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जम कर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संवैधानिक प्रक्रिया के तहत विश्वास प्रस्ताव लाये हैं। विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामे पर हेमंत ने कहा कि मुझे फिर से इस सदन में देख कर इनको कैसा महसूस हो रहा है, इनका व्यवहार बता रहा है। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। हेमंत ने कहा कि भाजपा के पास कोई सोच या एजेंडा नहीं है। उनके पास सिर्फ केंद्रीय एजेंसियां हैं। सोरेन ने भाजपा पर विधायकों की खरीद-फरोख्त का भी आरोप लगाया। हेमंत ने कहा कि मैं चंपाई सोरेन का धन्यवाद करूंगा, जिन्होंने निर्भीक होकर सरकार चलायी, सरकार को बचाया। ये लोग (भाजपा) खरीद-फरोख्त कर रहे थे। हेमंत सोरेन के जवाब के दौरान विपक्ष ने जम कर शोर-शराबा किया। भाजपा ने मुख्यमंत्री के आरोपों को निराधार बताया है।

### जिस दावे से सत्ता में आये, पूरा नहीं किया: बाउरी

रांची (आजाद सिपाही)। सदन में विश्वासमत पर चर्चा पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि पहले कैबिनेट का विस्तार होना चाहिए था, फिर विश्वास मत का प्रस्ताव आना चाहिए। उन्होंने बेरोजगारी और अपराध के मुद्दे को उठाया। बाउरी ने कहा कि सरकार ने जनता को ठगने का काम किया है। रोजगार के जो वादे करके हेमंत सरकार सत्ता में आयी, उसे पूरा नहीं किया गया। पेंशन नहीं मिल रही। गरीबों को अनाज नहीं मिल रहा। ये भ्रष्टाचारी सरकार है। इनके एक मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। ब्लैक लिस्टेड कंपनी से परीक्षा ली जाती है। आदिवासी हितों की रक्षा नहीं की जा रही है। लव, लैंड जिहाद के बाद वोट जिहाद शुरू हो गया है। उन्होंने पूछा कि ये सरकार दो महीने के लिए किसलिए बनी है। क्या जो भ्रष्टाचार हुए हैं, उसके सबूत मिटाने के लिए बनी हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है। अगर आदिवासी ही नहीं बचेंगे, तो किस आदिवासियत की हम बात करेंगे। बाउरी ने, संताल परगना में बदलती डेमोग्राफी, परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक, बेरोजगारी आदि का मुद्दा उठाया। ।






# कैबिनेट विस्तार : परिवारवाद के आरोप पर हेमंत ने लगाया पूर्णविराम



- मंत्रिमंडल में सभी वर्गों को दिया गया समुचित प्रतिनिधित्व
- संताल के बाद कोल्हान को दी गयी सबसे अधिक तरजीह
- चंपाई को शामिल कर नाराजगी की आशंकाओं को दूर किया

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड की राजनीति में सोमवार का दिन याद रखा जायेगा। इस दिन सीएम हेमंत सोरेन ने न सिर्फ विश्वास मत जीता, बल्कि कैबिनेट का विस्तार भी किया। पांच महीने के अंतराल के बाद राज्य की कमान संभालने वाले हेमंत ने कैबिनेट में जिन चेहरों को शामिल किया है, उसका राजनीतिक संदेश दूर तक जायेगा। कैबिनेट विस्तार की सबसे खास बात यह है कि हेमंत ने परिवारवाद के आरोपों पर हमेशा के लिए पूर्ण विराम लगा दिया है। इसके अलावा कैबिनेट में सभी वर्गों को समुचित प्रतिनिधित्व भी दिया गया है, जिसका असर विधानसभा चुनाव में देखने को मिल सकता है।

विपक्ष की ओर से सीएम हेमंत सोरेन पर परिवारवाद का आरोप लगाया जा रहा था। लेकिन इस बार हेमंत ने अपने भाई बसंत सोरेन को बाहर का रास्ता दिखा कर इस आरोप का मुंहतोड़ जवाब दिया है। बसंत सोरेन दुमका से विधायक हैं और चंपाई सोरेन सरकार में मंत्री थे। लेकिन इस बार उन्हें कैबिनेट में जगह नहीं दी गयी है।

इसके साथ ही हेमंत सोरेन ने चंपाई सोरेन को कैबिनेट में शामिल कर असंतोष और बगावत की तमाम आशंकाओं को झटके से खत्म कर दिया। अफवाह उड़ायी जा रही थी कि सीएम पद से हटाये जाने के बाद से चंपाई सोरेन नाराज हैं और वह कैबिनेट में शामिल नहीं होंगे। विपक्ष की ओर से उन पर डोरे डाले जाने की सूचनाएं भी आ रही थीं। हेमंत ने इसे समझा और चंपाई सोरेन को कैबिनेट में शामिल करने के लिए तैयार कर विपक्ष के इस दांव को भी भोथरा कर दिया।

हेमंत सोरेन की नयी टीम में कांग्रेस के इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह और झामुमो के बैद्यनाथ राम को शामिल किया गया है। विपक्ष झामुमो पर बार-बार यह आरोप लगा रहा था कि उसके यहां पिछड़ों दलितों के लिए कोई जगह नहीं है। वह दलितों का सम्मान नहीं करता है। वैद्यनाथ राम को कैबिनेट में शामिल कर हेमंत सोरेन ने विपक्ष को इस मुद्दे पर भी चुप करा दिया। कांग्रेस कोटा के मंत्री बादल पत्रलेख और जेल में बंद आलमगीर आलम को इस बार जगह नहीं मिली है, लेकिन हेमंत ने जातीय संतुलन कायम रखा है। बादल की जगह पर दीपिका पांडेय सिंह को और आलमगीर आलम के बदले डॉ इरफान अंसारी को कैबिनेट में शामिल कर उन्होंने दूरगामी फैसला किया है। इसके साथ ही नयी कैबिनेट में दो महिलाओं को जगह दी गयी है। सीएम हेमंत सोरेन ने क्षेत्रीय संतुलन पर भी ध्यान दिया है। उन्होंने कैबिनेट में अपने गढ़ संताल से चार (खुद को जोड़ कर) और कोल्हान से तीन मंत्री बनाये हैं। उत्तरी छोटानागपुर और पलामू से दो-दो और दक्षिणी छोटानागपुर से एक मंत्री बनाया है। यह इंडिया गठबंधन का राजनीतिक प्रभाव क्षेत्र का आइना है और हेमंत ने इसके जरिये दूर का दांव चला है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 68,400 रु./10 ग्राम
चांदी 95,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 09 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड में फीकी क्यों पड़ गयी राजद की चमक

## ■ अपने दम पर सात सीटें जीतनेवाली पार्टी आज पिछलग्गू बन गयी है

## ■ पार्टी नेतृत्व की अनदेखी और नेताओं का रवैया ही है प्रमुख कारण

आजाद सिपाही विशेष

देश की राजनीति में पहली बार सोशल इंजीनियरिंग का इस्तेमाल कर करीब 15 साल तक बिहार की सत्ता पर काबिज रहनेवाले लालू प्रसाद यादव ने 5 जुलाई, 1997 को जब दिल्ली में अपनी अलग पार्टी, यानी राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना की थी, तब किसी ने शायद ही सोचा था कि यह पार्टी भारतीय राजनीति को नयी दिशा देगी। वर्ष 2000 में बिहार विभाजन के बाद 2005 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में लालू यादव की पार्टी बिहार की सत्ता से बाहर हो गयी, लेकिन झारखंड में इसका प्रभाव बरकरार था। लेकिन बीते दो दशक में राष्ट्रीय जनता दल ने झारखंड में जिस तेजी से अपना जनाधार खोया है, वह राजनीति के लिए शोध का विषय हो सकता है। जिस तरह बिहार की राजनीति में लालू यादव और उनकी पार्टी के उत्थान और पतन पर शोध हुए हैं, उसी तरह झारखंड में भी इस पार्टी के उत्थान और पतन के अपने कारण हो सकते हैं। दरअसल बिहार विभाजन के बाद राजद के शीर्ष नेतृत्व ने पार्टी के विस्तार पर ध्यान ही नहीं दिया। 2005 में बिहार की सत्ता से बाहर होने के बाद पार्टी वहां खुद को मजबूत बनाने में जुट गयी, लेकिन इसका परिणाम यह हुआ कि झारखंड में पार्टी सिमटने लगी। 2005 में जब झारखंड में पहली बार विधानसभा चुनाव हुआ, तो राजद ने अपने बल पर 51 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे और सात सीटें जीती थीं। उसी साल लोकसभा चुनाव में पलामू और चतरा सीट पर राजद ने जीत हासिल की थी। लेकिन पार्टी नेतृत्व की अनदेखी और स्थानीय नेताओं के रवैये ने आज झारखंड में राजद के अस्तित्व को ही लगभग खत्म कर दिया है। कहने को झारखंड में पार्टी का संगठन है, लेकिन चुनावों में यह पूरी तरह जेएमएम और कांग्रेस पर आश्रित हो गयी है। क्या है राजद की इस कमजोरी का कारण और क्या हो सकता है इसका निदान, बता रहे हैं **आजाद सिपाही संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

14 नवंबर, 2000 की शाम रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के पास तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को देखने-सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। उस समय लालू यादव ने कहा था कि झारखंड अलग राज्य बनने से उन्हें खुशी हो रही है। झारखंड के प्रति उनकी यह टिप्पणी उनके पूर्व के स्टैंड के एकदम विपरीत थी, जब उन्होंने कहा था कि झारखंड अलग राज्य उनकी लाश पर बनेगा। और यह भी कि यदि झारखंड अलग हो गया, तो बिहार के लोग क्या बालू फांकेंगे। उस समय तक लालू भारतीय राजनीति में एक बड़ा नाम बन चुके थे और पूरे देश में उनकी अलग किस्म की लोकप्रियता थी। राजनीति में पहली बार 'माइ', यानी एम और वाइ (मुस्लिम और यादव) समीकरण के सहारे अपनी राजनीति को नयी ऊंचाई देने में कामयाब लालू यादव ने तब तक राष्ट्रीय जनता दल नाम से अपनी अलग पार्टी बना ली थी। आज यह पार्टी 28 वर्ष का हो गयी है और इन 28 वर्षों में बिहार में कई बार सत्ता में रहने और बिहार-झारखंड और केंद्र में सत्ता में हिस्सेदार रहने के बावजूद आज झारखंड में पूरी तरह कमजोर हो गयी है।

### 05 जुलाई, 1997 को हुई थी स्थापना

जनता दल में आपसी मतभेद और मनमुटाव के बाद लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल का गठन किया था। पार्टी का घोषित उद्देश्य दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को राजनीति की मुख्यधारा में लाना था और आरक्षण के समर्थन में आवाज बुलंद करना था। उसके बाद 1999 के विधानसभा चुनाव में बिहार की सत्ता में राजद की वापसी जरूर हुई, लेकिन झारखंड अलग होने के बाद से इस हिस्से में पार्टी का जनाधार लगातार कम होता गया।



### ऐसे कमजोर हुई राजद की स्थिति

झारखंड में पिछले 21 सालों के छह आम चुनावों में पलामू और चतरा जैसी सीटों पर राजद की किलेबंदी लगातार कमजोर हुई है। एकीकृत बिहार में 1998 में पहली बार इन सीटों पर राजद ने चुनाव लड़ा। दोनों ही सीटों पर हार मिली, लेकिन उसका वोट शेयर काफी अच्छा रहा। 2004 के चुनाव में अंतिम बार राजद को पलामू और चतरा दोनों सीटों पर जीत मिली। साल 2007 के पलामू उपचुनाव में भी राजद को जीत मिली। हालांकि उसके बाद से इन गढ़ों में राजद का कद घटता गया। वोट शेयर 1998 में पलामू में 40 फीसदी से 2019 में 23.1 फीसदी तक पहुंच गया। चतरा में वोट प्रतिशत 38.4 फीसदी से घट कर 9.1 फीसदी तक आ गया, यानी 21 सालों में पलामू में 17 तो चतरा में 19 प्रतिशत वोट शेयर घट गया। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में राजद ने पलामू सीट पर चुनाव लड़ा, लेकिन उसे कामयाबी नहीं मिली।

### विधानसभा चुनाव में भी गिरा प्रदर्शन

नवंबर 2000 में जब झारखंड बिहार से अलग हुआ था, तब 82 सदस्यीय राज्य विधानसभा में राजद के पास नौ सीटें थीं। तब से पार्टी की चुनावी किस्मत लगातार नीचे गिरती गयी है। झारखंड में पहली बार 2005 में विधानसभा चुनाव हुए। उस चुनाव में राजद ने अपने दम पर 51 सीटों पर प्रत्याशी उतारा और 8.48 फीसदी वोट पाकर सात सीटें जीतीं। 2009 में पार्टी ने 56 सीटों पर चुनाव लड़ा और 5.03 फीसदी वोट पाकर पांच सीटों पर जीत हासिल की। 2014 में पार्टी ने 19 सीटों पर चुनाव लड़ा और महज 3.13 फीसदी वोट उसे मिले, जबकि एक भी सीट उसके पास नहीं आयी। 2019 में राजद ने महागठबंधन में शामिल होकर सात सीटों पर प्रत्याशी दिया, लेकिन उसे महज एक सीट मिली और वोट शेयर घट कर 2.75 प्रतिशत रह गया।

### पिछले सालों में कई दिग्गजों ने छोड़ा राजद

राजद के कमजोर होने की स्थिति का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि पिछले कुछ सालों में कई दिग्गजों ने पार्टी छोड़ दी है। इससे राजद झारखंड में कमजोर हुआ। पार्टी छोड़ने वालों में गिरिनाथ सिंह, अन्नपूर्णा देवी और घूरन राम जैसे नेता शामिल हैं। घूरन राम पलामू से सांसद रह चुके हैं। राजद प्रदेश अध्यक्ष रह चुकीं अन्नपूर्णा देवी कोडरमा विधानसभा का कई बार प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। गिरिनाथ सिंह भी गढ़वा से विधायक रह चुके हैं। आज अन्नपूर्णा देवी कोडरमा से भाजपा की सांसद हैं और केंद्र में कैबिनेट मंत्री भी। घूरन राम ने भी अब भाजपा का दामन थाम लिया है। वहीं गिरिनाथ सिंह भाजपा से राजद और अब कांग्रेस की छोर पकड़े हुए हैं। संभव है कि वह कांग्रेस को भी टाटा-टाटा बाय-बाय कह दें क्योंकि उनकी मंशा गढ़वा से चुनाव लड़ने की है और चूंकि मिथलेश ठाकुर वहां से झामुमो के विधायक और मंत्री हैं और उनका कद भी बड़ा है, ऐसे में वहां से गिरिनाथ सिंह को टिकट मिलना नामुमकिन है।

**झारखंड विधानसभा चुनाव में राजद का प्रदर्शन**

| वर्ष | मत प्रतिशत | प्रत्याशी उतार | जीते |
|---|---|---|---|
| 2004 | 8.48% | 51 | 7 |
| 2009 | 5.03 | 56 | 5 |
| 2014 | 3.13 | 19 | 0 |
| 2019 | 2.75% | 07 | 1 |


### झारखंड में इस तरह पुनर्जीवित हो सकता है राजद

राजद को अब झारखंड में उसी तरह देखा जाता है, जैसे बिहार, यूपी और बंगाल में कांग्रेस को देखा जाता है, यानी गठबंधन के एक छोटे से घटक के रूप में। राजद नेतृत्व के सामने झारखंड में पुनर्जीवित करना एक बड़ी चुनौती है। झारखंड में यह इतनी कमजोर स्थिति में है कि पिछले दो विधानसभा चुनावों में यह यादव बहुल सीटों पर भी चुनाव हार गयी। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व मानता है कि पार्टी की झारखंड इकाई अपने मौजूदा स्वरूप में एक तरह से खत्म हो चुकी ताकत है। इसका पारंपरिक मुस्लिम मतदाता जेएमएम और कांग्रेस की ओर खिसक गया है और यादव, जो कभी इसके लिए वोट करते थे, का एक बड़ा हिस्सा भाजपा के पास चला गया है। पिछड़े मतदाता भी इधर-उधर बिखर गये हैं। यदि झारखंड में पार्टी को दोबारा पुरानी स्थिति में लौटना है, तो इसके लिए ठोस प्रयास करने होंगे। उसे सबसे पहले अपने मूल मतदाताओं का विश्वास वापस जीतने की कोशिश करनी होगी। बिहार में सबसे बड़ा जातीय समूह यादव, जो लगभग 14 प्रतिशत मतदाता है, झारखंड में भी अच्छी संख्या में है। यह जातीय समूह झारखंड की कम से कम 20 विधानसभा सीटों पर निर्णायक संख्या में है। झारखंड में राजद की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि पार्टी के पास कोई विश्वसनीय आदिवासी नेता नहीं है। यादव चेहरे में भी कइयों ने उससे किनारा कर लिया है। इसलिए पार्टी को एक आदिवासी चेहरे को भी सामने लाना होगा।

---

# पुलिस ने एक और करोड़पति साइबर अपराधी को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** साइबर पुलिस ने दूसरी बार एक और करोड़पति साइबर ठग को दबोचा है। इसकी पुष्टि सोमवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने करते हुए बताया कि मुफस्सिल थाना इलाके के गपेय गांव से सोनू वर्मा को दबोचा गया। वह करोड़ों की संपति का मालिक है। एसपी के अनुसार सोनू वर्मा के शातिर अपराधी होने का खुलासा पूर्व में गिरफ्तार महेंद्र मंडल कर चुका था। जानकारी के अनुसार महेंद्र मंडल ने ही सोनू वर्मा के बारे में पूरा डीटेल बताया था। इसके बाद साइबर डीएसपी आबिद खान ने गुप्त सूचना के आधार पर गपेय गांव में सोनू वर्मा को दबोचा। सोनू वर्मा के खिलाफ कई थानों में केस दर्ज है। मुंबई के वर्ली साइबर सेल के एक मामले में भी वह पहले जेल जा चुका है। पुलिस की पूछताछ में सोनू ने अपने पास करोड़ों की संपत्ति होने का खुलासा किया, जिसमें हजारीबाग में 50 लाख मूल्य का एक फ्लैट, जिले के बेंगाबाद के साठीबाद और महुआर गांव में दो करोड़ की एक-एक एकड़ जमीन है, जिसे सोनू वर्मा ने अपने परिजनों के नाम पर खरीदा। उसके पास टाटा कंपनी का 50 लाख का ट्रक भी है। इसके अलावा दो लाख की एक बाइक, एक दो लाख की इलेक्ट्रिक स्कूटी भी उसने खरीदी है। पूछताछ के क्रम में सोनू वर्मा ने बताया कि लड़की का फोटो इस्तेमाल कर युवाओ को फंसाता था, और न्यूड वीडीओ काल कर उनसे ठगी करता था। कैशबैक के नाम पर भी ठगी करता था।

# खेल पदाधिकारियों के लिए परीक्षा का रास्ता साफ, नियमावली मंजूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड क्रीड़ा संवर्ग नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संशोधन नियमावली 2024 के गठन की मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके अंतर्गत अब जिला क्रीड़ा संवर्ग के पदों में नियुक्ति के लिए तीन के बजाय दो पत्र ही होंगे। इसके अलावा सेवा संपुष्टि के लिए हिंदी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा, संगणक संचालन प्रशिक्षण परीक्षा एवं जनजातीय भाषाओं में से किसी एक भाषा में उत्तीर्णता तथा राजस्व पर्षद द्वारा आयोजित लेखा परीक्षा के दो पत्रों पुस्तक रहित एवं पुस्तक सहित में अंतिम सत्र से उत्तीर्णता अनिवार्य होगी। लेखा परीक्षा का पाठ्यक्रम पूर्णांक, उत्तीर्णांक एवं समयावधि झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के राजपत्रित पदाधिकारी के लिए निर्धारित पूर्णांक, उत्तीर्णांक एवं समयावधि के अनुरूप होगा। इसके अलावा कार्मिक विभाग से परामर्श के बाद पर्यटन युवा खेलकूद विभाग ने मिशन कर्मयोगी के साथ हुए एमओयू के तहत आइगोट के माध्सम से माइक्रोसॉफ्ट के एमएस ऑफिस में सर्टिफिकेशन प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। पहले की नियमावली में पाठ्यक्रम, पूर्णांक, उत्तीर्णांक एवं समयावधि से संबंधित प्रावधान नहीं था, जिस वजह से जिला क्रीड़ा पदाधिकारियों का लेखा परीक्षा आयोजित करना संभव नहीं हो पा रहा था, अब नियमावली में संशोधन से यह परीक्षा हो पायेगी।

# जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार, सिया से मंजूरी मिलने के बाद ही खदानों की नीलामी संभव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिला प्रशासन की ओर से लघु खदानों की नीलामी जल्द की जायेगी। रांची जिला में इसके लिए प्रक्रिया तेज कर दी गयी है। इसके लिए रांची में जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार कर ली गयी है। साथ ही जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को एनआइसी में अपलोड कर आम लोगों से आपत्ति या सुझाव मांगे गये हैं। आमजनों से आपत्ति या सुझाव मिलने के बाद डीएसआर को स्टेट इनवायरमेंट इंपैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (सिया) की मंजूरी के लिए भेजा जायेगा। यहां से मंजूरी मिलने के बाद ही खदानों की नीलामी की जायेगी। खनन विभाग की मानें तो लघु खदानों के लिए जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) बनाने के बाद ही उसकी नीलामी की जा सकती है। केंद्र सरकार की नयी नियमावली के बाद लघु खदानों की नीलामी प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। इसके लिए रिपोर्ट के आधार पर सिया से मंजूरी मिलनी जरूरी है। जानकारी हो कि केंद्र सरकार की ओर से एमएमडीआर एक्ट में बदलाव के बाद राज्य की सैकड़ों लघु खदानों के लीज धारकों की लीज पिछले कुछ महीनों के दौरान खत्म कर दी गयी थी। इसमें सबसे अधिक पत्थर खदान शामिल हैं, जिनका लीज पिछले कुछ समय में खत्म किया गया। ऐसे में अब इन खदानों की नीलामी जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट बनने के बाद ही संभव है।

बता दें कि इन खदानों की लीज 2020 में समाप्त की गयी थी। लेकिन लीजधारकों के आग्रह पर दो साल का लीज एक्सटेंशन दिया गया। उसके बाद साल 2022 में सभी लीजधारकों की लीज समाप्त कर दी गयी। इसमें रांची जिला में लगभग 260 पत्थर खदानों की लीज खत्म कर दी गयी, जबकि राज्य भर में 4445 पत्थर खदानों से 3403 की लीज समाप्त कर दी गयी है। फिलहाल राज्य में 765 खदान चालू हैं, जहां से पत्थर खनन हो रहा है। जानकारी हो कि केंद्र सरकार की नियमावली में बदलाव के बाद माइनर और मेजर दोनों ही मिनरल्स की लीज को समाप्त किया गया है। हालांकि मेजर मिनरल में कोयला, लौह अयस्क जैसी खदानों की नीलामी में अभी अधिक वक्त लगेगा।

# रांची के ग्रामीण इलाकों में अगस्त से महंगी होगी जमीन-मकान की रजिस्ट्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी के ग्रामीण क्षेत्रों में 1 अगस्त से जमीन और मकान की रजिस्ट्री महंगी हो जायेगी, इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जिले के ग्रामीण इलाकों में निबंधन शुल्क में अधिकतम 10 फीसदी की बढ़ोत्तरी हो सकती है। इस वृद्धि का असर रांची नगर निगम के कुछ इलाकों के अलावा बुंडू नगर पंचायत और आरआरडीए क्षेत्राधिकार और सेंसस टाउन के इलाकों की भूमि के निबंधन पर भी पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक, रांची में सबसे ज्यादा कीमत ओरमांझी और नामकुम क्षेत्र में हो सकती है। यहां जमीन की सरकारी कीमत 9 लाख रुपये प्रति डिसमिल की दर को पार कर सकती है। बता दें कि भू-राजस्व एवं निबंधन विभाग के निर्देश पर हर वर्ष निबंधन शुल्क में वृद्धि का पुनरीक्षण होता है। शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में हर दो वर्ष में जमीन और मकान के रेट में वृद्धि की जाती है। वर्ष 2022 में अंतिम बार ग्रामीण इलाकों की रैयती भूमि और मकान की कीमतों में 10% की वृद्धि की गयी थी, जो 1 अगस्त 2024 तक लागू रहेगी। सरकार के नियम के मुताबिक, हर दो वर्ष पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जमीन की सरकारी दर बढ़ायी जाती है।

## खेत के कीचड़ में फंसा हाथी का बच्चा

# मां ने घंटों की मशक्कत के बाद बचाया अपने बच्चे को

आजाद सिपाही संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** मां इंसान की हो या जानवर की ,उसका दिल हमेशा अपने बच्चे के लिए धड़कता है। ऐसा ही एक दिल को छू लेने वाली तस्वीर झारखंड के पूर्वी सिंहभूम से आयी है। दरअसल, चाकुलिया वन क्षेत्र अंतर्गत जमुआ पंचायत के इंदबनी में सोमवार की सुबह जंगली हाथी का एक बच्चा कीचड़ में फंस गया। कीचड़ में फंसे बच्चे को निकालने के लिए मादा हाथी एवं एक अन्य नर हाथी घंटों प्रयास करते रहे।

### झुंड ने घंटों किया प्रयास, लेकिन मां ने नहीं मानी हार

हाथियों के झुंड ने कई बार बच्चे को सूंड का सहारा देकर खड़ा करने का प्रयास किया और हर बार वह कीचड़ में आगे बढ़ पाने के बजाय गिर जा रहा था। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद जंगली हाथियों ने अपने बच्चों को कीचड़ से बाहर निकाला और खींचते हुए जंगल की ओर ले गये। इस दौरान हाथी का बच्चा फिर से वन विभाग द्वारा खोदे गये ट्रेंच में गिर गया। वहां भी दो से तीन घंटे तक हाथी का बच्चा फंसा रहा। कीचड़ में हाथी के बच्चे के फंसने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। मौके पर वन विभाग की टीम क्विक रिस्पांस टीम के साथ पहुंच गयी। परंतु जंगली हाथियों की उग्रता को देखकर वे मदद के लिए पास नहीं जा सके। काफी संख्या में लोगों की भीड़ भी हाथियों को देखने के लिए जुट गयी थी।


आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.7 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.08 बजे |



## मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष के कक्ष में सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भेंट कर उनका अभिवादन किया। झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री से मुख्य सचिव एल खियांग्ते, प्रधान सचिव वंदना दादेल एवं झारखंड विधानसभा के सचिव सैयद जावेद हैदर ने भेंट कर उनका अभिवादन एवं स्वागत किया।



राज्यपाल को गुलदस्ता भेंट करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।



राज्यपाल को गुलदस्ता भेंट करते पूर्व सीएम चंपाई सोरेन।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कर्मक्षेत्र में जो रूकावट बनी हुई है, वह शीघ्र ही दूर हो जाएगी, बकाये रकम की प्राप्ति होगी।

**वृष** धन लाभ व कार्यों में आशानुकूल सफलता मिलेगी,प्रियजनों का सहयोग, किसी समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** आपको किसी काम में अनुपम कीर्ति मिलेगी,चारों ओर आपकी वाहवाही होगी।

**कर्क** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, महत्वपूर्ण कार्य सफल, सुखद दाम्पत्य जीवन।

**सिंह** किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से अधूरा काम पूरा होगा, गुप्त शत्रुओं पर विजय।

**कन्या** प्रेम प्रसंगों में सफलता मिलेगी, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, नियमित आमदनी की वृद्धि होगी।

**तुला** आर्थिक पक्ष कुछ हद तक बेहतर बनेगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, परिवार में मांगलिक कार्य का सम्पादन होगा।

**वृश्चिक** रोजी-रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे, आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, कठिनोईयों पर विजय मिलेगा।

**धनु** परिश्रम का पूरा-पूरा लाभ मिलेगा,नया आर्थिक-व्यवसायिक योजनाओं में सफलता।

**मकर** शुभ समाचार मिलेंगे,संपति संबंधी विवाद हल होंगे, पारिवारिक उलझनें दूर होंगी।

**कुंभ** घर में कोई मंगल कार्य हो सकता है, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**मीन** कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियाँ बढ़ेगी, आमदनी के नये स्रोत तैयार होंगे, चल-अचल सम्पत्ति के लाभ के साथ ही आपकी श्रीवृद्धि होगी।

# हेमंत सोरेन के कैबिनेट में 11 मंत्रियों ने ली शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

*रांची। मुख्यमंत्री बनने के बाद हेमंत सोरेन ने विधानसभा में बहुमत सिद्ध करने के बाद कैबिनेट का विस्तार भी किया। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, हफीजुल हसन समेत 11 विधायकों ने मंत्री शपथ ली। कैबिनेट में तीन नये चेहरों को भी जगह मिली है। इसमें कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम को भी कैबिनेट में स्थान दिया गया।*

### पहली बार विधायक और मंत्री भी बनीं दीपिका



दीपिका पांडेय सिंह गोड्डा के महागमा से विधायक हैं। दीपिका 2019 में पहली बार विधायक बनी थीं। दीपिका पांडेय का ताल्लुक राजनीतिक परिवार से है। वह पूर्व मंत्री अवध विहारी सिंह की बहू हैं। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में दीपिका को गोड्डा लोस से टिकट दिया था, लेकिन विरोध होने के बाद पौड़याहाट विधायक प्रदीप यादव को एक बार फिर से मौका दिया गया।

### बैद्यनाथ राम भी बने मंत्री



लातेहार से झामुमो के विधायक बैद्यनाथ राम 2019 में मंत्री नहीं बनने के कारण नाराज चल रहे थे, लेकिन इस बार इन्हें मौका दिया गया है।

### चंपाई भी सरकार का हिस्सा



मुख्यमंत्री रहे चंपाई सोरेन अब फिर से सरकार का हिस्सा बन गये हैं। चंपाई सोरेन पश्चिमी सिंहभूम के सरायकेला विधानसभा से विधायक हैं।

### बन्ना गुप्ता को फिर मिली जगह



स्वास्थ्य पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को कैबिनेट में जगह दी गयी है। कांग्रेस नेता बन्ना गुप्ता जमशेदपुर पश्चिमी से विधयक हैं।

### हफीजुल ने भी ली शपथ



झामुमो से मधुपुर विधायक हफीजुल हसन ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हसन पिछली सरकार में भी मंत्री रहे हैं।

### अल्पसंख्यक कोटे से मंत्री बने इरफान



इरफान अंसारी जामताड़ा से कांग्रेस के विधायक हैं। इरफान अंसारी कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के बेटे हैं। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के जेल में होने से इन्हें अल्पसंख्यक कोटे से मंत्री बनाया गया है।

### बेबी देवी को भी किया गया शामिल



पूर्व शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को फिर से कैबिनेट में शामिल किया गया है। वह डुमरी विधानसभा से विधायक हैं।

### रामेश्वर उरांव भी मंत्रिमंडल में शामिल



पिछली सरकार में वित्त मंत्री रहे रामेश्वर उरांव को भी इस मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। रामेश्वर उरांव लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक हैं।

### राजद कोटे से सत्यानंद को मंत्री की जिम्मेवारी



राजद कोटे से सत्यानंद भोक्ता को मंत्री बनाया गया है। सत्यानंद भोक्ता चतरा विधानसभा सीट से विधायक हैं। पिछली दोनों सरकार में सत्यानंद कृषि मंत्री और श्रम मंत्री रहे।

### मिथलेश ठाकुर को भी मिली जगह



झामुमो नेता मिथिलेश ठाकुर को फिर से कैबिनेट में जगह दिया गया है। मिथिलेश ठाकुर गढ़वा से विधायक हैं और पिछली सरकार में मंत्री रहे हैं।

### दीपक बिरुआ भी मंत्रिमंडल में



पश्चिमी सिंहभूम के चाइबासा से विधायक दीपक बिरुआ को कैबिनेट में शामिल किया गया है। दीपक पिछली सरकार में भी मंत्री थे। दीपक बिरुआ 2009, 2014 और 2019 में लगातार तीन बार चाइबासा से विधायक चुन कर आये हैं।

## पूर्व सीएम चंपाई ने कहा- झारखंड एक राजनीतिक प्रयोगशाला बन कर रह गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभ के विशेष सत्र में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा, झारखंड में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सत्ता में रहे। लेकिन झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद हालात क्यों खराब रहे। 2019 में पूर्ण बहुमत के साथ हमने सरकार बनायी। लेकिन इस सरकार पर एक के बाद एक संकट आते रहे। कभी कोरोना तो कभी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की गयी। इसी बीच मैं भी पांच महीने के लिए मुख्यमंत्री बना। लोकसभा चुनाव के तीन महीने बीत गये हैं। चुनाव के बाद राजनीतिक स्थिति बदली। फिर हेमंत सोरेन आ रहे हैं। हम सब मिल कर फिर से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस राज्य के बनने के बाद ऐसी-ऐसी राजनीतिक स्थिति उत्पन्न हुई कि राज्य एक राजनीतिक प्रयोगशाला बन कर रह गया। इससे भी हमें आगे निकलना होगा। तभी इस राज्य की दिशा और दशा बदलेगी।



## 20-20 खेलूंगा और भाजपा को राज्य से भगाना है : डॉ इरफान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंत्रिपद की शपथ लेने के बाद राजभवन से बहार निकलने पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा की करारी हार हुई है। हम फाइनल के लिए तैयार हैं। हमारी पार्टी अब टेस्ट, वनडे नहीं 20-20 खेलेगी। समय कम है इसलिए मैं 20-20 खेलूंगा और भाजपा को राज्य से भगाउंगा। मुझ पर विश्वास जताने के लिए मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, वेणुगोपाल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का धन्यवाद देता हूं। इरफान अंसारी ने कहा कि हमारी पार्टी सेमीफाइनल नहीं फाइनल के लिए तैयार है। मैच फिनिशर आ गया है। अब ताबातोड़ बल्लेबाजी होगी। मैं झारखंड से भाजपा को खदेड़ने का काम करूंगा। जो बड़बोला है इनलोगों खत्म करुंगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही इरफान अंसारी ने शपथ लिया भाजपा के लोग भाग गये हैं और घर में घुस गये हैं।



## एक-एक पल को लोगों के हित में लगाया जायेगा : दीपिका पांडेय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने मंत्रिपद की शपथ के बाद कहा कि बहुत बड़ी जिम्मेदारी मुझे मिली है। समय बहुत कम है और बहुत काम करना है। मैं भरोसा दिलाती हूं कि आने वाला एक-एक पल को झारखंड के लोगों के हित में लगाया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, वेणुगोपाल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का धन्यवाद किया। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आपलोग सबको भी धन्यवाद क्योंकि आप भी आवाज उठाते रहे। मैं इसे बहुत बड़ी जिम्मेदारी समझती हूं। कैबिनेट में शामिल किया गया उसके लिए मैं हेमंत को शुक्रिया कहना चाहती हूं। बहुत कम समय है और प्रयास करुंगी कि एक-एक पल को झारखंड के लोगों के हित में लगाया जाये।



### शपथ ग्रहण के बाद फुल कैबिनेट की हुई बैठक

## झारखंड में बनेगा विस्थापन आयोग: हेमंत सोरेन

कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार जल्द ही विस्थापन आयोग का गठन करेगी। सोमवार को कैबिनेट की बैठक में इसका प्रस्ताव रखा गया। इसके तहत एक डाटा बेस तैयार किया जायेगा, ताकि खनन क्षेत्रों का एक दस्तावेज तैयार किया जा सके। मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के बाद सोमवार की शाम प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद मीडिया को यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें इस बात का पूरा ब्योरा होगा कि झारखंड के लोगों को खनन गतिविधियों की वजह से क्या खोना पड़ता है। क्या उन्हें मिलता है। इसका असर क्या होता है। जल्द ही इसका एक मसौदा तैयार किया जायेगा। खनन की वजह से लोगों को होने वाली परेशानियों को कैसे दूर किया जाये। उसके लिए सरकार नीति बनायेगी।

एक सप्ताह से जारी धरना दे रहे सहायक पुलिसकर्मियों के मुद्दे पर जब मुख्यमंत्री से पूछा गया कि उनको क्या संदेश देना चाहेंगे, तो हेमंत सोरेन ने कहा कि अब कोई भी हो, धरना-प्रदर्शन छोड़े. सरकार आपसे बात करने के लिए तैयार है। आपकी समस्याओं का समाधान करने के लिए भी तैयार है। यह तभी होगा, जब लोग मिल-बैठकर बात करेंगे। चर्चा करेंगे। इसके लिए धरना-प्रदर्शन करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी सराकर के पास नाक, कान, आंख भी है। यह सरकार सुनती भी है, समझती भी है। समस्याओं का समाधान भी करती है।

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने अब तक जितनी भी योजनाएं जनहित में शुरू की, उन सबकी समीक्षा करें। नयी नीतियां बनाने से पहले पुरानी घोषणाओं पर विचार करें। समस्याओं के बारे में शिकायतें हमारे पास आती रहतीं हैं। सभी विभाग के मंत्री उन समस्याओं की पूरी जानकारी लें, जो समस्या है, उसका समाधान ढूंढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कई बार चलाया। हमने कई बार कहा कि हमारी सरकार प्रोजेक्ट भवन से नहीं, गांवों से चलेगी। इसके लिए कार्ययोजना तैयार है। आने वाले दिनों में काम करने के तरीके कैसे बदलेंगे, इसके बारे में हम आपको समय-समय पर बताते रहेंगे।



## भाजपा की साजिश पर जनता और बहुमत भारी है: बन्ना गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तीसरी बार मंत्री बने बन्ना गुप्ता भाजपा पर जमकर बरसे। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने साजिश के तहत कई बार अलग-अलग तरीकों से इस सरकार को गिराने की योजना बनायी थी। राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए मुख्यमंत्री को जेल भेजने से लेकर बहुत सारे हथकंडे अपनाये गये, लेकिन उन सब पर जनता और बहुमत भारी है। समय कम है और काम बहुत करना है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह जनता के लिए और जनता के द्वारा चुनी हुई सरकार है। जनता की आशा-आकांक्षा पूरी करने के लिए यह सरकार वचनबद्ध है। जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी ने साजिश के तहत कई बार इस सरकार को गिराने की योजना बनायी थी और राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए मुख्यमंत्री को जेल भेजने से लेकर बहुत सारे हथकंडे अपनाये गये। उन सब पर जनता और बहुमत भारी है। समय कम है और काम बहुत करना है। इसलिए सागर को गागर में भरेंगे और ज्यादा से ज्यादा काम करेंगे। झारखंड की जनता के आशा और उम्मीद को पूरा करेंगे।



## परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं, अपराध बढ़े, विधि-व्यवस्था ध्वस्त : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को फिर नवगठित हेमंत सरकार पर निशाना साधा और कहा कि राज्य में प्रतियोगी परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयीं। अपराध बढ़े और विधि व्यवस्था की हालत खराब है। मरांडी सदन में विश्वास मत के लिए आहूत विशेष सत्र के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि यह सरकार अपने पहले दिन से झूठ और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है। यह सरकार केवल पैसे और परिवार के लिए बनी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों से राज्य को केवल लूटा है। खान खनिज, पत्थर, बालू, जमीन, गरीबों के अनाज और युवाओं की नौकरियों को लूटा है। कहा कि आदिवासी, दलित, पिछड़ा, महिला युवा सभी वर्गों में निराशा है। विधि व्यवस्था ध्वस्त है। राजधानी के भीड़भाड़ के बीच हत्या हो जा रही। अपराधी बेखौफ हैं। महिलाएं, बहन, बेटियां असुरक्षित हैं। सामूहिक बलात्कार की घटाएं आम हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने पहले बजट सत्र में लाखों युवाओं को नौकरी देने और नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात सदन पटल पर कही थी। लेकिन आज युवा हताश और निराश हैं। कहा कि जेपीएससी, जेएसएससी की परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयीं। ब्लैक लिस्टेड एजेंसी के माध्यम से परीक्षाओं का संचालन करा कर राज्य सरकार ने नौकरियों को लाखों लाख में बेचवा दिया। आज युवा अभ्यर्थी धरने पर बैठने को मजबूर हैं। उनके पास भ्रष्टाचार के स्पष्ट प्रमाण हैं, फिर सरकार जिद पर अड़ी है। कहा कि इस सरकार ने पारा शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, निविदा कर्मियों, सहायक पुलिस कर्मियों को नियमित करने का आश्वासन देकर समर्थन प्राप्त किया था। लेकिन ये सब आज झूठा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि आज सर्वजन पेंशन की बात करने वाली सरकार पिछले चार वर्षों से वृद्धों को भी पेंशन नहीं दे रही। ग्रीन कार्ड के नाम पर अनाज देने के नाम पर एक दो महीने नाटक किया गया।







## पासवा के पर्यावरण सुरक्षा अभियान की मंत्री ने की शुरुआत

# 13 जुलाई तक पासवा पर्यावरण जागरूकता सप्ताह मनायेगा





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने पौधरोपण कर पासवा की ओर से आयोजित पर्यावरण सुरक्षा अभियान का आगाज किया। 13 जुलाई तक पासवा पर्यावरण जागरूकता सप्ताह मनायेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे समेत अन्य ने भी पौधा लगाकर जागरूकता का संदेश दिया। कहा गया कि सरकार निजी विद्यालयों के सभी बच्चों के लिए एक-एक पौधा उपलब्ध करवाये, ताकि निजी विद्यालयों के बच्चे अपने-अपने घरों में लगा सकें। आलोक कुमार दुबे ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आने वाले दिनों में गर्मी की भयावहता को देखते हुए पासवा ने अपनी सामाजिक जिम्मेवारी निभाते हुए पर्यावरण जागरूकता सप्ताह की शुरुआत की। अगर ग्लोबल वार्मिंग की यही स्थिति रही, तो आने वाले दिनों में पारा और बढ़ेगा। इसमें व्यक्ति का जीवित रहना संभव नहीं हो पायेगा। अभी भी समय है, यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक परिवार कम से कम अपने घर के इर्द-गिर्द तीन या चार पौधा लगाये, तो ग्लोबल वार्मिंग को रोक पायेंगे। महासचिव नीरज कुमार ने बताया कि सामाजिक जिम्मेदारी के तहत निजी विद्यालयों ने परिसर में पौधरोपण किया।

मौके पर महासचिव फलक फातिमा, उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, महासचिव नीरज कुमार, प्रवीण प्रकाश सिंह, बच्चन कुमार पांडेय, मिंकु कुमार, मुन्ना कुमार, डॉ सुषमा केरकेट्टा, मजीद आलम, रंजीता पांडेय, अभय कुमार, मनोज झा, एसएन पाठक, अमीन अंसारी ने अभियान की शुरुआत की।

# मंत्री हफीजुल हसन के शपथ ग्रहण का तरीका असंवैधानिक : भाजपा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सोरेन के कैबिनेट में शामिल मंत्री हफीजुल हसन के शपथ ग्रहण के तरीके पर भाजपा ने सवाल उठाया है। इसे लेकर सोमवार को शपथ ग्रहण के बाद भाजपा राज्यपाल के पास पहुंची और हफीजुल को फिर से शपथ दिलाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। बाउरी और बिरंची ने कहा कि जिस तरह हफीजुल हसन ने शपथ ग्रहण से पहले धार्मिक पंक्ति से शुरूआत की वह गैर संवैधानिक थी। इसलिए उन्हें फिर से शपथ दिलाया जाये और जब तक उन्हें शपथ नहीं दिलायी जाती तब तक उन्हें मंत्री पद से मुक्त माना जाये। राज्यपाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के ज्ञापन पर न्याय संगत कार्रवाई की जायेगी।

# पूर्व सीएम चंपाई के खिलाफ अविश्वास था, इसलिए विश्वास मत लाया गया: सुदेश महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने सदन में कहा कि अविश्वास की बात ही कहां थी, जो विश्वास प्रस्ताव सदन में लाया गया है। विपक्ष ने तो ऐसी कोई मांग नहीं की थी। मुझे लगता है कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के खिलाफ अविश्वास था, इसलिए विश्वास मत लाया गया है। मेरा ऐसा मानना है कि अब सदन के विश्वास की कोई जरूरत नहीं है, जनता के विश्वास की जरूरत है। इसलिए जनता के पास जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के कार्यकाल, जो मात्र पांच महीने का रहा, उसमें झारखंड और झारखंडियत का कुछ अनुभव जरूर हुआ। क्योंकि लोग इनसे मिल सकते थे। राजतंत्र का बोध नहीं होता था।

## आलमगीर आलम हेमंत के फ्लोर टेस्ट में नहीं हुए शामिल कोर्ट से याचिका वापस ली

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री और कांग्रेस के विधायक आलमगीर आलम हेमंत सोरेन के फ्लोर टेस्ट में शामिल नहीं हो पाये। उन्होंने विधानसभा के विशेष सत्र में शामिल होने की मांग वाली याचिका सोमवार को वापस ले ली। सोमवार को रांची प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में हुई आंशिक सुनवाई के बाद उन्होंने अपनी याचिका वापस ले ली। बता दें कि टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में इडी ने आलमगीर आलम को 15 मई को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं। इडी उनके खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है, जिस पर कोर्ट जल्द संज्ञान ले सकता है।

## प्रदीप ने सदन में सरयू-बाबूलाल की पुस्तक दिखा कर कहा

# भाजपा को भ्रष्टाचार पर बोलने का हक नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने सदन में विश्वासमत पर बोलते हुए कहा कि भाजपा के हाथ खून से रंगे हुए हैं। भाजपा के लोगों को भ्रष्टाचार पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। प्रदीप ने सदन में पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक सरयू राय और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लिखी दो किताबें लहरायीं। कहा कि सरयू राय ने मंत्रिमंडल में रहते हुए भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार पर लिखा है। बाबूलाल मरांडी ने भी भ्रष्टाचार पर किताब प्रकाशित कर भाजपा सरकार से जवाब मांगा था। इसलिए भाजपा के नेताओं को भ्रष्टाचार पर बोलने का कोई अधिकार ही नहीं है। ये लोग क्या बोलेंगे। इनके हाथ खून से रंगे हुए हैं। अब भाजपा की नहीं चलेगी। जनता सब जान चुकी है।

# विधानसभा की सुरक्षा का घेरा तोड़ सहायक पुलिसकर्मी पहुंच गये विधानसभा के करीब

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** विधानसभा की सुरक्षा का घेरा एक बार फिर से टूट गया। करीब 1200 सुरक्षाकर्मी विधानसभा की सुरक्षा में लगाये गये थे। सोमवार को हेमंत सरकार का फ्लोर टेस्ट था। इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे, लेकिन मोरहाबादी मैदान में धरना पर बैठे सहायक पुलिसकर्मी करीब 200 की संख्या में विधानसभा कैंपस पहुंच गये। इससे एक बार फिर से विधानसभा के सुरक्षा घेरे पर सवाल उठ रहा है। कहा जा रहा है कि आखिर कैसे सहायक पुलिसकर्मी विधानसभा सुरक्षा घेरा तोड़ कर उसके करीब पहुंच गये। सहायक पुलिसकर्मियों के विधानसभा के करीब पहुंचते ही जिला के सभी आला अधिकारी धरनास्थल पर पहुंचे। ऐसा पहली बार हुआ है कि विधानसभा सत्र के दौरान धरना पर विधानसभा के इतने करीब कोई भी धरना करनेवाले पहुंच पाये हों।

# डीपी ज्वेलर्स लूटकांड: घटना में शामिल अपराधी गिरफ्तार

## पुंदाग से लूटे हुए जेवरात बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में बीते 28 जून को लूट की घटना हुई थी। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि इस लूटकांड में शामिल एक अपराधी अभी भी फरार चल रहा है। वहीं पुलिस ने घटना के बाद अपराधियों को सहयोग करने के आरोप में दो-तीन लोगों को भी हिरासत में लिया है। साथ ही पुंदाग स्थित एक निर्माणाधीन अपार्टमेंट से लूटे हुए जेवरातों में से एक बैग जेवरात बरामद किये हैं। जानकारी के अनुसार, पुलिस की टीम रविवार की सुबह उस अपार्टमेंट में पहुंची थी। जांच करने पर फ्लैट के एक कमरे में जेवरातों से भरे बैग को अन्य सामान के साथ छिपा कर रखा गया था, ताकि किसी को शक ना हो। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

जेवरात और कैश लूट कर फरार हो गये थे अपराधी

28 जून को दोपहर 3 बज कर 30 मिनट पर अपराधियों ने डीपी ज्वेलर्स में लूटकांड की घटना को अंजाम दिया था। ज्वेलरी शॉप से करीब 1.40 करोड़ रुपये के जेवरात और 2.50 लाख नगद अपराधी लूट कर भाग गये थे। सभी अपराधी हेलमेट पहने थे और उनके पास हथियार भी था। लूट के बाद अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग भी की थी। इसमें से एक गोली डीपी ज्वेलर्स के संचालक के हाथ में लगी थी।

# शराब के होलसेल-रिटेल टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित मामले में स्वत: संज्ञान पर लगायी रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के जिलों में शराब के होलसेल-रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित मामले में हाइकोर्ट द्वारा लिये गये स्वतः संज्ञान पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि फिलहाल हाइकोर्ट में इससे संबंधित केस में आगे की कार्यवाही स्थगित रहेगी। मामले में सुप्रीम कोर्ट में दायर एसएलपी में झारखंड सरकार की ओर से बताया गया है कि यह मामला जनहित के योग्य नहीं है। इसमें कई तथ्यों को तोड़ मोड़कर पेश किया गया है। इसी तरह के शिवशंकर शर्मा के केस को सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया है। राजनीतिज्ञों के खिलाफ हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर करने की प्रथा चल रही है। ऐसे मामलों में जनहित याचिका दायर कर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। कोर्ट ने राज्य सरकार का पक्ष देखते हुए हाइकोर्ट द्वारा मामले में लिये गये संज्ञान पर रोक लगा दी है।

### क्या है मामला

दरअसल, हाइकोर्ट ने झारखंड के जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित मामले में दायर उमेश कुमार की जनहित याचिका में राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका को स्वीकृत करते हुए इस केस से प्रार्थी उमेश कुमार और उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाते हुए इस मामले में स्वत: संज्ञान लिया था। राज्य सरकार की ओर से आइए दाखिल कर कहा गया था कि इस केस के प्रार्थी और उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का क्रेडेंशियल सही नहीं है, इसलिए इन दोनों का नाम इस केस से हटाया जाये।

## क्यों नहीं हो रही प्रोफेशनल लोगों की नियुक्ति: हाइकोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** विद्युत विभाग में इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत उच्च पदों पर नियुक्ति के लिए दायर जनहित याचिका पर हाइकोर्ट के सुनवाई हुई। अदालत ने बिजली बोर्ड और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर मौखिक रूप से पूछा कि विज्ञापन जारी कर कुशल लोगों की नियुक्ति क्यों नहीं की जा रही है। अधिकारियों और अन्य अफसरों को पदभार देकर क्यों काम चलाया जा रहा है। इस मामले में 24 जुलाई को सुनवाई होगी। राजेश कुमार




ने जनहित याचिका में मांग की है कि बिजली बोर्ड में उच्च पदों पर प्रोफेशनल लोगों की नियुक्ति इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत की जानी चाहिए। इस मामले में हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता ऋतु कुमार ने पक्ष रखा।

# लोकहित अधिकार पार्टी की जिला कार्यसमिति की घोषणा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के निर्देशानुसार प्रदेश प्रधान महासचिव मो अजहर आलम और प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू की सहमति से रांची जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता ने कार्यसमिति की पहली सूची जारी की। इसमें उपाध्यक्ष मुकुल नायक, कपिल साहू, मीना देवी, महासचिव देव पूजन ठाकुर, विजय राय, किशुन महली, सचिव सुमन देवी महतो, धनंजय साहू, शिबू लोहरा, रीना सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज साहू, प्रवक्ता डॉ धनेश्वर साहू, संगठन सचिव कंचन रानी, नीतू ठाकुर, निरंजन सिंह, सुशीला देवी, नीतीश कुमार महतो, कार्यसमिति सदस्य रीना मुंडा, युगल किशोर नायक, प्रकाश साहू, प्रेम साहू, देवकी ठाकुर, सूरजमनी टोप्पो, लक्ष्मी मुंडा, सुभाष शेखर, सुनीता उरांव, सुनीता कच्छप, सुनीता मुंडा, सोनी दास गोस्वामी, चांदनी सोनवानी, हीरालाल साहू, अजीत साहू, अहमद खान, पंकज जिक बड़ाइक, सपना देवी, बीरबल महतो, नंदलाल साहू, जुल्फान अंसारी, अनिल साहू, अजहर आलम, अब्बुल कलाम, रूपाली मुंडा, दिलीप साहू चुने गये।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में करियर काउंसिलिंग




रांची (आजाद सिपाही)। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मोशन करियर काउंसिलिंग संस्थान कोटा के द्वारा विद्यालय के वर्ग 10वीं, 11वीं, 12वीं के छात्रों-छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक कृष्णा अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को भविष्य निर्माण से संबंधित कई बातें बतायीं। संस्थान के मुख्य वक्ता नीरज कुमार ने छात्रों को विभिन्न विषयों संबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी दी। प्रधानाध्यापक वीरेंद्र यादव ने कार्यक्रम की सफलता के लिए संस्थान के सदस्यों, शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी।

### एनएसयूआइ ने किया एसएस मेमोरियल कॉलेज का घेराव



रांची (आजाद सिपाही)। एनएसयूआइ ने एसएस मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य का घेराव किया। जिला अध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि छात्रहित में पांच मांग को जल्द पूरा किया जाये। सभी शिक्षकों के लिए बायोमैट्रिक हाजिरी होनी चाहिए। कॉलेज स्टाफ का स्थानांतरण किया जाये। कॉलेज परिसर में लाइट, वाइफाइ, बेंच-टेबल की पूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए। लाइब्रेरी में नयी शिक्षा नीति के अनुसार पुस्तकों की व्यवस्था हो। कॉलेज प्राचार्य ने कहा कि मांग जायज है। प्रयास करेंगे कि जल्द से जल्द छात्रहित में इस मामले पर जल्द अमल हो। मौके पर छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष हुसैन अंसारी, जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार, जिला सचिव अंकिता शेखर, सरफराज अहमद, सोनी राजवंशी, प्रिंस राज, शाहबान अंसारी, कैश अहमद, आदिब आलम आदि छात्र मौजूद थे।

### रोस्पा टॉवर के सेकेंड फ्लोर पर लगी आग



रांची (आजाद सिपाही)। हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के मेन रोड में स्थित रोस्पा टॉवर के सेकेंड फ्लोर पर आग लग गयी। आग लगने की यह घटना सोमवार की दोपहर हुई, जहां एक कंप्यूटर के गोडाउन में आग लग गयी। आग लगने की वजह से वहां मौजूद कर्मियों में अफरा-तफरी मच गयी। उसके बाद इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गयी। मौके पर दमकल वाहन पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह से कुछ लोग गोडाउन के अंदर फंस गये थे। उन्हें दीवार तोड़ कर बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी।

### सेंट्रल बैंक का ऋण वितरण शिविर



रांची (आजाद सिपाही)। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय के तत्वावधान में ऋण वितरण शिविर का आयोजन पाही पैलेस में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंचलिक प्रमुख जयशंकर प्रसाद ने की। इसके पूर्व क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने कहा कि बैंक और ग्राहक का एक-दूसरे के साथ अन्योन्याश्रय संबंध होता है। क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन 47 शाखाएं हर समय ग्राहकों के हित का ध्यान रखते हुए उत्कृष्ट सेवा देने के लिए तत्पर है। इसी क्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिमाह ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया जाता है। ऋण वितरण शिविर में लगभग 125 ग्राहकों के बीच 50 करोड़ का ऋण वितरण किया गया। तत्काल ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अमित कुमार, प्रशांत देशपांडे, आलोक कुमार, पीयूष मोदी, धर्मेंद्र, सविता, समीर, प्रशांत, रवि, नीतू, सत्यजीत, संतोष, विपिन, मनीष, सोनल की प्रमुख भूमिका रही।

### मॉबलिंचिग रोकने में सरकार विफल: एस अली



रांची (आजाद सिपाही)। कांके निवासी अख्तर अंसारी जिसकी 7 जुलाई को टाटीसिल्वे हत्या कर दी गयी। आमया संगठन के पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिले और सांत्वना-सहयोग का भरोसा दिया। मृतक के भतीजे मो इरशाद ने बताया कि चाचा अख्तर अंसारी बंगला ईंटा का काम करते थे। 7 जुलाई को अनजान नंबर से फोन आया। उधर से अख्तर अंसारी ने रोते हुए बताया कि नामकुम-टाटीसिल्वे क्षेत्र में भीड़ द्वारा पकड़कर मारपीट की जा रही है। भीड़ से किसी ने फोन छीनकर कहा कि तुम्हारे चाचा को जान से मार दे रहे हैं और फोन काट दिया गया। इसके बाद नामकुम थाना को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद फोन आता है कि एक व्यक्ति का शव मिला है। मॉबलिंचिग कर हत्या करने के संदर्भ में दोषियों की गिरफ्तारी के लिए एफआइआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया, लेकिन केस दर्ज तत्काल नहीं किया गया। अध्यक्ष एस अली ने कहा कि पुलिस ने तत्परता दिखायी होती, तो अख्तर अंसारी कि जान बचायी जा सकती थी। सरकार मॉबलिंचिग की इस घटना को संज्ञान ले और दोषियों की गिरफ्तारी के साथ फांसी की सजा, पीड़ित परिवार को मुवाअजा-नौकरी दे। ऐसा नहीं होने पर प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर आमया के सचिव नौशाद आलम, अफताब आलम, अब्दुल बारीक, बकरीद अंसारी, सैयद्दीन अंसारी, मोख्तार अंसारी, असगर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, शमीम अंसारी, मो अकरम, मोइन अंसारी, हजरत अंसारी आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

## राज्य में मानूसन हुआ सुस्त, 13 जुलाई तक बादल के साथ छिटपुट बारिश की संभावना

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में मानसून का प्रवेश 22 मई को ही हुआ। इसके बाद भी राज्य में उम्मीद से काफी कम बारिश दर्ज की जा रही है। अभी भी राज्य के कुछ जिलों में भरपूर बारिश नहीं हुई है। ऐसे में खेती पर असर पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची की मानें तो अब तक पूरे राज्य में सामान्य वर्षापात 255.3 मिमी की जगह 129.3 मिमी वर्षा रिकार्ड की गयी है, जबकि राजधानी रांची में 263 मिमी की जगह 138.5 मिमी वर्षा रिकार्ड की गयी है। यह पिछले वर्ष की तुलना में कम है। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र ने जुलाई के शुरुआती दिनों में अच्छी बारिश की जानकारी दी थी। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य में मानसून सुस्त पड़ गया है। पहले जहां मानसून की रफ्तार राज्य में अच्छी थी और अधिकांश जिलों में बारिश हो रही थी, वहीं, अब बारिश में ठहराव देखा जा रहा है। केंद्र की मानें तो राज्य में 13 जुलाई तक भारी बारिश की कोई संभावना नहीं है। इस दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। वहीं, दिन में एक दो बार बारिश हो सकती है। वहीं, राजधानी रांची में 13 जुलाई तक आसमान में बादल छाये रहेंगे और हल्की और मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक बारिश खूंटी रनिया में 74.2 एमएम बारिश दर्ज की गयी। मसानजोर और जामताड़ा में 68 एमएम बारिश दर्ज की गयी। वहीं, चतरा, देवघर, धनबाद, गढ़वा, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, रामगढ़, रांची में छिटपुट बारिश देखने को मिली।

## इडी ने हेमंत के बेल को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय जांच एजेंसी इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मिली बेल के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इडी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट में झारखंड हाइकोर्ट के 28 जून के उस आदेश को चुनौती दी गयी है, जिसमें हाइकोर्ट ने हेमंत सोरेन को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है। हालांकि फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में इडी की याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है।

## आदिवासी छात्र संघ ने 24वां स्थापना दिवस मनाया, छात्र हित का लिया संकल्प

रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी छात्र संघ ने केंद्रीय कार्यालय में 24 वें स्थापना दिवस पर सोमवार को रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय एसएन यादव रोड करमटोली में एक विशेष समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव ने संघ की उपलब्धियां और आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आदिवासी छात्र संघ ने हमेशा से ही आदिवासी समुदाय के विद्यार्थियों के अधिकारों और उनके सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया है। हम आने वाले वर्षों में भी इसी तरह मेहनत और समर्पण से काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हाइकोर्ट के आदेश के बावजूद भी आज किसी भी कॉलेज में इंटर का नामांकन नहीं हो रहा है और वीसी सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कह रहे हैं। गुमला और लोहरदगा जिला में जनजातीय भाषा का शिक्षक का बहाली निकाला गया और ये दोनों जिला कुड़ुख बहुल क्षेत्र होने के बावजूद कुड़ुख शून्य कर दिया गया। संघ के सचिव प्रदीप मुंडा ने समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया और सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आदिवासी छात्र संघ के राजू कुमार उराव (रांची जिला अध्यक्ष), महादेव उराव (नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष) अनिल हेम्ब्रम (बोकारो जिला अध्यक्ष),रमेश मुंडा देवदर्शन उरांव, मोनू. मनोहर लकड़ा, तेजू मृधा, सुमित, सनी उरांव, अजय सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## हेमंत सोरेन का विश्वास मत हासिल करना झारखंडी समाज की जीत: विजय



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि हेमंत सोरेन का विश्वास मत हासिल करना झारखंडी समाज की जीत है। खासकर मंत्रिमंडल में बैद्यनाथ राम की भागीदारी देकर दलित समाज के साथ न्याय किया है। भाजपा के षडयंत्र ने हेमंत सोरेन को मजबूती प्रदान किया है और ऐसी उम्मीद है कि वादों को पूरा करने में सफल होंगे। झारखंड में एक नया इतिहास रचने का कार्य करेंगे।

## जमीन दलाल कमलेश को इडी ने भेजा समन, 12 को उपस्थित होने को कहा

रांची (आजाद सिपाही)। जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को इडी ने दोबारा समन भेजा है। इडी ने समन भेजकर 12 जुलाई को उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले बीते 28 जून को इडी ने कमलेश को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था। गौरतलब है कि 21 जून को इडी ने कमलेश के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान उसके ठिकानों से एक करोड़ कैश और 100 कारतूस बरामद हुए थे। जिसके बाद इडी के सहायक निदेशक देवव्रत झा ने पूरे मामले में झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह को पत्र लिखा और कार्रवाई की मांग की थी। रांची के कांके में थाना में कमलेश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। **शेखर कुशवाहा के बयान पर हुई कार्रवाई :** फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन हड़पने वाले सिंडिकेट से जुड़े शेखर कुशवाहा ने बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी कांके इलाके में कई जगहों पर कमलेश कुमार द्वारा जमीन के फर्जी दस्तावेजों के सहारे जमीन हड़पने की जानकारी दी थी। मामला सामने आने के बाद इडी ने समन कर कमलेश कुमार को रांची जोनल आफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन इडी के समन पर उपस्थिति ना होकर कमलेश फरार हो गया था। जिसके बाद शुक्रवार की दोपहर 12 बजे इडी की टीम कांके रोड के चांदनी चौक स्थित एस्ट्रो ग्रीन स्थित फ्लैट पहुंची। लेकिन इडी के पहुंचने से ठीक पहले कमलेश वहां से निकल गया था। स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में इडी ने इस फ्लैट को सर्च किया। इस दौरान इडी को वहां से 100 जिंदा कारतूस और एक करोड़ कैश मिला। इस मौके से एजेंसी ने जमीन से जुड़े दस्तावेज समेत कई महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किये हैं। कांके रोड में छापेमारी के बाद इडी ने देर शाम कमलेश के होम रोड स्थित आवास में भी छापेमारी की थी।

## राजेश गुप्ता ने सीएम और मंत्रीगण को दी बधाई

रांची (आजाद सिपाही)। हेमंत सोरेन सरकार का झारखंड विधानसभा के फ्लोर टेस्ट में पास होने पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व सभी मंत्रीगण को बधाई दिया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि राज्य में ओबीसी समुदाय के लंबित मांगों को सरकार पूरा करे। लंबित मांगों में अधिसूचित 7 जिले में ओबीसी का आरक्षण देने,राज्य में जातीय सर्वेक्षण शुरू करने, जनसंख्या अनुपात में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने, एससी/एसटी की तरह ओबीसी का स्वतंत्र मंत्रालय की गठन की जाए, राज्य के सभी जिले में ओबीसी छात्रावास की निर्माण की जाए।बोर्ड निगम में ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में भागीदारी देने की मांग शामिल है। हेमंत सोरेन सरकार को बधाई देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के अलावे प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एस एस सिंह, कुशवाहा, दिलीप वर्मा, उमेश जायसवाल, सुनील जायसवाल, प्रेमनंदन मंडल, संजय मेहता अजय मेहता सुरेश ठाकुर, राम लखन साहु, उपेंद्र कुमार, शिवप्रसाद साहु, राम अवतार कश्यप, नीरज साहु का नाम शामिल है।

## डैम में डूबने से तीन बच्चों की मौत, दो के शव निकाले गये

चंदवारा (कोडरमा)(आजाद सिपाही)। चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत थाम पंचायत के कुनीलवा डैम में डूब कर तीन बच्चों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि सोमवार को तीनों बच्चे बकरी चराने गये थे। इस दौरान वे डैम में नहाने चले गये। नहाने के क्रम में गहरे पानी में चले गये और बाहर नहीं आ सके। सभी बच्चे थाम के हैं। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर घरवालों ने खोजबीन शुरू की। इधर रात के 9 बजे दो बच्चों के शव निकाल लिये गये हैं। इनमें शाहनवाज और सोहेल अंसारी शामिल है।

# बांग्ला भट्ठा पर रात के अंधेरे में ट्रक पर लादा जा रहा था अवैध कोयला

**सरैया गांव में पुलिस ने ट्रक किया जब्त, 4 तस्करों पर दर्ज हुई प्राथमिकी**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। कोयले के अवैध कारोबारियों पर पुलिस ने एक बार फिर कड़ी कार्रवाई की है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव में बांग्ला ईंट भट्ठा पर रात के अंधेरे में अवैध कोयले को लादा जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस वहां पहुंची और उक्त ट्रक को जब्त किया। हालांकि इस दौरान तस्कर वहां से भागने में सफल रहे। पुलिस अब तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। इस मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा है कि मध्य रात्रि के बाद गस्ती के दौरान उन्हें सूचना मिली की सरैया के प्रदीप महतो के बांग्ला ईंट भट्टे पर एक 10 चक्का ट्रक मौजूद है, जिस पर अवैध कोयले को लोड किया जा रहा है। पुलिस जब वहां पहुंची तो तस्कर पुलिस की लाइट देखकर भाग खड़े हुए। छानबीन के दौरान पता चला कि ट्रक संख्या बीआर 02के 9073 पर लगभग 10 टन अवैध कोयला लोड कर दिया गया था।

**वन क्षेत्र से कोयले का उत्खनन कर ईंट भट्ठे में किया स्टोर :** रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि जांच के दौरान यह पता चला कि सरैया गांव के दामोदर नदी किनारे वन प्राधिकार क्षेत्र के प्लॉट नंबर 553 से कोयले का अवैध उत्खनन किया गया है। वहीं से मजदूरों के माध्यम से कोयला ईंट भट्ठे तक लाया गया और वहीं उसे स्टोर किया गया। उस स्टोर कोयले को तस्करी के लिए ट्रक पर लादा गया था। यह पूरा कारोबार प्रदीप महतो, पवन महतो और नरेश महतो की देखरेख में चलता है।

### चार तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज

रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू ने अवैध कोयले की तस्करी के मामले में चार लोगों को नाम से अभियुक्त बनाया है। इनमें सरैया गांव निवासी प्रदीप महतो, पवन महतो, नरेश महतो और बरकाकाना निवासी और राकेश दुबे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि रामगढ़ थाना कांड संख्या 193/24 धारा 317/(2)/ 317(41) 317(5)/ 3(5) बीएनएस 2023 30(फफ) कॉल माईनस एक्ट एंड 33/42 और भारतीय वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस अवैध तस्करी में ट्रक मालिक और चालक की भी संलिप्तता है।

# परीक्षा के लिए सभी व्यवस्था पूर्ण करें : अंजनी कुमार मिश्र

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। प्रमंडलीय आयुक्त-सह-समन्वय पर्यवेक्षक, अंजनी कुमार मिश्र, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की अध्यक्षता में लोक सेवा आयोग, नयी दिल्ली के दिशा-निर्देश पर डी-ब्रीफिंग मीटिंग हुई। आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित इस बैठक में रिक्रूमेंट टेस्ट फार दी पोस्ट ऑफ पर्सनल असिस्टेंट इन इपीएफओ एंड नर्सिंग आफिसर इन इएसआइसी 2024 परीक्षा की समीक्षा की गयी।

बैठक में परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के दौरान हुई समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ आगामी प्रतियोगिता परीक्षाओं में इस तरह की समस्याएं ना आये, इस हेतु परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अगामी परीक्षाओं को लेकर आयोग के प्रतिनिधि ने कहा कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था निर्धारित समय के पूर्व कर ली जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी परीक्षार्थी को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। परीक्षा संबंधित सभी प्रोटोकॉल का पालन अवश्य हो। साथ ही, यह भी सुनिश्चित हो कि परीक्षा समाप्ति के 30 मिनट पूर्व तक कोई परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जाये।

इस अवसर पर आयुक्त के सचिव जुल्फिकार अली, क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी, गौतम कुमार भगत, पुलिस अधीक्षक नगर, रांची, निदेशक, पोस्टल सर्विस, रांची, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सार्जेंट मेजर, सहित स्थानीय निरीक्षी पदाधिकारी, सहायक समन्वयी पर्यवेक्षक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खेत में काम कर रहे एक व्यक्ति की सर्पदंश से मौत

हंटरगंज /चतरा (आजाद सिपाही)। वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के करमा पंचायत स्थित लिचड़ी गांव निवासी स्व विष्णु यादव के 50 वर्षीय पुत्र बालेश्वर यादव की मौत सोमवार को सांप काटने से हो गयी। मृतक रविवार को देर शाम करीब पांच बजे अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान विषैले सर्प ने उसे डंस लिया। जैसे ही इसकी सूचना परिजनों को मिली,परिजनों ने बिना समय गवाये इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गये। जहां इलाज के दौरान शाम करीब छह बजे उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर सुनकर रात्रि में गांव के किसी के घर में चूल्हा नहीं जला।पूरा गांव शोक में डूब गया। लोगों ने बताया कि मृतक एक सज्जन व्यक्ति था। उसके मौत से पूरा गांव में शोक की लहर है।

### अवैध नर्सिंग होम, क्लिनिक और अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ डीसी का रवैया सख्त

# दो अवैध क्लिनिक एमजीएम और राज नर्सिंग होम को किया सील

**अवैध नर्सिंग होम संचालक पूर्णिमा सिन्हा, फर्जी डॉक्टर चंदन और अन्य के विरुद्ध प्राथमिकि दर्ज**

**डॉ चंदन और एक कर्मी को भेजा गया जेल**

आजाद सिपाही संवाददाता



चतरा। स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के रहमो-करम पर जिले में कुकुरमुत्ते की तरह संचालित अवैध नर्सिंग होम, क्लिनिक और अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ उपायुक्त रमेश घोलप ने सख्त रवैया अपनाया है। जिससे अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम, अवैध क्लिनिक संचालकों झोलाछाप में हड़कंप मचा हैं। जिले के अधिकांश अवैध नर्सिंग होम बंद पड़े हैं। उपायुक्त रमेश घोलप को लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी कि बिना डिग्री के झोला छाप चिकित्सक यूट्यूब का सहारा लेकर अवैध नर्सिंग होम में आपरेशन कर प्रसव जैसे कार्य को अंजाम देकर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उपायुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को राज नर्सिंग होम संचालक और डॉक्टर चंदन को अनुमंडल पदाधिकारी चतरा को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। गिरफ्तारी करते हुए प्राथमिकि दर्ज कर दोनों को जेल भेजा गया। वहीं दूसरे मामले में उपायुक्त रमेश घोलप ने शाम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी और पुलिस बल के साथ लिपदा बाईपास रोड शिव मंदिर के सामने अवैध रूप से संचालित एमजी नर्सिंग होम में छापेमारी किया। छापेमारी के क्रम में उन्होने सभी वार्डों का जायजा लिया। जिसमें दो मरीज पाये गये। इस मौके पर उपस्थित नर्सिंग होम के स्टाफ ने बताया कि वह लगभग एक वर्ष से एमजी नर्सिंग होम में स्टाफ के रूप में कार्य कर रहा है, यहां किसी प्रकार का ऑपरेशन डॉक्टर चंदन कुमार द्वारा किया जाता है।

### किसानों की समस्या को लेकर किसान सहयोग समिति ने सीइओ को सौंपा ज्ञापन

# पुरानी सब्जी मंडी में ही मिले स्थायी जगह: द्वारिका

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में टेकर स्टैंड के समीप सब्जी विक्रेताओं और किसानों को लगातार परेशानी हो रही है। वहां छावनी परिषद के कर्मियों के द्वारा किसानों के साथ बदतमीजी भी की जाती है। इन सारी समस्याओं को लेकर सोमवार को किसान सहयोग समिति के बैनर तले किसान छावनी परिषद कार्यालय पहुंचे। यहां किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा और समस्याओं का निदान करने की अपील की। किसानों ने कहा कि वे लोग कई वर्षों से टेकर स्टैंड के समीप खाली मैदान में पुराने सब्जी मंडी के आसपास अपनी टोकरी लगते हैं और वह व्यापारियों को सब्जी बेचकर घर लौट जाते हैं। यहां आने वाले किसान आसपास के इलाकों के ही हैं। उन किसानों को छावनी परिषद के कर्मचारियों के द्वारा परेशान किया जाता है। उनके लिए एक स्थाई बाजार का होना बेहद जरूरी है।

**किसान सहयोग समिति ने स्थाई मार्केट देने की रखी मांग:** किसान सहयोग समिति के पदाधिकारी दामोदर महतो, द्वारिका महतो, सुदर्शन महतो, अर्चना महतो, चिंतामणि पटेल ने छावनी परिषद के सीइओ के समक्ष स्थाई मार्केट देने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पिछले बोर्ड मीटिंग में भी यह प्रस्ताव पारित किया गया कि किसानों को वेंडिंग जोन में भेजा जायेगा। टेकर स्टैंड में लगने वाली सब्जी मंडी को खाली कराया जायेगा। लेकिन वहां सब्जी मंडी वर्षों पुरानी है, वहीं स्थाई मार्केट मिलना चाहिए। साथ ही वहां शौचालय, पेयजल और शेड की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

मुख्य रूप से दामोदर महतो, चिंतामणि पटेल, अर्चना महतो , सीता देवी, लाजवंती देवी, द्वारिका प्रसाद, अनिकेत ओहदार, ओम प्रकाश महतो, मनोज महतो, झरी महतो, पवन महतो, अनिल पटेल, रमेश महतो, भरत महतो, सुदर्शन महतो, गुड्डू कुमार, तारकेश्वर महतो, लुकेश महतो, हरिदास महतो, धनंजय महतो, चमन महतो, मिथलेश महतो, बिनोद महतो, किशोर महतो, नरेश महतो, कौशल्या देवी, कपूरमनी देवी, चरकु महतो, तारा देवी, गुलाचो देवी, यशोदा देवी, मालती देवी, कान्ति देवी, सुनीता देवी, विनीता देवी सहित कई महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

### बस स्टैंड के सामने की जमीन स्थानीय किसानों के लिए चिह्नित

किसानों के प्रतिनिधि मंडल के ज्ञापन के आधार पर छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश ने तत्काल पहल की। उन्होंने न्यू बस स्टैंड के सामने खाली पड़े मैदान को उन किसानों के लिए चिन्हित कर दिया। मीडिया को बयान देते हुए उन्होंने बताया कि उस स्थान पर सुबह 5:00 से दिन के 11:00 बजे तक किसान अपनी सब्जी बेच सकते हैं। कुछ लोगों की यह शिकायत थी कि व्यापारी उस स्थान पर सब्जी खरीदने नहीं आयेंगे। उसके लिए छावनी परिषद के द्वारा अनाउंसमेंट कराया जायेगा। साथ ही विभाग के कर्मचारी भी किसानों को सहयोग करेंगे।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक - 753006 (ओड़िशा), भारत / CUTTACK-753006, (ODISHA), INDIA
Email: director.nrri@icar.gov.in / crrictc@nic.in ; URL: http://www.icar-nrri.in
विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 18/PA/2024-25
भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"नैनोहर्बिसाइड: धान फसल के उत्पादन में सुधार हेतु एक नियंत्रित रूप में विमोचित होने वाला सूत्रण"** शीर्षक **परियोजना (ईएपी-365)** में **एक (01) परियोजना सहायक** के चयन के लिए दिनांक **30.07.2024** को प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। आवश्यक/वांछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य नियम एवं शर्तों से संबंधित विवरण भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।
Walk-in-interviews are to be held on **30.07.2024** for selection of **one (01) Project Assistant** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Nanoherbicide: A controlled release formulation to improve rice production" (EAP-365)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website- **www.icar-nrri.in**.
प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

# जगरनाथपुर मेले में दूसरे दिन रही कम भीड़, दुकानदार मायूस



रांची। रांची के ऐतिहासिक जगरनाथपुर मेले में दूसरे दिन सोमवार को भीड़ कम दिखी। मेले में लगे कई झूले रात 8 बजे ही बंद हो गये। वहीं, जो झूले चल रहे थे, उसमे भी भीड़ नहीं दिखी। ज्यादातर लोग केवल घूमने पहुंचे थे। अधिकतर दुकानों में एक्का-दुक्का ग्राहक ही समान देखते मिले। कम ग्राहकों की वजह से दुकानदारों मायूस थे। उनका कहना था की पिछले साल से भी इस बार कम बिक्री हुई। हालांकि ये कहना जल्दी होगा क्योंकि मेले का दूसरा ही दिन था।

### झूलों के टिकट का रेट जेब पर पहुंचा रहा चोट

मेले में जिएंट व्हील, फ्रेसबी, सुनामी और हैमर झूले का टिकट 100 रुपये में मिल रहा है। वहीं ब्रेक डांस का टिकट 80 रुपये का है। मौत का कुआं देखने के लिए 50 रुपये खर्च करने होंगे। बच्चों के मिक्की माउस के लिए भी 50 रुपये का टिकट है।

### भगवान को सुबह में लगा हलुआ का भोग

भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी में विरोजमान हैं। भगवान को सुबह में बाल (हलुआ) भोग लगाया गया। जबकि दोपहर में दाल, भात, सब्जी और खीर का भोग लगा। श्रद्धालुओं ने सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दिन के 3 बजे से शाम 7:30 बजे तक भगवान के दर्शन किये।

(प्रस्तुति : देव कुमार शर्मा)

# यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए 10,000 नॉन-एसी कोच

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे अगले दो वित्तीय वर्षों (2024-25 और 2025-26) में 10,000 नॉन-एसी कोच बनाने की योजना बना रहा है। इस पहल का उद्देश्य आम रेल यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाना है। अगले दो वर्षों में, नॉन-एसी कोचों की कुल संख्या में 22% की वृद्धि की जायेगी। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विस्तृत विवरणः कुल उत्पादन की योजनाः 2,605 सामान्य कोच, 1,470 नॉन-एसी स्लीपर कोच, 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पेंट्री कार। इसमें यात्रियों की सुविधा में सुधार के लिए डिजाइन किये गये अमृत भारत जनरल, स्लीपर और एसएलआर कोच शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विस्तृत ब्यौराः कुल उत्पादन की योजनाः 2,710 जनरल कोच, 1,910 नॉन-एसी स्लीपर कोच, 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पेंट्री कार। जनरल, स्लीपर और एसएलआर कोच के लिए अमृत भारत श्रृंखला पर जोर जारी है। रेलवे का फोकसः नॉन-एसी कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए पर्याप्त और बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करना। यात्रियों की बदलती जरूरतों और मौसमी उतार-चढ़ाव के जवाब में आराम और उपलब्धता बढ़ाना। रेलवे की रणनीति निर्दिष्ट वर्षों में नॉन-एसी कोचों के उत्पादन को बढ़ाने की है, जिसका उद्देश्य आम यात्रियों की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करना है। उच्च मांग वाले गलियारों में, अधिक संख्या में नॉन-एसी कोच वाली विशेष ट्रेनें चलाने की योजना बनायी गयी है।

## चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ियों ने लहराया परचम, बढ़ाया चतरा का मान



चतरा (आजाद सिपाही)। 5 से 7 जुलाई तक रांची के आइडियल इंटरनेशनल स्कूल दलदली में आयोजित 24 वीं तीन दिवसीय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक अपने नाम किया। ज्ञात हो कि चतरा जिला के 11 खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में मोहित तिर्की, शीर्ष मिंज, समीर कुमार, आयुष कुमार, श्रेयांश प्रधान का नाम शामिल है। प्रशांत कुमार और यश राज ने कांस्य पदक हासिल किया। जबकि नवीन तिर्की और सचिन कुमार रजत पदक जीतने में सफल रहे। चतरा जिला के ताइक्वांडो खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर चतरा जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय और चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार, सचिव उमेश कुमार, संयुक्त सचिव राम प्रकाश, संयुक्त सचिव सुचित कुमार, कोषाध्यक्ष शंभू कुमार, प्रशिक्षक विक्की कुमार दास, रितेश कुमार, अवध किशोर राणा, राखी कुमारी, नीलू कुमारी एवं संघ के सभी पदाधिकारी और खेल प्रेमियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को शुभकामना दी है।

# विवाद निपटाने को मिले नायडू, रेवंत रेड्डी

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों की ओर से की गयी दोनों राज्यों के बीच लंबित मुद्दों को हल करने की ताजा पहल साहसिक और सराहनीय है। इसके पीछे छिपा राजनीतिक साहस इस तथ्य से रेखांकित होता है कि अलग तेलंगाना राज्य गठित हुए दस साल हो चुके हैं, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई भी ठोस, सार्थक पहल नहीं हुई थी। ध्यान रहे, तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) की अगुआई में चले लंबे आंदोलन के बाद जून 2014 में अलग तेलंगाना राज्य गठित हुआ। उस दौरान तेलुगू देशम के एन चंद्रबाबू नायडू जैसे नेता इस मांग के खिलाफ थे। स्वाभाविक रूप से इस वजह से दोनों पार्टियों और नेताओं के रिश्तों में भी कुछ दूरी आ गयी थी। दूसरी बात यह कि दोनों राज्यों में जैसा राजनीतिक माहौल बना हुआ था, उसमें विवाद निपटाने के क्रम में अगर थोड़ा-बहुत भी झुकना पड़ता तो संबंधित दल और नेता पर राज्य के हितों से समझौता करने का आरोप लग जाता। संभवतः यही वजह रही कि 2019 तक नायडू के आंध्र प्रदेश का मुख्यमंत्री बने रहते दोनों पक्षों से इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। 2019 में जब जगन मोहन रेड्डी आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने उनका स्वागत किया। तब दोनों राज्यों के अफसरों के बीच कुछ बैठकें हुईं, लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी। सहमति बनाने की कोशिश मुख्यमंत्रियों की बैठक में हो सकती थी, जो नहीं हुई। ऐसे में दोनों राज्यों में नयी सरकारों के मुखिया जिस तत्परता से मिले हैं, उसके पीछे एक बड़ा फैक्टर है- इन दोनों के बीच की बेहतरीन पर्सनल केमिस्ट्री। तेलंगाना के मौजूदा मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी संयुक्त आंध्र प्रदेश में दो बार टीडीपी के टिकट पर विधायक रह चुके हैं। उन्हें एन चंद्रबाबू नायडू का करीबी माना जाता था। दूसरी बात यह भी है कि विवादित मुद्दों पर सहमति बनना दोनों राज्यों के हक में है। लंबित मुद्दों में कैश बैलेंस और बैंक डिपॉजिट के बंटवारे का सवाल भी है, जिसके हल होने पर उन फंड्स के इस्तेमाल की राह खुलेगी जिनकी जरूरत कल्याणकारी योजनाएं आगे बढ़ाने के लिए दोनों राज्य सरकारों को है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं माना जाना चाहिए कि इन लंबित मुद्दों को हल करने की राह आसान रहने वाली है। कम से कम 14 मसले दोनों राज्यों के बीच लंबित हैं, जिनमें दोनों राज्यों के एक-दूसरे पर बिजली बकाये का निपटारा करने से लेकर 91 संस्थानों को बांटने तक कई जटिल मुद्दे शामिल हैं। कृष्णा और गोदावरी के पानी बंटवारे जैसे कुछ मुद्दे तो केंद्र के दखल की मांग करते हैं। बहरहाल, दोनों राज्यों के नेतृत्व ने इस पहल के जरिए अपने स्तर पर अधिकतम संभव सहमति बनाने की कोशिश शुरू की है, जो सकारात्मक राजनीति का एक बढ़िया उदाहरण है।

**कृष्णा और गोदावरी के पानी बंटवारे जैसे कुछ मुद्दे तो केंद्र के दखल की मांग करते हैं। बहरहाल, दोनों राज्यों के नेतृत्व ने इस पहल के जरिए अपने स्तर पर अधिकतम संभव सहमति बनाने की कोशिश शुरू की है जो सकारात्मक राजनीति का एक बढ़िया उदाहरण है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हर संप्रदाय के आचार्यों ने भक्तों को बार-बार चेतावनी दी है कि वे धाम अपराध से बचें। उदाहरण के तौर पर ब्रह्म गौड़ीय माधव संप्रदाय के प्रमुख आचार्य इस विषय में क्या कहते हैं, यह जानकर हमारा भ्रम दूर हो जायेगा। वे कहते हैं कि, जो भी भक्त तीर्थ यात्रा पर जाते हैं, वे उन अपराधों से सावधानी से बचें जो पवित्र स्थान की आपकी यात्रा को बिगाड़ सकते हैं। महान आध्यात्मिक गुरु श्रील भक्ति विनोद ठाकुर धाम के साथ-साथ इसके निवासियों के प्रति भी अत्यंत सावधानीपूर्वक व्यवहार करने का निर्देश दे रहे हैं।**

# अयोध्यावासियों का बहिष्कार क्यों

विनीत नारायण



जब से लोकसभा चुनावों के परिणाम आये हैं, तब से सोशल मीडिया पर व अन्य माध्यमों से ऐसी बातें सुनने को मिल रही हैं कि भगवान श्रीराम जी का दर्शन करने अयोध्या जाने वाले भक्त अयोध्यावासियों का बहिष्कार करें। वे वहां की दुकानों से कुछ भी सामान, भोग, माला, तस्वीर, ग्रंथ आदि न खरीदें। ऐसा इसलिए, क्योंकि वहां के नागरिकों ने भाजपा को वोट नहीं दिया। यहां यह जानना बहुत जरूरी है कि अयोध्या जिसे अवध पुरी कहते हैं, वह भगवान श्रीराम का नित्य धाम है और उन्हें अत्यंत प्रिय है। रामचरित मानस के अनुसार भगवान श्री राम ने अयोध्या के विषय में कहा है कि...

अति प्रिय मोहि इहां के बासी। मम धामदा पुरी सुख रासी॥

हरषे सब कपि सुनि प्रभु बानी। धन्य अवध जो राम बखानी॥4॥

इस चौपाई को हर राम भक्त ने अपने जीवन में कभी न कभी अवश्य पढ़ा होगा और पढ़ कर इसका अर्थ भी समझा होगा, जो इस प्रकार है कि यहां के (अयोध्या के) निवासी मुझे बहुत ही प्रिय हैं। यह पुरी सुख की राशि और मेरे परमधाम को देने वाली है। प्रभु की वाणी सुनकर सब वानर हर्षित हुए (और कहने लगे कि) जिस अवध की स्वयं श्रीरामजी ने बड़ाई की, वह (अवश्य ही) धन्य है। इस चौपाई में भगवान श्रीराम अयोध्या पुरी का इतना बड़ा महात्म्य बता रहे हैं कि इसमें हमें भगवान श्रीराम के परमधाम तक पहुंचाने की सामर्थ्य है। अब प्रश्न उठता है कि जो भी अपने को राम भक्त कहता है या राम भक्त होने का दावा करता है, क्या वह भगवान श्रीराम की प्रिय वस्तु का तिरस्कार करेगा? जब भगवान स्वयं कह रहे हैं कि मुझे ये अयोध्या पुरी प्रिय है और यहां रहने वाले अयोध्यावासी अतिप्रिय हैं, तो भगवान श्रीराम की अतिप्रिय वस्तु का अपमान करना, उसकी उपेक्षा करना, उसका बहिष्कार करना, उसके प्रति द्वेष भावना रखना, क्या ये भक्ति का लक्षण है या ये भक्ति के मार्ग में किया जा रहा धाम अपराध है? यह एक बहुत गंभीर प्रश्न है।

**मोदी जी सनातन धर्म और अन्य तीर्थों के प्रति अपनी आस्था का सार्वजनिक प्रदर्शन और व्यापक प्रचार इस उद्देश्य से करते हैं।**

**मोदी जी कोई अवसर नहीं छोड़ते, जब वे तीर्थ स्थलों में जाकर श्रद्धा और आस्था के साथ पूजन न करते हों। फिर चाहे वो केदारनाथ हो, काशी विश्वनाथ हो, पशुपतिनाथ हो, मथुरा-वृंदावन हो, तिरुपति बालाजी हो, जगन्नाथ पुरी हो, उडुपी हो, रामेश्वरम हो, द्वारिका पुरी हो, कामाख्या देवी हो या अयोध्या हो।**

हर संप्रदाय के आचार्यों ने भक्तों को बार-बार चेतावनी दी है कि वे धाम अपराध से बचें। उदाहरण के तौर पर ब्रह्म गौड़ीय माधव संप्रदाय के प्रमुख आचार्य इस विषय में क्या कहते हैं, यह जानकर हमारा भ्रम दूर हो जायेगा। वे कहते हैं कि, जो भी भक्त तीर्थ यात्रा पर जाते हैं, वे उन अपराधों से सावधानी से बचें जो पवित्र स्थान की आपकी यात्रा को बिगाड़ सकते हैं। महान आध्यात्मिक गुरु श्रील भक्ति विनोद ठाकुर धाम के साथ-साथ इसके निवासियों के प्रति भी अत्यंत सावधानीपूर्वक व्यवहार करने का निर्देश दे रहे हैं। वे कहते हैं कि तीर्थ यात्रा के समय जब आप अयोध्या पुरी या मथुरा पुरी जैसे किसी धाम में जाते हैं, तो अपने आध्यात्मिक गुरु का अनादर न करें, क्योंकि यह धाम अपराध माना जायेगा। यह सोचना कि अयोध्या पुरी जैसा पवित्र धाम अस्थायी है, भी धाम के प्रति अपराध है। क्योंकि धाम भौतिक सिद्धांतों के परे होते हैं।

वे शाश्वत होते हैं। यानी सदैव थे और सदैव रहेंगे। ऐसे पवित्र धाम के निवासियों में से किसी के प्रति हिंसा करना या उन्हें साधारण व्यक्ति समझ कर उनका अनादर करना या उस धाम में कूड़ा-कचरा फैलाना भी धामवासियों के प्रति हिंसा ही है। वे आगे कहते हैं कि, पवित्र धाम में अन्य देवताओं की पूजा करना और धर्म का व्यवसायीकरण करके धाम का उपयोग व्यक्तिगत आर्थिक विकास के लिए करना भी धाम अपराध है। बाहरी लोगों का धाम में जाकर कॉलोनियां काटना, होटल बनाना या व्यापार करना भी धाम अपराध की श्रेणी में ही आता है। उन शास्त्रों की निन्दा करना, जो पवित्र धाम की इस गौरवशाली स्थिति का ज्ञान देते हैं, भी धाम अपराध है। धाम की शक्ति के प्रति अविश्वासी होना और यह सोचना कि धाम की महिमा काल्पनिक है, भी धाम अपराध है। इसी प्रकार अन्य संप्रदायों के आचार्यों ने और अनेक शास्त्रों ने धाम और धाम के वासियों के प्रति अपराध न करने का निर्देश दिया है।

अब जरा सोचिए कि जिन लोगों ने भी अयोध्यावासियों का बहिष्कार करने का आह्वान किया है, वे किस श्रेणी के लोग हैं? या तो वे मूर्ख और अज्ञानी हैं, जिन्होंने शास्त्रों का अध्ययन नहीं किया? या वे भक्त हैं ही नहीं और राम भक्त होने का झूठा दावा कर रहे हैं और अगर यह सब उन्होंने जानते-बूझते हुए किया है, तो वे न सिर्फ खुद घोर पाप कर रहे हैं, बल्कि अन्य भक्तों को भी पाप कर्म करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। चुनावी राजनीति से भगवद भक्ति को जोड़ना आध्यात्मिक सिद्धांतों के सर्वथा विपरीत है। आज किसी दल का सांसद बना है, पहले किसी और दल का था और भविष्य में न जाने किस दल का बनेगा। सांसद और विधायक तो आते-जाते रहेंगे, पर अयोध्या और अयोध्यावासियों का महत्व हजारों वर्षों से रहा है और रहेगा।

उल्लेखनीय है कि मोदी जी कोई अवसर नहीं छोड़ते, जब वे तीर्थ स्थलों में जाकर श्रद्धा और आस्था के साथ पूजन न करते हों। फिर चाहे वो केदारनाथ हो, काशी विश्वनाथ हो, पशुपतिनाथ हो, मथुरा-वृंदावन हो, तिरुपति बालाजी हो, जगन्नाथ पुरी हो, उडुपी हो, रामेश्वरम हो, द्वारिका पुरी हो, कामाख्या देवी हो या अयोध्या हो। मोदी जी सनातन धर्म और अन्य तीर्थों के प्रति अपनी आस्था का सार्वजनिक प्रदर्शन और व्यापक प्रचार इस उद्देश्य से करते हैं कि उनके प्रशंसक उनसे प्रेरणा लेकर धाम के प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रदर्शन करें। ऐसे में नरेंद्र मोदीजी ये कभी स्वीकार नहीं करेंगे कि उनके आराध्य भगवान श्रीराम के अतिप्रिय अयोध्यावासियों और अयोध्या का तिरस्कार वे लोग करें, जो स्वयं को मोदीजी का या भाजपा का समर्थक मानते हैं।

चूंकि कुछ लोग इस तरह का आह्वान करके ये अपराध कर चुके हैं, इसलिए अपेक्षा की जानी चाहिए कि मोदीजी सार्वजनिक वक्तव्य जारी करके इसकी आलोचना करें और सभी देशवासियों से हर धर्म के तीर्थ स्थल के प्रति श्रद्धा और आस्था का भाव रखने की अपील करें ताकि भारतवासी धाम अपराध के पाप से बचे रहें।

## जमशेदपुर की खबरें

# 40 से ज्यादा बस्तियों को मालिकाना हक देने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** जमशेदपुर में 86 बस्तियों का मालिकाना हक के तर्ज पर सरायकेला खरसावां जिले में 40 से ज्यादा बस्तियों को मालिकाना हक देने की मांग अब उठने लगी है। सोमवार को भाजपा नेता रमेश हांसदा ने 50 साल से अधिक समय तक अस्तित्व में आये बस्तियों को मालिकाना हक दिलाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा बिहार सरकार के द्वारा 1990 के दशक में बंदोबस्ती को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था। झारखण्ड बने 24 साल में अब तक 1932 और 64 के बाद कोई सेटलमेंट भूमि सुधार करने का काम किसी भी सरकार ने नहीं किया, जिसके वजह से आज भी ग्रामीण क्षेत्र में पुराने खतियान से ही वंशावली बनाकर जमीन में विभिन्न तरह का काम किया जा रहा है। राज्य में जितने भी जमीन घोटाले हो रहे हैं कहीं ना कहीं पूर्ण रूप से हिसाब नहीं होने के कारण बिचौलिए और जमीन दलाल के द्वारा गलत कागजात बनाकर आसानी से की जारही हैं। रमेश हांसदा ने कहा मालिकाना हक देने की मांग का मुद्दा विधानसभा चुनाव के दौरान जोर सोर से उठाया जायेगा। उन्होंने तमाम राजनीतिक दलों से इस मुद्दे को चुनावी मुद्दा बनाने की अपील की।



### सीएम से मिले मंगल कालिंदी, दी शुभकामनाएं

**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा के पटल पर हेमंत सरकार को विश्वास मत मिलने के बाद सीएम हेमंत सोरेन से जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शिष्टाचार मुलाकात की। सोमवार को मुलाकात के दौरान विधायक ने खुशी जाहिर करते हुए ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर गुमला विधायक भूषण तिर्की उपस्थित रहे। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि हेमंत सरकार में नए मंत्रिमंडल नई ऊर्जा के साथ जनहित में बचे हुए विकास कार्य को तेजी से पूरा करेंगे।**

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारी हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह में यूनियन पदाधिकारी के द्वारा सभी 11 सेवानिवृत्त कर्मचारी को शाल ओढ़ाकर और स्मृतिचिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों में रमेश कुमार वीइकल फैक्टरी, अविजीत कुमार डे टीएमएल ड्राइव लाइन, मनसिजा कुमार साहू फ्रेम फैक्टरी, प्रभात कुमार सिंह टीएमएल ड्राइव लाइन, सुनील कुमार सिन्हा फ्रेम फैक्टरी, किशोर कुमार सिंह फ्रेम फैक्टरी, फि रोज आलम फ्रेम फैक्टरी , विकाश सरकार कैब और काउल फैक्टरी, रतन कुमार सिंह फाउंड्री, मोहिनी मोहन गोप टीएमएल ड्राइव लाइन,रमेश कुमार शामिल रहे।

# यूरेनियम अयस्क से बनेंगी ईंट, पेब्बेर्स ब्लॉक, एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद होगा निर्माण कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटसिला।** युरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसिल ) के यूरेनियम अयस्क भी अब लोगो के लिये कामगार शाबित होगा। यूरेनियम ने निकलने वाली अयस्क को बेकार कही जाने वाली बात अब झूठी शाबित होगी। हालांकि यूसिल प्रबंधन इन दिनों यूसिल के जादूगोड़ा और तुरामडीह समेत अन्य इकाइयों के टेलिंग पोंड में रखी हुई यूरेनियम अयस्क को भी अब उपयोग में लाने वाले है। वही इस बारे में यूसिल के सीएमडी सह बीएआरसी के वैज्ञानिक डॉ संतोष कुमार सतपती का मानना है कि टेलिंग पोंड में रखी हुई यूरेनियम अयस्क का इन दिनों बीएआरसी के वैज्ञानिको द्वारा लगातार अनुसंधान किया जा रहा है, जिस दिन यह अनुशंधान सफल हो जाएगा उस दिन बेकार कहे जाने वाली यह अयस्क लाखो रुपियो में बिकेगी साथ ही इसके रख रखाव में प्रत्येक महीने होने वाली यूसिल प्रबंधन लाखो रुपियो की भी बचत होगी। वही बीएआरसी के वैज्ञानिको की माने तो अभी यह अयस्क लोगो के लिए किस प्रकार कामगार शाबित होने वाली है , इसपर लगातार काम किया जा रहा है। अयस्क मौजूद रेडिएशन की मात्रा को भी एकदम कम किया जा रहा है। वही यूसिल के तुरामडीह इकाई में ईंट बनाने की मसीन की स्थापित कर कुछ ईंटे बनायी गयी थी और उन्ही ईंटो से यूसिल जादूगोड़ा के बीएआरसी एक मॉडल होउसे बनाय गया है।

**कंपनी ईंट बनाने को लेकर जारी करेगी टेंडर**

वही कंपनी सूत्रों की माने तो वर्तमान में बीएआरसी मुम्बई में कई बड़े वैज्ञानिको द्वारा लगातार रिसर्च किया जा रहा है और यूरेनियम अयस्क की इस्तेमाल किये जाने को लेकर एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड(एइआरबी) की ओर से हरी झंडी मिल जायेगी तो यूसिल की ओर से ईंट, पेब्बेर्स ब्लॉक समेत अन्य चीजे बनायी जाने को लेकर टेंडर जारी किया जाएगा जिसमे उक्त कंपनी को केवल अपनी मशीन ओर मजदूर देनी होगी जबकि अयस्क यूसिल प्रबंधन की ओर से दिया जायेगा। वही पहले अयस्क से बनी ईंट का कंपनी अपने विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य मे इस्तेमाल करेगी और लोगो को विश्वास दिलाएगी की एक सामान्य ईंट की तरह आप यूरेनियम अयस्क से बनी ईंट को भी अपने निर्माण कार्य मे इस्तेमाल कर सकते है। वही विगत दिनों पहले एक इंटरव्यू में यूसिल के सीएमडी डॉ संतोष कुमार सतपती का भी मानना है कि एक मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडिएशन से भी कम रेडिएशन यूरेनियम अयस्क में मौजूद होती है। जिससे कि लोगो को किसी भी प्रकारी की हानि नही पहुंचती है। सामान्य ईंटो से कम दर में मिलेगा अयस्क से बनने वाली ईंट। इस बारे में जादूगोड़ा बीएआरसी के कुछ वैज्ञानिको की माने तो भट्टे पर बनने वाली लाल ईंटो से 3 से 4 रुपिया कम में यह ईंट बजार में उपलब्ध हो सकती है।

# गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ के जिला अध्यक्ष बने परितोष महतो, भोगेन हांसदा को सचिव का पदभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ के केंद्रीय समिति के निर्देश पर जिला इकाई चुनाव संपन्न हो गया। शहर के साकची जेल चौक दीनदयाल उपाध्याय सामुदायिक विकास भवन में चुनाव के दौरान जिला अध्यक्ष, सचिव,कोषाध्यक्ष और महिला अध्यक्ष का चयन किया गया। चुनाव पर्यवेक्षकों के द्वारा निष्पक्ष गिनती के बाद अध्यक्ष पद में परितोष महतो, सचिव भोगेन हाँसदा व कोषाध्यक्ष आजाद अंसारी को विजई घोषित किया गया। वही महिला गृह रक्षक रामेश्वरी कालिंदी को निर्विरोध चुना गया। मौके पर गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ के द्वारा सभी चयनित पदाधिकारी को माला पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अमर तिरिया,महासचिव द्वारिका नाथ दुबे, उपाध्यक्ष रिंकेश कुमार यादव, सचिव वरुण कुमार और सत्यनारायण बीरूवा, कार्यालय सचिव हिमांशु देवगन, संगठन सचिव दिनेश कुमार यादव, संजय सिंह के अलावा चयनित प्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों गृह रक्षक उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी पहुंचे गम्हरिया अंचल कार्यालय

**गम्हरिया(आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले के प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी कुमार रजत सोमवार को गम्हरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुये। मौके पर उन्होंने अंचल कार्यालय में फरियाद लेकर पहुचे ग्रामीणों से सीधी वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी। वही हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। हालांकि इस अवसर पर सीओ कमल किशोर मौजुत रहे। उनकी मौजूदगी में ही फरियादियों ने प्रशिक्षु आइएएस को अपनी समस्या सुनाया।उधर अचानक प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी के अंचल कार्यालय पहुंचने पर कार्यालय में हड़कंप मच गया। फरियाद लेकर पहुचे गुजुर्ग ने बताया लगभग एक साल से आवेदन अंचल कार्यालय में लंबित है।अंचल अधिकारी के द्वारा स्थल निरीक्षण भी कराया गया। लेकिन अभी तक रिपोर्ट नहीं सौंपी गई। जिसके कारण सरकारी भूमि का हेराफेरी जारी है। वही प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।**

# पूर्व एमसीसी नक्सली गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एमसीसी के पूर्व सक्रिय सदस्य को रंका पुलिस ने रविवार के देर शाम रंका बाजार परिसर के सब्जी मंडी के एक खाली पड़े सेड से गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार रंका थाना क्षेत्र के हांड़ीघाट गांव निवासी झिरग मांझी उर्फ निर्मल जी जो वर्ष 2002-04 में एमसीसी संगठन का सक्रिय सदस्य रहा था दक्षिणी जोन में उसका काफी प्रभाव था। उसने कई घटनाओं को अंजाम दिया था। रंका पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर में होने की सूचना पर उसको गिरफ्तार करने गयी थी। मगर पुलिस को झांसा देकर वह फरार हो गया था। जहां तलाशी के दौरान उसके घर से एक रायफल बरामद किया था। उसी मामले में वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। पिछले दिनों न्यायालय ने उसके विरूद्ध वारंट जारी किया था। रंका पुलिस को झीरग सिंह के रंका शहर में आने की सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में सादे लिबास में टोह लेने के पश्चात उसकी पहचान की गयी तथा सब्जी मंडी के एक सूनसान जगह से उसे गिरफ्तार कर लिया। जहां सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## विशाल नामक बस ने मारी टक्कर, एक घायल

**रमना (आजाद सिपाही)।** वंशीधर नगर-गढ़वा मुख्य रमना हाई स्कूल मोड़ के समीप विशाल नामक बस के चपेट में आने से डंडई थाना क्षेत्र सोनेहरा गांव निवासी सुरेन्द्र राम नामक एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। इधर जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर बस को अपने कब्जे में लेते हुए छानबीन में जुट गयी है। खबर के अनुसार विशाल नामक बस गढ़वा जाने के क्रम में अनियंत्रित होकर राहगीर सुरेंद्र राम को अपने चपेट में ले लिया।

### पूर्व अमीन ने उच्चाधिकारियों से लगायी गुहार

# एसीबी इंस्पेक्टर पर लगा रिश्वत मांगने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के एक इंस्पेक्टर पर गढ़वा प्रखंड में तैनात पूर्व अमीन ने रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। कृष्णा मिस्त्री ने एसीबी के जिस इंस्पेक्टर पर आरोप लगाया है, उसका नाम रवि प्रकाश है और वह डालटनगंज में तैनात हैं। रवि प्रकाश ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

## क्या है आरोप

कृष्णा मिस्त्री ने उच्चाधिकारियों को भेजी अपनी शिकायत में कहा है कि वह एक आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से संविदा पर अमीन के पद पर नियुक्त किये गये थे और गढ़वा प्रखंड में तैनात थे। 27 जून को उन्हें उनके मोबाइल पर 7870809153 से फोन आया। जब तक वह फोन उठाते, कनेक्शन कट गया। वापस कॉल करने पर उन्हें जवाब मिला कि यह एसीबी के अधिकारी का फोन है। उस व्यक्ति ने कृष्णा को अगले दिन डालटनगंज आकर मिलने को कहा। इस बीच ट्रू कॉलर पर उस नंबर की जांच करने पर पता चला कि वह नंबर किसी रवि प्रकाश का है, जो एसीबी, डालटनगंज में इंस्पेक्टर है।



पीड़ित व्यक्ति कृष्णा मिस्त्री की तस्वीर

अगले दिन कृष्णा अपने पुत्र के साथ डालटनगंज गये। फोन पर ही उस व्यक्ति ने कोयल नदी के पुल के पास ही रुकने की बात उनसे कही। इसके थोड़ी देर बाद वह व्यक्ति वहां पहुंचा और कृष्णा को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। वहां से थोड़ा आगे ले जाकर उसने रिश्वत की मांग की। इस दौरान उनका बेटा कोयल नदी के पुल के पास ही उनका इंतजार करता रहा। कृष्णा को बताया गया कि उनके विरुद्ध कई लोगों ने शिकायत की है। यदि वह जेल जाने से बचना चाहते हैं, तो एक लाख रुपये दें। जब कृष्णा ने आरोपों से इनकार किया, तो उस व्यक्ति ने कहा कि उसने चिनियां, नावा और लातेहार में कई लोगों को ट्रैप कर जेल भिजवाया है। उन लोगों ने भी आरोपों से इनकार किया था और फोन का जवाब नहीं दिया था। उस व्यक्ति ने धमकी दी कि सोमवार एक जुलाई तक कम से कम 90 हजार रुपये नहीं देने पर जेल भेज दिया जायेगा।

इसके बाद एक जुलाई को कृष्णा के मोबाइल पर उसी नंबर से कॉल आया, लेकिन वह कॉल नहीं उठा सके। इसके बाद चार जुलाई को फिर से कई बार कॉल कर धमकी दी गयी। इस बीच कृष्णा इतने डर गये कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन फोन आने का सिलसिला जारी रहा। अंततः पांच जुलाई को उन्होंने एसीबी के मुख्यालय के अलावा डीआइजी और एसपी को पत्र और इ-मेल से पूरे मामले की जानकारी दी है।

## पटवा तांती समाज की बैठक संपन्न



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला पटवा तांती समाज की एक बैठक गढ़देवी मंदिर परिसर में सुनील कुमार उर्फ काजू पटवा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें गढ़वा और आसपास के सभी प्रखंडों के सैकड़ो लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि राजीव कुमार पुलिस इंस्पेक्टर तथा विशिष्ट अतिथि शिव शंकर प्रसाद और अन्य लोगों ने पटवा तांती समाज के उत्थान के लिए संगठित होने का संदेश दिया। साथ ही सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रेरणा दी। इस बैठक में उपस्थित लोगों में अरविंद पटवा, जय पटवा, वेद प्रकाश पटवा, ओमप्रकाश पटवा, हेमंत, अमित पटवा, मृत्युंजय पटवा, सुरेश पटवा, इलू पटवा, सौरभ पटवा, सुंदर पटवा, शैलेंद्र, अनिमेष आदि लोग शामिल होकर अपने समाज को आगे बढ़ने का संकल्प लिये।

## पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रोफेसर बृज बिहारी सिंह ने नीम का पौधा लगाकर इसका शुभारंभ किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पौधारोपण हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। महाविद्यालय के एनएसएस के स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाते हुए महाविद्यालय परिसर को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ स्कंद कुमार भारती ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि इसे निरंतर रूप से देखभाल की आवश्यकता होती है। मौके पर प्रो. वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, रेशु कुमारी, नेहा कुमारी, दुर्गा कुमारी, पप्पू सिंह खरवार, सुचन, पूनम, सुचिता, फुलेंद्र यादव, अंजली, मंजू, संजू, पूजा, सृष्टि, काजल आदि उपस्थित थे।

# भाजयुमो ने आक्रोश प्रदर्शन और प्रखंड कार्यालय का घेराव किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रंका।** भाजयुमो रंका उत्तरी मंडल अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी की अध्यक्षता में उत्तरी और दक्षिणी मंडल के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार को लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ रंका थाना मोड़ से प्रखंड कार्यालय तक आक्रोश प्रदर्शन किया गया और प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया।

कार्यक्रम के दौरान भ्रष्टाचारी सरकार वापस जाओ हेमंत सरकार मुर्दाबाद युवा विरोधी सरकार इस्तीफा दो... प्रखंड कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार को बंद करो आदि अनेकों नारे लगाये गये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झामुमो सरकार भ्रष्टाचार का पोषक है आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। झामुमो सरकार में चारों तरफ भ्रष्टाचार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में प्रखंड से लेकर जिला तक भ्रष्टाचार खुलेआम हो रहा है। झामुमो सरकार में बैठे मंत्री और विधायक जनता के उत्थान के लिए नहीं बल्कि अपनी झोली भरने के लिए लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पारा शिक्षक से लेकर सभी अनुबंधकर्मी कम पैसों में काम करने के लिए बाध्य है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार युवा विरोधी है। हेमंत सरकार ने रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर युवाओं को ठगने का काम किया है। झामुमो सरकार में बैठे अधिकारी पदाधिकारी मंत्री और विधायक के इसारे पर जनता को लुटने में लगे हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बलराम यादव और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को भाजपा जिला मिडिया प्रभारी उत्तम पांडेय अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी ओमप्रकाश दास उदय प्रसाद शीला देवी सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी नेता संतोष तिवारी भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी विनोद राम, जितेंद्र सिंह, विकास तिवारी, धर्मेंद्र कुमार नवल ठाकुर, मनोज ठाकुर, रविन्द्र साव, किसमती कुंवर, कविता, सुनीता, ललिता देवी सहित अन्य सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## वन विभाग की वन भूमि में अवैध रूप से रह रहे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** वन विभाग की टीम ने सोमवार की सुबह वन भूमि में अवैध तरीके से झोपड़ी लगाकर रह रहे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए झोपड़ी को हटाते हुए झोपड़ी बनाने के लिए जंगलों से काटे गये लकड़ियों को जब्त कर वन परिसर लाया। वनकर्मियों के अनुसार सुरक्षित वन क्षेत्र अंतर्गत सिंघीताली के दुधवनिया घाटी में बिगत कई दिनों से लोगों द्वारा जंगलों से हरे पेड़ काटे जाने की शिकायत मिल रही थी, इसके आलोक में सोमवार को जब वन विभाग द्वारा छापामारी की गयी, तो वहां वन भूमि को कब्जा करने के नियत से उस पर लगाये गये झोपड़ी को हटाया गया साथ जंगलों से काटे गये हरी लकड़ियों को जब्त कर वन कार्यालय लाकर इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। छापामारी टीम में फॉरेस्टर ओमप्रकाश उरांव, वनकर्मी सुनील राय, दयाशंकर सिंह, राहुल सिंह, अनूप सिंह शामिल थे।

# डॉ विकास ने आठ वर्षों से अनसुलझे हृदय रोग का निःशुल्क सफल ऑपरेशन किया

**हृदय रोग के कारण स्कूल नहीं जा पा रही थी बालिका**

**बड़ी होकर बनना चाहती है पुलिस अधिकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ज़िले के लोकप्रिय हृदय शल्य चिकित्सक डॉ. विकास केशरी ने गढ़वा ज़िले के जाटा ग्राम निवासी राजमुनी राम की आठ वर्षीय पुत्री स्नेहा भारती की निःशुल्क सफल ओपन हार्ट सर्जरी किया है। बालिका के माता ने बताया कि उनकी पुत्री बचपन से ही कमजोर थी और अक्सर उसके होठ, जीभ, हाथ-पैर की उंगलियां नीली पड़ जाती थीं। जब वह थोड़ी बड़ी हुई, तो थोड़ा भी चलने-फिरने पर उसकी सांस फूलने लगती थी। इस समस्या के कारण उसकी बच्ची स्कूल भी नहीं जा पा रही थी।

कुछ दिनों पूर्व ज़िले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जेपी सिंह से संपर्क करने पर, उन्होंने जन्मजात हृदय रोग होने की शंका जतायी और हार्ट सर्जन डॉ. विकास केशरी से संपर्क करने का परामर्श दिया।

ज्ञातव्य हो कि डॉ. विकास गढ़वा के मूल निवासी हैं और नयी दिल्ली के प्रतिष्ठित संस्थान एम्स से हार्ट सर्जरी का प्रशिक्षण और अनुभव प्राप्त करने के बाद विगत आठ वर्षों से स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं। इसी निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर में बालिका के माता-पिता ने पहली बार डॉ. विकास से संपर्क किया। जब डॉ. विकास ने उन्हें अपने अस्पताल में निर्धन रोगियों के लिए निःशुल्क ओपन हार्ट सर्जरी का प्रावधान होने की बात बतायी। तब उन्हें आशा की एक नयी किरण दिखायी दी। इसलिए वे अपनी बेटी को नारायणा अस्पताल गुड़गांव उपचार के लिए ले गये।



बालिका की स्थिति के बारे में बताते हुए डॉ. विकास ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट था कि बालिका टेट्रेलॉजी ऑफ फैलो नामक जन्मजात रोग से ग्रसित है। यह एक जटिल रोग है, जिसमें रोगी के हृदय में चार दोष एक साथ पाये जाते हैं, जिनमें हृदय में छेद होना और हृदय से फेफड़े तक जाने वाली नली का संकरा होना मुख्य दोष हैं। इसके कारण बच्चे की धमनियों में ऑक्सीजन युक्त रक्त पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पाता है। बच्चे के हाथ-पैर, होठ और जीभ का नीला होना ऐसे रोग का मुख्य लक्षण है और कुछ बच्चों में इसकी तीव्रता अत्यधिक होने पर 'सायनोटिक स्पेल' की समस्या होती है, जो प्राणघातक भी सिद्ध हो सकती है। परंतु अच्छी बात यह है कि सही समय पर किये गये सही ओपन हार्ट ऑपरेशन से यह बीमारी हमेशा के लिए ठीक हो सकती है। इसलिए उन्होंने बालिका के पिता से उसके उपचार के लिए गुरुग्राम स्थित नारायणा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में आने का आग्रह किया। जहां उसका निः शुल्क सफल ऑपरेशन किया गया।

# आजसू ने बीडीओ के नाम 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार और विभिन्न समस्याओं का निराकरण को लेकर आजसू के केंद्रीय सचिव जयराम पासवान के नेतृत्व में आजसू कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बीडीओ के नाम अपनी 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। उनकी मांगों में जमीन संबंधी दाखिल खारिज हेतु अंचल कार्यालय में जमा आवेदनो का अविलंब निष्पादन किया जाये तथा पंजी टू में दर्ज जीरो प्लाट की समस्या का जल्द से जल्द उचित व आवश्यक कार्रवाई की जाये। अबुआ आवास चयन में पारदर्शिता लाते हुए इसमें जरूरमंद एवं निर्धन परिवार का इसका समुचित लाभ दिया जाये। मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप और अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन और भुगतान यथाशीघ्र किया जाये। सभी किसानों को खाद और बीज की आपूर्ति समय पर किया जाये ताकि खेती पर निर्भर रहने वाले किसानों को समुचित लाभ मिल सके। सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों और उनके परिवार के आश्रितों को प्राथमिकता दी जाये। सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्बाध रूप से किया जाये। राशन कार्डधारियों को समय पर राशन आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ राशन में कटौती बंद करायी जाये सहित अन्य मांग शामिल है। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य रविंद्रनाथ शर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा, सुशील चौबे, उमेश कुमार रजक, शिव साह, जसमुद्दीन अंसारी, मुकेश शर्मा, लक्ष्मण राम, वीरेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बाजार की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर अंचल प्रशासन सख्त

**कांडी (आजाद सिपाही)।** बाजार की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर अंचल प्रशासन सख्त है। सीओ राकेश सहाय ने जानकारी देते हुए बताया कि कांडी बाजार की सरकारी भूमि पर चिन्हित 67 लोगों को नोटिस भेजा गया है। थाना के माध्यम से नोटिस का तामिला किया जा रहा है। सभी को बुधवार तक किये गये अतिक्रमण को स्वयं से हटाने का सख्त निर्देश दिये गये हैं। अन्यथा शनिवार को प्रशासन बलपूर्वक हटाने को बाध्य होगी। अगर अतिक्रमण को प्रशासन हटाती है, तो उसका खर्च भी उन्हें देना पड़ेगा। मालूम हो कि बाजार की 78 डिसमिल को कांडी के विभिन्न लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिन्हें नोटिस भेजा गया है, उनमें संतोष कुमार, विनोद प्रसाद, गया ठाकुर, अनिल प्रसाद, विकास, जयमालुद्दीन राईन, अनवर खलीफा, दिनेश प्रसाद, सोनी, भीम लाल सहित 67 लोगों का नाम शामिल है।



# समय रहते मनुष्य का जीवन कैसे बचाया जाये, यह आमलोगों को जानना जरूरी है : डॉ निशांत

**परमेश्वरी मेडिकल सेंटर ने गोल्डन आवर के महत्व को समझाने के लिए शहर में रैली निकाली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय परमेश्वरी मेडिकल सेंटर और सिपाका आईसीयू की ओर से गोल्डन आवर के महत्व को समझाने और समय रहते मनुष्य का जीवन बचाने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल के सभागार में का किया गया। जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने किया। सेमिनार में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं और अन्य लोगों को गोल्डन आवर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना या आकस्मिक स्थिति के बाद के पहले एक घंटे को 'गोल्डन आवर' कहा जाता है, जो व्यक्ति की जान बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। सेमिनार के बाद, मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार के नेतृत्व में टाउन हॉल के मैदान से गोल्डन ऑवर जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। यह रैली पूरे शहर में घूमी और लोगों को गोल्डन आवर के महत्व के बारे में जागरूक किया। रैली में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार के अलावा डॉ. जेपी सिंह,डॉ एम पी गुप्ता, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. पंकज प्रभात, डॉ. अनिल कुमार शाह, डॉ. कुश कुमार, समाजसेवी राजमणि प्रसाद, रामनारायण प्रसाद, अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ओमकार चौधरी,सहित परमेश्वरी मेडिकल सेंटर और सिपाका आईसीयू के सभी विशेषज्ञ और कर्मचारी उपस्थित थे। परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के संचालक सह गढ़वा के जाने माने सर्जन डॉ कुमार निशांत सिंह ने बताया कि यहआयोजन न केवल मेडिकल पेशेवरों के लिए है बल्कि आम जनता के लिए भी बेहद जरूरी है। जिसकी जानकारी रैली के माध्यम से लोगों डी गयी। इस प्रकार के आयोजन से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और आकस्मिक स्थिति में समय रहते सही कदम उठाने में सहायता मिलेगी। रैली के दौरान मेडिकल विशेषज्ञों ने विभिन्न स्थानों पर रुककर आपातकालीन स्थितियों में क्या-क्या कदम उठाने चाहिए, इसके बारे में बताया। इसके अलावा, उन्होंने आम जनता को यह भी सिखाया कि गोल्डनआवर के दौरान किस प्रकार की प्राथमिक चिकित्सा दी जा सकती है, जिससे अधिक से अधिक जीवन बचाया जा सके। रैली के अंत में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने कहा, समय रहते सही उपचार और देखभाल से कई लोगों की जान बचायी जा सकती है। गोल्डन आवर के बारे में जागरूकता फैलाना अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि हर व्यक्ति सही समय पर सही कदम उठा सके। इस जागरूकता रैली में छात्रों की विशेष भागीदारी रही जिन्होंने प्लेकार्ड्स और बैनर्स के माध्यम से लोगों को गोल्डन आवर के बारे में जानकारी दी। अंत में, परमेश्वरी मेडिकल सेंटर और सिपाका आईसीयू के सभी डॉक्टरों, कर्मचारियों, और छात्रों ने इस सफल आयोजन के लिए एक दूसरे को बधाई दी और आने वाले समय में भी इसी प्रकार की जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिबद्धता जतायी। इस प्रकार के आयोजन से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ता है बल्कि समुदाय में जागरूकता फैलाने का भी महत्वपूर्ण कार्य होता है। गोल्डन आवर के महत्व को समझने और उसे अमल में लाने से निश्चित ही समाज में सकारात्मक बदलाव आयेगा और अधिक से अधिक जीवन बचायें जा सकेंगे।




**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी**

**भर्ती कैम्पः–10 जूलाई 2024**
**रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उदेश्य से श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय, खूँटी द्वारा दिनांकः–10 जूलाई 2024 दिन बुधवार को पूर्वाहन् 10:30 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक जिला नियोजनालय खूँटी में भर्ती कैम्प आयोजित किया जा रहा है। निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| SN | EMLOYER'S NAME/ADDRESS | POST/VACANCIES | GENDER | AGE | QUALIFICATION | SALARY | LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LIC, Khunti | Advisor-30 | M/F | 18-30 | 12th & Above | 5K & Incentives | Khunti |
| 2 | Seva Sahyog Security Pvt. Ltd, Ranchi | Guard-75/Supervisor-10/Office staff-05/Area Manager-25/Housekeeping-02/Gunman-20/Security officer-08/cook-04/152 | M | 18-30 | 10th, 12th & above | 8K-20K | Entire JH |
| 3 | Skill Source Learning & technologies, Chennai | Aprenticeship-200 | M/F | 18-24 | ITI,Diploma/ Fitter/Ectrician | 15200-16500/- | Chennai |
| 4 | Walkaroo International Private Limited, Tamilnadu | Junior Technician/Trainee Operator-125 | M | 18-30 | ITI,Diploma in mechanical, Fitter | 12300-18500/- | Coimbatore |
| 5 | Awsar corporate, bangalore | Operator/ Associate/ picker/Packer-500 | M | 18-30 | 10th/ Diploma & Above | 18125-18715/- | Bangalore |

➢ योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते है। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र की है, अतः चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। भर्ती कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगे।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
खूँटी

PR 328995 Labour Employment and Traning(24-25)#D

# सीएमडी ने एनके एरिया का दौरा कर कोयला खदानों का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह एक दिवसीय दौरे को लेकर एनके एरिया पहुंचे। डकरा पहुंचने पर महाप्रबंधक सुजीत कुमार समेत अधिकारियों ने बुक के देकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद सीएमडी ने महाप्रबंधक समेत सभी परियोजना के पदाधिकारी एवं विभागीय अध्यक्षों के साथ बैठक कर कोयला उत्पादन उत्पादकता और अन्य तरह की जानकारी हासिल की। इसके बाद सीएमडी ने केडीएच, रोहिणी और पुरनाडीह कोयला खदान का निरीक्षण किया। कोयला खदान निरीक्षण करने के पूर्व सीएमडी केडीएच कॉलोनी स्थित काली मंदिर पहुंचे जहां पर उन्होंने पूजा अर्चना की। खदान निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना में काम करने वाले सभी विभाग के प्रमुख एवं अधिकारियों से प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्हें स्मार्ट मायनिंग करने का गुर भी सिखाया। वहीं केडीएच में बन रहे फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी योजना के तहत कोल हैंडलिंग प्लांट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान साइट पर काम कर रही मधुकॉन कंपनी के अधिकारियों को कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए 3 महीने के अंदर काम को 40% तक पूरा करने का निर्देश दिया। देर शाम ऑफिसर्स क्लब में अधिकारियों के साथ बैठक कर चुरी और डकरा परियोजना के प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग को समझा। मौके पर महाप्रबंधक सुजीत कुमार, मुख्य कार्मिक अधिकारी ज्योति कुमार, परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, अनुज कुमार, सैयद शकील अख्तर, जेके सिंह, सीएमओ डॉक्टर प्रभा कुमारी , विद्युत एवं यांत्रिक विभाग प्रमुख सुजय चटर्जी, निशंक प्रकाश, सिविल अधिकारी सुजीत रंजन, वित्त अधिकारी मिथिलेश कुमार सहित सभी विभागों के प्रमुख और अधिकारी मौजूद थे।

## केयर लीवर्स नेटवर्क के गठन को लेकर बैठक

# सीडब्ल्यूसी कठिन परिस्थिति के बच्चों का कानूनी अभिभावक है : तनुश्री

**केयर लीवर्स नेटवर्क की अवधारणा, गठन की प्रक्रिया और कार्य पर सीनी की शिल्पा जायसवाल ने विस्तार से जानकारी दी।**




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीआरडीए स्थित सभागार में सोमवार को जिला समाज कल्याण शाखा, जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सीनी) के सहयोग से झारखंड आफ्टर केयर गाइडलाइन 2023 के तहत केयर लीवर्स नेटवर्क के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह ने की। बैठक में कल्याण पदाधिकारी ने बैठक के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि केयर लीवर्स नेटवर्क एक दूसरे से जुड़े रहने का माध्यम होगा और केयर लीवर्स की समस्याएं सुनी जायेंगी और उन समस्याओं का निदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नेटवर्क गठन को लेकर यह प्रारंभिक बैठक है। केयर लीवर्स में अपनी मन की बात को जरूर बताएं, ताकि सरकार द्वारा उन्हें बेहतर जीवन देने का कार्य किया जा सके। उल्लेखनीय है कि झारखंड में खूंटी पहला ऐसा जिला है जहां केयर लीवर्स को एकत्रित कर नेटवर्क गठन करने को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मो अल्ताफ खान ने केयर लीवर्स को लेकर सरकार द्वारा जारी दिशा निदेर्शों से अवगत कराते हुए कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत भारत सरकार और झारखंड सरकार द्वारा दिशा निर्देश जारी किया गया है, जिसके तहत केयर लीवर्स का डाटाबेस तैयार किया जाना है। नेटवर्क का गठन सामाजिक सहयोग के लिए किया जाना है और ऐसे लोगों को आवश्यकता आधारित देखभाल देनी है। केयर लीवर्स के प्रशिक्षण हेतु सरकार को प्रस्ताव दिया जा रहा है। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार ने आफ्टर केयर पर चर्चा करते हुए कहा कि सीडब्लूसी कठिन परिस्थिति के बच्चों का कानूनी अभिभावक है। उनके संरक्षण और आदेश से बच्चा बाल देखरेख संस्थान में जाता है या वहां से अपने परिवार में भेजा जाता है।

केयर लीवर्स नेटवर्क की अवधारणा, गठन की प्रक्रिया और कार्य पर सीनी की शिल्पा जायसवाल ने विस्तार से जानकारी दी। केयर लीवर्स द्वारा उनके अनुभव और अपेक्षाओं को साझा किया गया। साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों से कंप्यूटर शिक्षा, कौशल और खेल प्रशिक्षण आयोजित करने का आग्रह किया। खूंटी जिले की एक केयर लीवर जो उत्तराखंड में कार्यरत है, वे बैठक में ऑनलाइन जुड़ी और अपने अनुभवों और चुनौतियों को साझा करते हुए केयर लीवर्स को प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपने सपनों को मरने ना दें, लक्ष्य की प्राप्ति तक कड़ी से कड़ी मेहनत करें।

आज वे अपनी मेहनत से देहरादून स्थित एक प्रतिष्ठित हॉस्पिटल में नर्स के रूप में कार्यरत है। बैठक के अंत में संरक्षण पदाधिकारी (संस्थागत देखरेख) मो शमीमुदीन अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में सीडब्लूसी सदस्य मो शाहजहां, मरियम आईद, अशोक नाग, संरक्षण पदाधिकारी (गैरसंस्थागत) शिवाजी प्रसाद, सीनी के कुमार सौरभ, अजीत कुमार, रानी टूटी, रामलाल मुंडा, आनंदिनी, आदि मौजूद थे।

## राज्य सरकार में भ्रष्टाचार को लेकर दिया धरना



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड कार्यालय परिसर में राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर भाजयुमो के द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने किया। झारखंड राज्य में जबसे हेमंत सरकार बनी है तबसे पूरे राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है। बिना पैसे के कोई भी काम नहीं होता है। विधार्थियों को समय पर और बिना पैसे के आवश्यक प्रमाण पत्र नहीं मिलता है। किसानों का ओन लाईन रसीद, दाखिल खारिज, भूमि खाता प्लोट सुधार महीनों तक और बिना पैसे का नहीं होता है। आये दिन पेपर लीक का मामला झारखंड में देखने को मिल रहा है। धरना कार्यक्रम को भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल जिला उपाध्यक्ष लछमन मुंडा समरेन्द्र मुखर्जी, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, गणेश महली, लक्ष्मी मुंडा जय किशोर प्रमाणिक, राजकिशोर महतो आदि ने भी संबोधित किया। धरना कार्यक्रम में आलोक दास, आपुल राज, जीतु महतो, पूरन मुंडा, सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। धरना कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल ने किया। बैठक के पश्चात तमाड़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा गया।

## सिर्फ भाजपा में होता है कार्यकर्ताओं का सम्मान: विनय



सिल्ली (आजाद सिपाही)। पतराहातू में मंडल स्तरीय बैठक मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष और पतराहातू प्रभारी विनय महतो धीरज शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए विनय महतो धीरज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि हैं। कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ता चुनाव में काफी मेहनत कर भारतीय जनता पार्टी से रांची सांसद को जीत दिलाने का काम किया है। कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। पार्टी ने बूथ के कार्यकर्ताओं को सम्मान करने का निर्णय लिया है। 13 जुलाई को सिल्ली विधानसभा बूथ स्तरीय सम्मान समारोह पतराहातू में आयोजित किया जाना है। मौके पर अशोक पोद्दार, लक्ष्मीकांत प्रमाणिक, गुलाब महतो, वरुण हाजरा, बेनीवाल महतो, लखींद्र कुम्हार, धीरज महतो, मेघनाथ महतो, युधिष्ठिर महतो, अरविंद साहू आदि मौजूद थे।

# तोरपा सीओ की कार्रवाई से बालू माफिया में हड़कंप, 15 हजार घनफीट बालू जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ तोरपा की अंचलाधिकारी पूजा बिन्हा द्वारा की जा रही कार्रवाई से रेत माफिया में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना के आाार पर अंचलाधिकारी ने सोमवार को तोरपा प्रखंड की ओकड़ा पंचायत के सारीदकेल गांव के पास छापामारी कर अवैध रूप भंडारण कर रखे गये 15 हजार घनफीट बालू कों जब्त कर लिया। सीओ को गुप्त सूचना मिली थी कि सारीदकेल गांव में बालू माफिया द्वारा बालू का अवैध भंडारण कर रखा गया है। सूचना पर सीओ ने छापामारी कर भंडारण किया हुआ बालू को जब्त किया। मौके पर प्रमुख, उप प्रमुख संतोष कर, तोरपा थाना के एएसआई मोहन ठाकुर आदि मौजूद थे।

### बालू के अवैध धंधे कों रोकने के लिए ग्रमीणों की बैठक।

बालू के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण रोकने को लेकर सोमवार को ओकड़ा पंचायत भवन में में विभिन्न गांवों के लोगों की बैठक हुई। बैठक में सीआ पूजा बिन्हा ने कहा कि ग्रामसभा बालू का अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण रोकने के लिए आगे आये, प्रशासन उन्हें मदद करेगा। उन्होंने कहा कि बालू के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की सूचना प्रशासन को दें, तुरंत कार्रवाई होगी। बैठक में प्रमुख सुरीन, उपप्रमुख संतोष कर ने कहा कि बालू के उत्खनन से कई निदयों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। ग्रामसभा को इसको लेकर ठोस कदम उठाना होगा।

# एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण कर छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत बिरसा कॉलेज खूंटी में एक जुलाई से चलाए जा रहे हैं वन महोत्सव का समापन सोमवार को हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम पर कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रो जीके किड़ो ने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में पौधारोपण कर वन महोत्सव का समापन किया। मौके पर कॉलेज की प्राचार्या ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे ही हमारे जीवन का आधार हैं। इनकें बिना हम एक पल भी जिंदा नहीं रह सकते। वन महोत्सव का शुभारंभ एक जुलाई को हुआ था। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं द्वारा फलदार और छायादार वृक्षों के कई पौधे लगाये गये। कार्यक्रम में प्रोग्राम ऑफिसर प्रो तारीफ लुगून, डॉ नेलन पूर्ति, डॉ अस्मृता महतो, राजकुमार गुप्ता, वाल्टर होरो सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## दो शव अलग-अलग रेल क्षेत्र से बरामद

मुरी (आजाद सिपाही)। सिलली व मुरी ओपी छेत्र से पुलिस ने दो शव बरामद किया। एक सिल्ली थाना और दुसरा मुरी जीआरपी द्वारा पहचान के लिए छान बीन कर रही है। दोनों शव रेलवे क्षेत्र से मिला। एक का सर धड़ से अलग था जो हारूबेडा स्टेशन के पास था उसके पास मोबाइल भी मिला।  वहीं दुसरा सिल्ली कुलसुद क्षेत्र के पास मिला। दोनों युवक था। पुलिस गहराई से छानबिन कर रही है।

## पिपरवार में लापता युवक का जंगल में मिला शव



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार एरिया के एलो कालोनी से लापता हुए व्यक्ति का शव सोमवार की सुबह खलारी थाना क्षेत्र के भेलवाटांड़ जंगल से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान पिपरवार थाना क्षेत्र के ऐलो कॉलोनी निवासी अविनाश सिंह उर्फ सोनू सिंह के रूप मे की गयी है।उनके परिजनों ने बताया कि सोनू सिंह 23 जून से लापता था और पिपरवार थाना में उनके लापता होने का मामला दर्ज कराया गया था। सोमवार की सुबह भेलवाटांड़ जंगल के पास उनका शव देखा गया इसके बाद इसकी सूचना परिजनों के अलावा खलारी पुलिस को दी गयी। इधर सूचना पाकर खलारी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

## सीएचपी कोल वाशरी में कोयला मजदूरों ने किया बायोमीट्रिक सिस्टम का विरोध



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल परियोजना में संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के द्वारा गेट मीटिंग किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता मोहम्मद अब्दुल्ला ने किया। गेट मीटिंग में बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी बनाने की प्रक्रिया का जोरदार विरोध किया गया और इसे वापस लेने की मांग की।मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन मजदूरों के सुख सुविधा पर हमला कर रही है। बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी बनाने की प्रक्रिया काफी कठिन है। जिससे मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिपरवार मे पूर्व से ही बायोमेट्रिक सिस्टम का पुरजोर विरोध हो रहा है, लेकिन अभी तक प्रबंधन के द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया है। वक्ताओं ने प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द बायोमेट्रिक सिस्टम को बंद नहीं किया गया तो कोयला मजदूरों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। गेट मीटिंग में मुख्य रुप से एटक के मो. अब्दुल्लाह, कयूम अंसारी, बाबूलाल राम,बीएमएस के मिथिलेश कुमार, अरविंद कुमार, सीएमयु के सरोज पैरा,बसंत नारायण महतो, आरकेएमयु के मनोज प्रसाद गुप्ता,जमंस के सुखदेव राम, सीटु के हैदर अली के अलावा मोहम्मद अहसान, राजेंद्र प्रताप सिंह, केके मिश्रा, सावित्री देवी, मंजू देवी, गीता देवी, सुकरी देवी, हीरालाल महतो, अवधेश पांडेय, जोगेंद्र प्रजापति,दयानंद सोनी,मुंशी महतो,शशिकांत पांडेय, कुतुबुद्दीन अंसारी, अजय कुमार सहित सैकड़ों मजदुर उपस्थित थे।

## मैकलुस्कीगंज पुलिस ने चलाया सर्च अभियान



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज में पुलिस ने चलाया अभियान। प्राप्त जानकारी के अनुसार वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के दिशा निर्देश पर मैकलुस्कीगंज थाना के सअनि दिनेश कुमार मंडल के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के जोभिया, चट्टीनदी, लपरा, कुंवारपतरा, विकासनगर आदि जगहों पर मार्च किया गया गया। जिसमे भारी संख्या में झारखंड जगुआर के जवान शामिल थे।

# प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से दुकानों में बिक रहा है पॉलीथिन बैग

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से पॉलीथिन बैग दुकानों में बिक रहा है। साप्ताहिक बाजारों में सब्जियां, फल पॉलीथिन में पैक कर के दिए जा रहे हैं। तथा रोजाना कई टन सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे का रूप ले रहा है। प्लास्टिक कचरा बिना सड़े, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ साथ जानवरो को भी काफी नुकसान पहुंचा रही है वो ही 3 जुलाई विश्व प्लास्टिक मुक्त दिवस था। बावजूद तमाड़ में इसके न तो प्रशासन सिंगल यूज प्लास्टिक बिक्री को पूरी तरह से बंद कराने में कामयाब हो पाया है और न ही नागरिक ही ऐसा करने में अपना सहयोग दे रहे हैं। वो जही देहात क्षेत्र में मवेशियों के लिए भी प्लास्टिक बहुत खतरनाक साबित हुई है हाट बाजारों में खाने के सामन प्लास्टिक में फेके जाने से मवेसी प्लास्टिक सहित खा जाते है जिससे गंभीर बीमारी होकर उनकी मृत्यु हो रही है। बरसात का समय पहुंच गया है जिससे गंभीर बीमारी होने की संभावना जताई जा रही है। राजधानी से सटे होने के कारण अवैध तरीकों से हजारों टन सिंगल यूज प्लास्टिक कुछ महीने पहले तमाड़ बुंडू के क्षेत्रों में बेचे गये है। बिक्री के लिए प्लास्टिक तस्करो के लिए अभी मुख्य आकर्षण का केंद्र तमाड़ तथा बुंडू ही है  दुकानदारों के पास भरपूर मात्रा में प्लास्टिक स्टोक होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# सीसीएल सीएमडी पहुंचे एनके एरिया, केडीएच खदान का निरीक्षण कर अन्य परियोजनाओं से हुए अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया के दौरे पर सोमवार को पहुंचे सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह का महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद वे केडीएच काली मंदिर में पूजा कर केडीएच, पुरनाडीह और रोहिणी कोयला खदान का निरीक्षण किया। वहीं उन्होने केडीएच व्यू प्वाइंट पर लगभग 2 घंटे तक पूरे खदान को बारीकी से देखा और सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों से बात कर उनके द्वारा किए जा रहे काम की जानकारी ली। इस दौरान उन्होने कहा कि सभी मिलकर केडीएच को वर्ल्ड बैंक जैसा प्रोजेक्ट बनाकर दिखाइए ताकि मेरी गाड़ी आराम से खदान के फेस तक पहुंच सके। उन्होने रोहिणी और पुरनाडीह खदान की वर्तमान स्थिति और भविष्य को लेकर चर्चा की तथा केडीएच में बन रहे सॉयलो प्रोजेक्ट की धीमी रफतार पर नाराजगी जताई एवं



संबंधित कार्य से जुड़े लोगों को सख्त हिदायत दी कि वे तय समय-सीमा पर काम करें। बाद में चूरी और डकरा परियोजना के संबंध में भी अधिकारियों से उन्होने वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह, रोहिणी पीओ जेके सिंह, पुरनाडीह पीओ शकील अख्तर, अनुप कुमार, निशांक प्रकाश, राघवेन्द्र गांधी सहित क्षेत्र के सभी अधिकारी मौजूद थे।

**एनके एरिया का भविष्य काफी उज्जवल है: नीलेंदु सिंह**

एनके एरिया ने ही सबसे पहले दिखाया है कि विष्व बैंक द्वारा प्रायोजित कोयला खदान को कैसे चलाया जा सकता है। एरिया ने समय के साथ और अनुभव हासिल किया है और इसका भविष्य काफी उज्जवल है। कोयला खनन के क्षेत्र में एनके एरिया ने पूरे सीसीएल को एक बेहतरीन वर्क-कल्चर दिया है। बहुत जल्द इस क्षेत्र में कई बड़े और सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। उक्त बातें सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने सोमवार को डकरा वीआईपी क्लब में पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कही। उन्होंने कहा कि मैं डकरा केंद्रीय विद्यालय खुलवाना चाहता हूं साथ ही यहां के अस्पताल की जो समस्या है वह भी दूर किया जायेगा। अधिकारियों की कमी का मामला संज्ञान में आया है यह भी पूरा होगा। उन्होने कहा कि मैंने अधिकारियों से कह दिया है कि वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की योजना पर जो काम नहीं करेंगे वह पद पर बने नहीं रह पाएंगे। समय के साथ टालमटोल वाली नीति बदलनी होगी और कोयला कर्मियों के साथ-साथ आसपास की आबादी के लिए भी काम करना होगा। कहा कि राज्य सरकार से सहयोग मिल रहा है और कोयला खनन के लिए छः हजार हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण पर काम हो रहा है। झारखंड में सरकारी जमीन के बदले 16 गुणा अधिक राशि देने के मामले पर राज्य सरकार के साथ कोयला सचिव स्तर की बातचीत चल रही है और जल्द ही कुछ नये प्रोजेक्ट भी शुरू होंगे।

## खूंटी के दो तीरंदाजों का साई तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में चयन



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के दो तीरंदाजों बिरसा मुंडू और अमित कुमारका चयन भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) रांची में तीरंदाजी प्रशिक्षु के रूप में हुआ है। ये छात्र पिछले दो वर्षों से तीरंदाजी का अभ्यास कर रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद साईं में इनका चयन होना, अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का श्रोत है। उल्लेखनीय है कि नेताजी स्कूल में अनाथ, एकल अभिभावक के बच्चे, बाल श्रम से मुक्त कराए गये बच्चों के अलावा नक्सल प्रभावित परिवार के फिलहाल 30 बच्चों को तीरंदाजी का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गये सीमित संसाधन में अभ्यास कर रहे बच्चों के बीच बिरसा और अमित का भारतीय खेल प्राधिकरण में चयन होना अत्यंत  गर्व का विषय है। दोनों तीरंदाजों के भारतीय खेल प्राधिकरण में चयन होने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ नलिनी रंजन, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, एपीओ कुलदीप सोय, विद्यालय की वार्डन प्रतिमा देवी सहित विद्यालय परिवार ने उनके बधाई और शुभकामनाएं दी।

## पिपरवार क्षेत्र के नये जीएम संजीव कुमार ने दिया योगदान, अधिकारियों ने किया स्वागत



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नये महाप्रबंधक के रूप में संजीव कुमार ने अपना योगदान दे दिया है। सोमवार को पिपरवार जीएम ऑफिस मे उन्होंने अपना योगदान दिया। पिपरवार क्षेत्र के निवर्तमान महाप्रबंधक सीबी सहाय ने उन्हें कार्यभार सौंपा। इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के अधिकारियों ने नये जीएम संजीव कुमार का बुके, श्रीफल और शॉल प्रदान कर स्वागत किया गया। वही पूर्व जीएम सीबी सहाय को सम्मान के साथ विदाई दी गयी। अशोका पीओ संजय कुमार के नेतृत्व मे अधिकारियों ने पूर्व जीएम सीबी सहाय को बुके,शॉल, श्रीफल और उपहार प्रदान कर विदाई दी। इधर पिपरवार क्षेत्र के नये जीएम संजीव कुमार ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही सभी विभाग के प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने एरिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।

### हुसैनाबाद में आयोजित कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक में लिया गया निर्णय

# हुसैनाबाद कांग्रेसियों का गढ़, यहां से पार्टी का उम्मीदवार ही लड़े चुनाव

### सत्यनारायण सिंह ने कहा- आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओ से कांग्रेस को टिकट देने का करेंगे आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता



कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता।

**हुसैनाबाद।** शहर के तिवारी कॉम्प्लेक्स स्थित कांग्रेस कार्यालय में हुसैनाबाद विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों-दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के हित में काम कर रही है। उन्होंने लोक कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। कहा कि हुसैनाबाद कांग्रेस का गढ़ रहा है। आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओ से हुसैनाबाद विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को टिकट देने का आग्रह किया जाएगा। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि हुसैनाबाद में कार्यकर्ता लगातार पार्टी को मजबूती प्रदान करने ने जुटे हैं। कार्यकर्ताओं की इच्छा कांग्रेस प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने की है। जिससे प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों के पदाधिकारी कांग्रेस को मजबूत करने में दिन रात जुटे हैं। बैठक की अध्यक्षता लल्लू सिंह व संचालन शंभू सिंह ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता मसरूर अहमद, पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवधबिहारी सिंह, नवल किशोर पाठक, महताब आलम, मोहम्मद रिजवान, शैलेश सिंह, रघुराई यादव, हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष क्रमशः लल्लू सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, नदीम खान, विजय सिंह, अंबिका सिंह, रामसुंदर राम, याशिर अराफात, राम जी सिंह, अखिलेश प्रसाद द्विवेदी, प्रवीण तिवारी, प्रेम शंकर ओझा, आशुतोष तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, यासीन अंसारी, बंसी विश्वकर्मा और यदुनंदन पासवान आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी के प्रयास से मुख्य पथ से जुड़े 4 गांव, निजी खर्च से बनवा रहे पहुंच पथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** समाजसेवी सह बसपा नेता गोपाल राम की मेहनत रंग लाई। जिस कारण भूमि विवाद के चलते वर्षों से लटका पथ निर्माण का मामला सुलझ गया और अब निर्माण कार्य शुरू भी हो गया। मामला विश्रामपुर नगर परिषद के मायापुर गांव को मुख्य पथ से जोड़ने का है। बताते चलें कि बीमोड़ एनएच 75 से एक पक्का रास्ता मायापुर, रामजानी बिगहा होते हुए रेहला तक जाता है। लेकिन संत तुलसीदास कॉलेज के पास लगभग एक हजार फिट रास्ता जमीनी विवाद के कारण नहीं बन पा रहा था। जिस कारण उक्त सड़क दो भागों में बंटा था। इससे ग्रामीणों को सड़क का लाभ नहीं मिल पा रहा था। समाजसेवी गोपाल राम ने केतात, मायापुर, रामजानी बिगहा और रेहला के ग्रामीणों को एक मंच पर लाकर वार्ता शुरू की। जिनकी जमीन पड़ती थी, उन रैयतों से अनुनय विनय कर अंततः इसका हल निकाल लिया। जिन रैयतों की जमीन पड़ती थी उन्होंने रास्ता के लिए जमीन दे दिया। जिसके बाद गोपाल राम ने अपने निजी खर्च से रोड का निर्माण कार्य शुरू करा दिये। सड़क निर्माण के लिए मेटल, मोरंग ट्रैक्टर से गिरना शुरू हो गया। जेसीबी मशीनों से जमीन का समतलीकरण भी करा दिया गया। गोपाल राम ने कहा कि सेवाभाव को लेकर लोगों के बीच पहुंचने का प्रयास करता हूं। जिससे लोगों का सहयोग भी मिलता रहता है। इधर, ग्रामीणों ने इस पुनीत कार्य के लिए गोपाल राम के प्रति आभार व्यक्त किया है। मौके पर देवकांत चौबे, सेवानिवृत दरोगा शिव प्रसाद साहू, शैलेंद्र चौबे, मालिक चौबे, लूटूर चौबे, बच्चा चौबे, श्यामा चरण पाठक आदि मौजूद थे।

## शिक्षा के क्षेत्र में सत्यदेव अग्रवाल जी का योगदान अतुलनीय है : इंदर सिंह नामधारी

### जीसीपीए कॉलेज के संस्थापक सचिव के जन्मदिवस पर प्रतिमा का हुआ अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर/पलामू।** जिले के छतरपुर अनुमण्डल के सड़मा में संचालित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में सोमवार को कॉलेज के सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल, मुख्य अतिथि इंदर सिंह नामधारी एवं प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कॉलेज के संस्थापक सचिव स्मृति शेष सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनकी प्रतिमा का अनावरण झारखंड विधानसभा के प्रथम स्पीकर इंदर सिंह नामधारी जी ने किया। उन्होंने कहा कि संस्थापक सचिव स्मृति शेष सत्यदेव प्रसाद ने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अतुलनीय है। उनकी दूरदर्शिता और समर्पण ने इस कॉलेज को उन्नति के पथ पर अग्रसर किया है। वहीं, प्रेम प्रकाश भषीन, सौमित्रो भट्टाचार्य, संतोष कुमार एवं उनकी बड़ी बेटी रितु अग्रवाल ने सत्यदेव अग्रवाल की जीवनी पर चर्चा की। वहीं, कॉलेज के संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के संरक्षण और नवीन कुमार सहाय के संपादकीय सहयोग, समाजशास्त्र विभाग के राजमोहन जी के योगदान व अन्य प्रबुद्ध शिक्षकों के आलेखों के संग्रहण से तैयार 'कोरोना महामारी और सामाजिक संबंध स्वरूप एवं समीक्षा' नामक पुस्तक का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रो अखिलेश कुमार सिंह ने इस पुस्तक में, विभिन्न शिक्षाविदों के आलेख पर संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के बहुमूल्य आलेखों ने इस पुस्तक को और भी समृद्ध बनाया है। वही इंदर सिंह नामधारी ने बताया कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पुस्तक न केवल शोधकर्ताओं और विद्वानों के लिए, बल्कि आम जनता के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। साथ ही इस अवसर पर सत्र 2020 - 23 के सभी विषयों के शीर्ष तीन छात्रों को मुख्य अतिथि, प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल, विभाग के विभागाध्यक्ष एवं अन्य गण्यमान्य लोगों द्वारा सम्मान पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि इस तरह के कार्यों से छात्रों को प्रोत्साहन मिलता है और वे और भी मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित होते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देते हैं, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास और प्रेरणा को भी बढ़ाते हैं।

## हुसैनाबाद एसडीओ ने किया दंगवार स्तरोन्नत उच्च विद्यालय का निरीक्षण

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एसडीओ पीयूष सिन्हा ने सोमवार को राजकीयकृत स्तरोन्नत उवि दंगवार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई बिंदुओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय बाउंड्री से सटे कई गुमटियों के सामान को सीज किया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालय से निर्धारित दूरी के दायरे में गुटका, सिगरेट, पान आदि बेचना वर्जित है। इसका उलंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, विद्यालय में शिक्षक, छात्र उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक उपस्थित थे। उन्होंने सरकार द्वारा मुहैया कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मध्याह्न भोजन के बारे में जानकारी ली। हालांकि निरीक्षण के क्रम में मध्याह्न भोजन करते बच्चे व्यवस्थित नहीं थे। जिसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने विद्यालय की साफ-सफाई आदि का भी अवलोकन किया। साथ ही कई कक्षाओं में बच्चों से कई विषयों से प्रश्न पूछा। एसडीओ ने बताया की हुसैनाबाद सीओ को शीघ्र ही विद्यालय के समीप अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। वहीं, शिक्षकों को बेहतर व सरल शिक्षण एवं शैक्षणिक माहौल कायम करने और बेहतर प्रबंधन की दिशा में कई निर्देश दिया। बताया कि कई विद्यालयों से शिक्षक-शिक्षण संबंधित लगातार शिकायतें मिल रही थी। एक-कर सभी विद्यालयों का निरीक्षण किया जायेगा। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## स्टेट राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लेने देवघर पहुंचे संत मरियम स्कूल के विद्यार्थी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम आवासीय स्कूल के विद्यार्थी हिमांशु कुमार पासवान, चिराग लकड़ा और कौशल चौरसिया झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देवघर रवाना हुए। प्राचार्य आदर्श कुमार ने खिलाड़ियों ने कहा कि आप बच्चे अपने मेहनत और लगन से खेल नाम रोशन करे। वहीं पलामू राइफल संघ के सचिव सह स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन ने कहा कि पलामू दूसरी बार राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग ले रही है। मेरा प्रयास है कि यहां के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्टेट टीम में शामिल हो सके।

### जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान का शुभारंभ, 30 सितंबर तक चलेगा

# सभी लोग 30 सितंबर तक मिशन मोड में कार्य करें : नीति आयोग

### छह इंडिकेटर पर कार्य कर लक्ष्य को प्राप्त करना अभियान का एकमात्र उद्देश्य : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान का सोमवार सो शुभारंभ हुआ। डीसी शशि रंजन, नीति आयोग के निदेशक हिमांशु जोशी, डीडीसी शब्बीर अहमद समेत अन्य ने स्थानीय टाउन हॉल में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बतातें चलें कि केंद्र सरकार ने 2018 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत देश के 112 जिलों को शामिल किया था। इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम का उद्घाटन जनवरी 2023 में हुआ था। जिसमें देश के 500 प्रखंडों को शामिल किया गया। इसमें पलामू के हरिहरगंज प्रखंड का भी चयन किया गया है। दोनों कार्यक्रम नागरिकों की बेहतर जीवन शैली और अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने पर केंद्रीत है। इस अवसर पर डीसी ने टाउन हॉल में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत अगले तीन माह में संपूर्णता अभियान के तहत छह इंडिकेटरों पर आधारित लक्ष्य को प्राप्त करना ही अभियान का एकमात्र उद्देश्य है। उक्त कार्यक्रम के जरिए आम नागरिकों की बेहतर जीवन शैली और अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने को लेकर यह संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में सबका सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि जो पदाधिकारी या कर्मचारी ग्राउंड लेवल पर काम करते हैं उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत अनुपूरक पोषण, स्वास्थ्य विभाग के तहत नियमित टीकाकरण पर विशेष रूप से कार्य करने पर बल दिया। वहीं, दिल्ली से आये नीति आयोग के निदेशक हिमांशु जोशी ने आगामी तीन महीनों तक मिशन मोड में कार्य करने की बात कही। उन्होंने सभी से हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, एग्रीकल्चर एंड एजुकेशन समेत विभिन्न छह बिंदुओ पर योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन करने पर बल दिया। इस अवसर पर सभी को जिले व ब्लॉक को समर्थ और समृद्ध बनाने को लेकर सभी को शपथ दिलायी गयी। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाना एकमात्र उद्देश्य: विधायक कमलेश सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक कमलेश सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में सोमवार को पुस्तकालय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास किया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने इस अवसर पर विधायक से मौके पर मौजूद लोगों का ऑनलाइन परिचय भी कराया। वहीं, अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज को हर क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर करना उनकी प्राथमिकता है। प्रखंड कार्यालय आने वाले लोग को इधर-उधर भटकना पड़ता है। उन्हें बैठने का स्थान भी मिल जायेगा और किताबों को पढ़ने का भी अवसर मिलेगा। विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। आने वाले वर्ष में हुसैनाबाद का तेजी से विकास होगा। वहीं, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि भवन निर्माण विभाग से बनने वाले पुस्तकालय में सारी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही सभी धर्मो के अलावा अच्छे लेखकों की पुस्तकें मुहैया कराई जाएगी। अखबार की भी व्यवस्था की जायेगी। कहा कि प्रयास है कि प्रत्येक प्रखंड में पुस्तकालय का निर्माण हो। इसके लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, हंसराज सिंह, रविंद्र कांस्यकर, अभिषेक सिंह हरि, पंकज सिंह, विजय राजवंशी, रवींद्र यादव, वीरेंद्र राजवंशी, बीटू बाबा, नवल सिंह और मनीष सिंह आदि मौजूद थे।


उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(भू–अर्जन शाखा)
प्रपत्र VI
समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चुंकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना ईचाक मोड (एन0एच0–33) से बरकट्ठा (एन0एच0–02) तक पथ का चौडीकरण/मजबुतीकरण का कार्य ग्राम–चन्दा, थाना–ईचाक, थाना–सं0–60, अंचल–ईचाक, जिला–हजारीबाग में कुल **0.9675** एकड़ यानि **0.3917** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिसूचना किया जाता है कि उर्पुयक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से केमोवेश कुल **0.9675** एकड़ यानि **0.3917** हेक्टेयर है और जो ग्राम–चन्दा थाना–ईचाक, थाना सं0–60, अंचल–ईचाक, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्न है:–

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 19 | 01 | निजी | धानखेत–III | 0.025 | कमल राम वो बटेश्वर महतो पिता स्व0 रामेशर महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | शिवटहल महतो वगै0 | सीमाना कुरहा |
| 2 | 20 | 2/1 | निजी | धानखेत–III | 0.0225 | शिवटहल महतो पिता स्व0 उदी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मोहन महतो वगै0 | कमल राम वगै0 |
| 3 | 20 | 2/2 | निजी | धानखेत–III | 0.0225 | मोहन महतो वगै0 पिता स्व0 हरदो महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | चितु महतो | शिवटहल महतो |
| 4 | 20 | 2/3 | निजी | धानखेत–III | 0.045 | चितु महतो पिता स्व0 धनी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मकसुदन महतो | मोहन महतो |
| 5 | 16 | 12/1 | निजी | धानखेत–III | 0.055 | मकसुदन महतो पिता स्व0 हालो महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | गीता देवी | चितु महतो |
| 6 | 16 | 12/2 | निजी | धानखेत–III | 0.045 | गीता देवी पति सकलदीप महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | शिवटहल महतो | मकसुदन महतो |
| 7 | 14 | 14/1 | निजी | धानखेत–III | 0.04 | शिवटहल प्रसाद पिता स्व0 उदी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मोहन महतो वगै0 | गीता देवी |
| 8 | 14 | 14/2 | निजी | धानखेत–III | 0.04 | मोहन महतो वगै0 पिता स्व0 हरदु महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मो0 सुगनी | शिवटहल महतो |
| 9 | 11 | 15 | निजी | धानखेत–III | 0.075 | मो0 सुगनी पति स्व0 मंगर महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मुरली प्रसाद मेहता वगै0 | मोहन महतो वगै0 |
| 10 | 17 | 16/1 | निजी | धानखेत–III | 0.025 | मुरली प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 रूचन महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | बटेशर प्रसाद मेहता | मो0 सुगनी |
| 11 | 17 | 16/2 | निजी | धानखेत–III | 0.02 | बाटेश्वर प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 बुधन मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | प्लौट 16/3 | मुरली प्रसाद |
| 12 | 17 | 16/3 | निजी | धानखेत–III | 0.025 | प्लौट सं0–16/3 का रैयत, | रास्ता | नीज | मकसुदन महतो | बटेशर प्रसाद |
| 13 | 01 | 18 | निजी | धानखेत–III | 0.0125 | मकसुदन महतो पिता स्व0 हालो महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मो0 सोबनी | प्लौट 16/3 |
| 14 | 11 | 170/1 | निजी | धानखेत–III | 0.0225 | मो0 सोबनी पति स्व0 मंगर महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | घनश्याम महतो | मकसुदन महतो |
| 15 | 11 | 170/2 | निजी | धानखेत–III | 0.0225 | घनश्याम महतो पिता स्व0 बुधन महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | सीमाना जलौंद | मो0 सोबनी |
| 16 | 12 | 244 | निजी | धानखेत–III | 0.016 | तेजनारायण प्रसाद मेहता पिता स्व0 गांगो महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | बटेशर प्रसाद | सीमाना जलौंद |
| 17 | 6 | 245/1 | निजी | धानखेत–III | 0.0053 | बाटेश्वर प्रसाद मेहता वो घनश्याम प्रसाद पिता स्व0 बुधन महतो वो तालेश्वर प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 सरजु महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | लालजी महतो वगै0 | तेजनारायण महतो |
| 18 | 6 | 245/2 | निजी | धानखेत–III | 0.0107 | लालजी महतो वगै0 पिता स्व0 केवल महतो वो जीबलाल मेहता पिता गंदौरी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | प्लौट न0–248 | बटेशर प्रसाद मेहता |
| 19 | 3 | 649/1 | निजी | परती कदीम | 0.005 | मो0 एमनी वो मो0 बिन्दवा दोनो के पति स्व0 सहदेव महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | त्रिभुवन महतो | प्लौट न0 295 |
| 20 | 3 | 649/2 | निजी | परती कदीम | 0.00125 | त्रिभुवन महतो पिता बिन्देश्वर नारायण मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | रामचन्द्र प्रसाद मेहता | मो0 एमनी |
| 21 | 3 | 649/3 | निजी | परती कदीम | 0.00125 | रामचन्द्र प्रसाद मेहता पिता बिन्देश्वर प्रसाद मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मनोज प्रसाद मेहता | त्रिभुवन महतो |
| 22 | 3 | 649/4 | निजी | परती कदीम | 0.00125 | मनोज प्रसाद मेहता पिता बिन्देश्वर प्रसाद मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | नवीन राम | रामचन्द्र प्रसाद मेहता |
| 23 | 3 | 649/5 | निजी | परती कदीम | 0.00125 | नवीन राम पिता बिन्देश्वर नारायण मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | नरेश प्रसाद मेहता | मनोज प्रसाद मेहता |
| 24 | 3 | 649/6 | निजी | परती कदीम | 0.005 | नरेश प्रसाद मेहता पिता स्व0 सुभाश प्रसाद उर्फ केदार मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | विकेश कुमार | नवीन राम |
| 25 | 3 | 649/7 | निजी | परती कदीम | 0.005 | विकेश कुमार पिता स्व0 हरिनारायण मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | सोना प्रसाद मेहता वगै0 | नरेश प्रसाद मेहता |
| 26 | 26 | 650 | निजी | धानखेत–III | 0.012 | सोना प्रसाद मेहता वगै0 पिता तुलसी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मोहन महतो वगै0 | विकेश कुमार |
| 27 | 20 | 651/1 | निजी | धानखेत–III | 0.0075 | मोहन महतो वगै0 पिता स्व0 हरदु महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | शिवटहल प्रसाद मेहता | सोना प्रसाद मेहता |
| 28 | 20 | 651/2 | निजी | धानखेत–III | 0.007 | शिवटहल प्रसाद मेहता पिता स्व0 उदी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | बटेशर प्रसाद मेहता | मोहन महतो वगै0 |
| 29 | 17 | 660 | निजी | धानखेत–III | 0.01 | बटेश्वर प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 बुधन महतो , जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मो0 सुगनी | शिवटहल प्रसाद मेहता |
| 30 | | 661 | निजी | धानखेत–III | 0.0175 | मो0 सुगनी पति मंगर महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | चितु महतो | बटेशर प्रसाद मेहता वगै0 |
| 31 | 5 | 664 | निजी | धानखेत–III | 0.008 | चितु महतो वगै0 पिता स्व0 धनी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मोहन महतो वगै0 | मो0 सुगनी |
| 32 | 24 | 665 | निजी | धानखेत–III | 0.025 | प्रभु प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 दासो महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मो0 कलावती | चितु महतो |
| 33 | 8 | 667 | निजी | धानखेत–III | 0.012 | मो0 कलावती पति स्व0 नारायण प्रसाद मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | दुलारचन्द महतो | प्रभु प्रसाद मेहता |
| 34 | 10 | 681 | निजी | धानखेत–III | 0.015 | दुलारचन्द महतो वगै0 पिता स्व0 मुला महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | प्रयाग प्रसाद | मो0 कलावती |
| 35 | 25 | 682/1 | निजी | धानखेत–III | 0.0175 | प्रयाग प्रसाद मेहता पिता गणेश महतो जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मनोहर प्रसाद मेहता | दुलारचन्द महतो वगै0 |
| 36 | 25 | 682/2 | निजी | धानखेत–III | 0.0175 | मनोहर प्रसाद मेहता पिता स्व0 जगदीश महतो जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | छातो प्रसाद | प्रयाग प्रसाद |
| 37 | 25 | 682/3 | निजी | धानखेत–III | 0.0175 | छातो प्रसाद मेहता पिता स्व0 जगदीश महतो जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | दिलीप प्रसाद मेहता | मनोहर प्रसाद मेहता |
| 38 | 25 | 682/4 | निजी | धानखेत–III | 0.0058 | दिलीप प्रसाद मेहता पिता स्व0 भोला महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | बालेशर मेहता | छातो महतो |
| 39 | 25 | 682/5 | निजी | धानखेत–III | 0.0059 | बालेशर महतो पिता स्व0 महाबीर महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | रामकृश्ण कुमार | दिलीप प्रसाद |
| 40 | 25 | 682/6 | निजी | धानखेत–III | 0.0058 | रामकृश्ण कुमार मेहता पिता स्व0 जगरनाथ महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | लालजी महतो | बालेशर महतो |
| 41 | 6 | 687 | निजी | धानखेत–III | 0.0125 | लालजी महतो वगै0 पिता स्व0 केवल महतो जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | आनन्त महतो | रामकृश्ण कुमार |
| 42 | 23 | 688 | निजी | धानखेत–III | 0.0125 | आनन्त महतो पिता गंदौरी महतो वो कुन्ती देवी पति दिलीप कुमार मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | तेजनारायण महतो | लालजी महतो |
| 43 | 12 | 694 | निजी | धानखेत–III | 0.018 | तेजनारायण महतो पिता स्व0 गांगो महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | तालेश्वर मेहता | आनन्त मेहता |
| 44 | 24 | 699 | निजी | धानखेत–III | 0.015 | तालेश्वर मेहता पिता स्व0 होरिल महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मोहन महतो वगै0 | तेजनारायण मेहता |
| 45 | 14 | 701/1 | निजी | धानखेत–III | 0.01 | मोहन महतो वगै0 पिता स्व0 हरदु महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | शिवटहल प्रसाद मेहता | तालेश्वर मेहता |
| 46 | 14 | 701/2 | निजी | धानखेत–III | 0.01 | शिवटहल प्रसाद महतो पिता स्व0 उदी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | प्रवील प्रसाद मेहता | मोहन महतो वगै0 |
| 47 | 14 | 701/3 | निजी | धानखेत–III | 0.0075 | प्रवील प्रसाद मेहता पिता ........................ ....जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | काशी प्रसाद मेहता | शिवटहल प्रसाद मेहता |
| 48 | 15 | 702 | निजी | धानखेत–III | 0.003 | काशी प्रसाद मेहता पिता स्व0 रामेशर मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | मोहन महतो वगै0 | नीज | सुरेश प्रसाद मेहता | प्रवील प्रसाद मेहता |
| 49 | 19 | 703 | निजी | धानखेत–III | 0.005 | सुरेश प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 सरजु प्रसाद मेहता जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | मोहन महतो वगै0 | नीज | मोहन मेहता वगै0 | काशी प्रसाद मेहता |
| 50 | 14 | 704/1 | निजी | परती कदीम | 0.02 | मोहन महतो वगै0 पिता स्व0 हरदु महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्त | प्लौट न0–701 | शिवटहल प्रसाद मेहता | सुरेश प्रसाद मेहता |
| 51 | 14 | 704/2 | निजी | परती कदीम | 0.02 | शिवटहल प्रसाद पिता स्व0 उदी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | सुरेश प्रसाद मेहता | बटेशर प्रसाद मेहता | मोहन महतो वगै0 |
| 52 | 17 | 707 | निजी | धानखेत–III | 0.025 | बाटेशर प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 बुधन महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | मो0 सुगनी | शिवटहल प्रसाद |
| 53 | 11 | 708 | निजी | धानखेत–III | 0.035 | मो0 सुगनी पति स्व0 मंगर महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | प्लौट न0–709 | बटेशर प्रसाद मेहता |
| 54 | 16 | 709 | निजी | धानखेत–III | 0.02 | प्लौट 709 का रैयत | रास्ता | नीज | विशेश्वर प्रसाद | मो0 सुगनी |
| 55 | 17 | 710/1 | निजी | धानखेत–III | 0.005 | विशेश्वर प्रसाद मेहता पिता स्व0 रूचन महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | प्रदीप प्रसाद कुशवाहा | प्लौट न0–709 |
| 56 | 17 | 710/2 | निजी | धानखेत–III | 0.015 | प्रदीप प्रसाद कुशवाहा पिता जगन महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा | रास्ता | नीज | सीमाना करियातपुर | विशेश्वर प्रसाद |
| | | | | कुल | 0.9675 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतू अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगे या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त,
हजारीबाग।

PR 328981 (Land Reforms) 24-25 (D)

# बूथ स्तर से होता है हार-जीत का निर्णय, इसलिए बूथ अध्यक्ष सम्मान के हकदार : दीपक प्रकाश

## झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने के लिए कमर कस कर मैदान में उतरें कार्यकर्ता : ढुल्लू महतो

**भाजपा कार्यकर्ताओं के सामने झरिया विस क्षेत्र में किसी को पैर रखने के लिए एक बार सोचना पड़ेगा : रागिनी सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम में मौजूद राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, सांसद ढुल्लू महतो, रागिनी सिंह व अन्य।

**झरिया।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने स्तर से तैयारियां भी शुरू कर चुकी हैं। इसी कड़ी में भाजपा ने भी सोमवार को अनील टॉकीज मैरिज हॉल में कार्यकर्ता सम्मान समारोह सह विजय संकल्प सभा आयोजित किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के रायसभा सांसद दीपक प्रकाश, सांसद ढुल्लू महतो, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह कार्यक्रम प्रभारी रागिनी सिंह, जिला अध्यक्ष श्रवण रॉय, सरोज सिंह, योगेंद्र यादव और राजकुमार अग्रवाल आदि शामिल हुए। सभी ने संयुक्त रूप से पंडित दीन दयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ने झरिया विधानसभा के कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। अपने संबोधन में दीपक प्रकाश ने एक बार फिर हेमंत सरकार पर निशाना साधा। झारखंड की वर्तमान गठबंधन सरकार को भ्रष्ट बताया। कहा कि राज्य के जेलो में बंद अपराधी अब कारोबारियों को रंगदारी के लिए धमकी दे रहे है। झारखंड को सिर्फ लूटा जा रहा है। वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं पार्टी की पूंजी करार दिया। कहा कि कार्यकर्ता ही जनता के बीच नेता बनाते है और हर स्तर के सांगठनिक कार्यक्रमों के जरिए संगठन को जनता के बीच मजबूत बनाते है। कहा कि नेताओ को रोज सम्मानित किया जाता है, लेकिन कार्यकर्ताओं को वही करना होता है जिसका संकेत पार्टी की ओर से दिया जाता है। जनता के सवालों का जवाब भी कार्यकर्ताओं को ही देना होता है। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने का सारा श्रेय भाजपा के करोड़ो कार्यकर्ताओं को दिया। वहीं, रागिनी सिंह ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार से आम जनता खुश नहीं हैं। आए दिन लूट, हत्या, तस्करी और बलात्कार के मामले सुनने को मिलते हैं। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के सामने झरिया विधानसभा में किसी को पैर रखने के लिए एक बार सोचना जरूर पड़ेगा। कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य में भी भाजपा की ही सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कस कर मैदान में उतरने को कहा। वहीं, सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि जिस तरह से कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में कड़ी मेहनत की है। उसी तरह विधानसभा चुनाव में भी मेहनत कर झारखंड की इस तानाशाही गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंके।

# डीलर की धमकी : जिससे शिकायत करनी है कर दो, कुछ नहीं होगा, मुखिया मेरा रिश्तेदार

**महुदा (आजाद सिपाही)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन दुकानों से उपभोक्ताओं को मिलने वाली सामग्री की कटौती कर कम राशन देने व दुकानदार की मनमानी के खिलाफ सोमवार को धनबाद डीसी, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, बाघमारा प्रखंड पदाधिकारी के साथ ही मुख्यमंत्रीके नाम एक शिकायत पत्र लिखा गया। शिकायत कर्ता आदित्य चटर्जी ने बताया कि बाघमारा के तारगा पंचायत स्थित नावागड़ मडप टोला कुल्ही के पीडीएस डीलर गौरी शंकर रवानी ग्रामीणों को लगातार कम राशन दे रहे हैं। मई व जून महीने में भी कम राशन दिया गया। विरोध करने पर डीलर धमकी दे रहा कि जहां शिकायत करनी हैं कर दो। सभी को कमीशन जाता हैं, मुखिया भी मेरा रिश्तेदार हैं।


## पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह-प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में (1) दैनिक उपभोगीय/विविध सामग्री (2) विद्युत सामग्री (3) पलम्बींग सामग्री (4) खेल सामग्री (5) बढ़ई/हार्डवेयर सामग्रियों को क्रय करने एवं (6) जेनरेटर एवं आर0ओ0 मशीन का वार्षिक रख–रखाव अनुबंध (AMC) कराने से संबंधित वित्तीय वर्ष–2024–25 में मुहर बंद सील लिफाफा में दिनांक– 20.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदादाता निर्धारित समय–सीमा के अन्दर पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के पदनाम से सील बंद लिफाफा में हाथों–हाथ/ निबंधित डाक या दूत के माध्यम् से निविदा समर्पित करेंगें, जिसमें संबंधित प्रत्येक सामग्रियों का उत्पादक कम्पनी नामवार एवं प्रति अद्द/प्रति कि0ग्रा0/प्रति वर्गफीट/प्रति लीटर/ प्रति ईकाई में मूल्य एवं जी0एस0टी0 दर अंकित करेंगें। निविदा खोलने की तिथि दिनांक–22.07.2024 के पूर्वाह्न 11:30 बजे निविदा खोली जाएगी।

**आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूची एवं निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के सूचना पट्ट एवं Mobile No:-9470999983 पर संपर्क कर Whatsapp के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।**

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य,
जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट

PR 328948 Police (24-25)_D



## समाहरणालय, खूँटी
## (समेकित जनजाति विकास अभिकरण)

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा संख्या–03/2024–25**

खूँटी जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करनेवाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 में पठन–पाठन सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 22.07.2024 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक 22.07.2024 के अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, "ए" ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR 328955 Welfare(24-25)#D


## महत्वपूर्ण न्यूज

## मेडिकल जांच के नाम पर ठेका मजदूरों की छटनी नहीं होने दी जायेगी : बीडी प्रसाद




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मेडिकल जांच के नाम पर ठेका मजदूरों की छंटनी के खिलाफ 11 जुलाई की हड़ताल को सफल बनाने के लिए इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) की ओर से मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय (आतायात) रेल भवन के सामने ठेका मजदूरों की सभा की गई। जिसकी अध्यक्षता ठेका मजदूर मोतीलाल मांझी ने किया। वहीं, सभा में उपस्थित यूनियन के संयुक्त महामंत्री बीडी प्रसाद ने कहा कि आज 20 हजार से भी ज्यादा ठेका मजदूर बोकारो स्टील प्लांट में काम कर रहे हैं, जो बीएसएल मजदूरों और पदाधिकारियों की कुल संख्या से लगभग दोगुणा हैं। प्लांट का कुल उत्पादन और मुनाफा कमाने में ठेका मजदूरों का योगदान दो तिहाई के बराबर है। इसके बावजूद प्रबंधन ठेका मजदूरों को प्लांट से बाहर निकालने में जुटा हुई है। जबकि उक्त मजदूर अच्छी मजदूरी, भत्ता और सुविधा के हकदार है। बीडी प्रसाद ने कहा काफी संघर्ष के बाद ठेका मजदूर 4100 रुपया एडब्ल्यूए के मद में प्राप्त करने में सफल रहे है। लेकिन दुख की बात है कि प्रबंधन के उच्च पदों पर बैठे पदाधिकारियों की आंख के सामने एडब्ल्यूए की राशि को शॉप स्तर के पदाधिकारी और ठेकेदार के गुर्गो द्वारा छीना रहा है। मजदूर ठगा महसूस कर रहा है। प्लांट के लिए मजदूर उत्पादन कर रहे हैं और मुनाफा कमा रहे हैं। लेकिन, अचानक मेडिकल जांच में 'नोट फिट फॉर ड्यूटी' लिखकर एक झटके में ठेका मजदूरों को काम से बाहर निकालने का प्रबंध का आदेश, ठेका मजदूरों को आक्रोशित कर दिया है। उन्होंने चेताते हुए कहा कि प्रबंधन को यह नहीं भूलना चाहिए कि ये मजदूर सत्रहवीं नहीं, बल्कि 21वीं सदी के मजदूर है। पढ़े-लिखे हैं। स्टील प्लांट के आधुनिक मशीन के साथ काम करते है। इसलिए सभी ठेका मजदूरों ने 11 जुलाई की हड़ताल को सफल बनाने के लिए मन बना लिया है। कहा कि समय रहते मेडिकल जांच के नाम पर छंटनी करने के आदेश को वापस नहीं लिया गया, तो मजदूर हड़ताल पर जाएंगे। इस मौके पर संगठन सचिव आरके गोराई, महेश प्रसाद सिंह, मुनिलाल मांझी और सुरेश साव ने भी अपने-अपने विचार रखे।

## सक्षम उद्योग कोल भट्टा में छापामारी भारी मात्रा में कोयला और दो ट्रक जब्त



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** अंचल क्षेत्र में चल रहे अवैध कोयले की लूट पर आखिरकार धनबाद डीसी की ओर से गठित खनन ट्रांसपोर्ट की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निरसा थाना क्षेत्र के मुगमा स्टेशन रोड स्थित सक्षम कोल भट्टे में छापामारी की। इस दौरान वहां से भारी मात्रा में कोयला और दो ट्रक जब्त किया गया। हालांकि छापामारी टीम को देखते ही कोल भट्टे में काम कर रहे लोग इधर-उधर भाग गए। पुलिस ने जब्त कोयले को ईसीएल में जमा करा दिया। अधिकारी ने कहा कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि निरसा थाना क्षेत्र से लेकर पंचेत के लुचीबाद एवं कालुबथान ओपी क्षेत्र में कई जगहों पर कोयला माफियाओं द्वारा कोयले का अवैध खनन किया जा रहा है। जिस पर स्थानीय पुलिस-पदाधिकारी चुपी साधे हुए हैं। पर डीसी द्वारा गठित खनन ट्रांसपोर्ट की टीम ने अब कार्रवाई करना शुरू कर दिया है।

## चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरने से व्यक्ति की मौत

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** कुमारधुबी स्टेशन में सोमवार अहले सुबह रांची-दुमका इंटरसिटी ट्रेन में बोगी चेंज करने को लेकर चलती ट्रेन पकड़ने के दौरान गिर जाने से एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान अरूण कुमार साव (30) के रूप में हुई है। वह धनबाद के गांधीनगर का रहने वाला था। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अरूण अपनी पत्नी और एक बच्चे के साथ धनबाद में उक्त ट्रेन को पकड़कर जसीडीह जा रहा था। बोगी में अधिक भीड़ होने के कारन वह कुमारधुबी स्टेशन पर उतरकर खाली बोगी को देख रहा था। तभी ट्रेन खुल गई। वह हड़बड़ाहट में चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करने लगी, तभी पैर फिसर गया और ट्रेन के नीचे पटरी पर जा गिरा। जिससे उसकी मौत हो गयी।

# डीसी ने किया जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा ने पुराने समाहरणालय स्थित जिला कोषागार कार्यालय का सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषागार कार्यालय स्थित बज्रगृह एवं रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, डबल लॉक, रखे गए दस्तावेज समेत अन्य वस्तुओं के रख-रखाव की जांच की। कोषागार कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीसी ने ऑडिट की रिपोर्ट, आगत-निर्गत पत्रों की पंजी, डिपॉजिट रजिस्टर, स्पेसिमेन सिगनेचर पंजी, अलॉटमेंट पंजी, बिल्डिंग रेनोवेशन, सुरक्षा व्यवस्था, डबल लॉक, सर्विस बुक, स्टाफ की संख्या, सभी स्टाफ की पंजी जांच, स्ट्रांग रूम के पंजी संधारण की जांच, फर्स्ट पेंशन पंजी की जांच, स्टॉक पंजी, स्टांप पंजी, वज्रगृह, सुरक्षा गार्ड, स्ट्रांग रूम आदि कीमती सामानों एवं कागजातों का अवलोकन किया एवं उनकी पंजियों की मिलान कर आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने कार्यालय के सभी पंजियों के संधारण, कोषागार भवन, फर्नीचर, अग्निशमन से संबंधित उपकरण एवं आइटी उपकरणों के रख रखाव को लेकर कोषागार पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही पूरे कार्यालय एवं कार्य से संबंधित साइनऐज बोर्ड लगाने व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को लेकर निर्देश दिए। इस मौके पर निदेशक डीआरडीए सह विशेष कार्य पदाधिकारी राजीव रंजन, कोषागार पदाधिकारी पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

# 'वादा पूरा करो हेमंत सरकार' की मांग को लेकर सहायक अध्यापकों ने डीसी को ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बरवाअड्डा सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सोमवार को जिला कमेटी के उत्पल चौबे व नीलांबर रजवार की अगुवाई में डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश सदस्य निरंजन दे व सुशील पांडे भी मौजूद थे। बताते चलें कि सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने वेतनमान को लेकर आंदोलन की घोषणा की है। सोमवार को डीसी को ज्ञापन सौंपने के बाद 20 जुलाई को राज्य के 62000 सहायक अध्यापक मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करेंगे। जिसकी जानकारी सुशील कुमार पांडे व निरंजन दे ने संयुक्त रूप से दिया है। कहा कि आंदोलन को सफल बनाने को लेकर 15 जुलाई को धनबाद जिले के सभी प्रखंडों में बैठक होगी। इस मौके पर नीरज मिश्रा, सुभाष चटर्जी, मनोज साहनी, सरजीत पाल, गोरखनाथ गुप्ता, संतोष महतो, अनिल राजवंशी, गिरीश साव, जैनुल अंसारी, हलदर कुंभकार, मोहन कुंभकार, परेश चंद्र दत्त, मनोज रजक, उमेश दास, निमाई चंद्र गोराई, इकबाल अंसारी, रामू रजवार, बलराम महतो, राजू रविदास, इतवारी मुर्मू आदि थे।

## वीएलइ का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# पंचायती राज व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में है सीएससी वीएलइ का अहम योगदान: डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड सरकार की पंचायती राज विभाग से मिले निर्देश के आलोक में डिजिटल पंचायत योजनान्तर्गत चयनित वीएलई का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को धनबाद के न्यू टाउन हॉल में आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित धनबाद के डीडीसी सादात अनवर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बावरी और डीपीएम पंचायती राज मो तौहीद आलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डीडीसी ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में सीएससी वीएलई का अहम योगदान है। सभी डिजीग्राम वीएलई प्रतिदिन पंचायत भवन से ही सीएससी का संचालन अनिवार्य रूप से करें। ग्रामीणों को सभी तरह की ई सेवाएं पंचायत भवन से प्रदान करें। सरकार की कई योजनाओं को सीएससी के माध्यम से दिया जा रहा है। आगे भी बहुत सारी नई सेवाओं को सीएससी वीएलई के माध्यम से प्रदान की जाएगी, ताकि आम लोगों को ब्लॉक और जिले के चक्कर ना लगाने पड़े। पंचायत वीएलई के एकदिवसीयप्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल सात सत्रों का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की शुरूआत डीपीएम ई पंचायत मो तौहीद आलम द्वारा प्रतिभागियों के स्वागत के बाद हुआ। इसके बाद मास्टर ट्रेनर राजू कुमार, डीजीग्राम ट्रेनर और जिला प्रभारी डीजीग्राम सरफराज अंसारी, सीएससी जिला प्रबंधक सुनील कुमार एवं अंजर हुसैन अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से प्रशिक्षण दिया गया। सीएससी संचालकों को मनरेगा योजना, पंचायत विकास सूचकांक पोर्टल, ग्राम पंचायत विकास योजना, ग्राम स्वराजपोर्टल एवं अन्य सेवायें पर ग्राम पंचायत स्तर पर वीएलई द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची

Un-Tied मद अन्तर्गत

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 07/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि/स्थान :– दिनांक **13.07.24 को** 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि/स्थान :– दिनांक **13.07.24 को 3.00** बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक **15.07.24 को 3.00** बजे अपराह्न।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0/ ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बुढ़मू | ग्राम–हेसलपीरी में अधूरे पी0सी0सी0 पथ से मनरेगा पार्क तक 410 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 7,50,200.00 | 15,500/- | 1250/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | शहरी क्षेत्र | ओबरिया रोड नं0 01, न्यू पटेल कॉलोनी वार्ड नं0–52 हटिया में रामनाथ साहू जी के घर से प्रकाश पोद्दार जी के घर तक महाबीर गार्डन अर्पाटमेंट के सामने रोड एवं नाली निर्माण। | 31,79,500.00 | 64,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :

1-Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।

2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0 प0नि0वि0/विविध 06–33/2007 (अंश – 1) 2146 (5) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, राँची

PR 328936 (NREP) 24-25 (D)



## कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, राँची

**-ः आम सूचनाः -**

पत्रांक.................... राँची/दिनांक...............

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है, कि अंकेक्षण दल द्वारा आपके राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराए जाने पर आपत्ति की गई है, जिसकी सूची निम्नवत है–

NON RENEWAL OF NATIONAL PERMIT OF YEAR 2018-19

| Sr No. | Vehicle No. | Due Amount | Sr No. | Vehicle No. | Due Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01AC5071 | 62500 | 51 | JH01BQ5007 | 80000 |
| 2 | JH01AD1224 | 62500 | 52 | JH01BQ6544 | 45000 |
| 3 | JH01AE0546 | 80000 | 53 | JH01BQ6559 | 62500 |
| 4 | JH01AE1194 | 80000 | 54 | JH01BQ9707 | 44500 |
| 5 | JH01AE3852 | 80000 | 55 | JH01BR4750 | 62500 |
| 6 | JH01AE3914 | 80000 | 56 | JH01BR6232 | 62500 |
| 7 | JH01AE4767 | 62500 | 57 | JH01BS3470 | 44500 |
| 8 | JH01AE5043 | 62500 | 58 | JH01BS3940 | 62500 |
| 9 | JH01AE5763 | 62500 | 59 | JH01BT8427 | 25000 |
| 10 | JH01AE6432 | 44500 | 60 | JH01BV2554 | 45000 |
| 11 | JH01AE8124 | 62500 | 61 | JH01BV6559 | 45000 |
| 12 | JH01AF2105 | 80000 | 62 | JH01BX7030 | 45000 |
| 13 | JH01AF3805 | 44500 | 63 | JH01CA1551 | 45000 |
| 14 | JH01AF9681 | 80000 | 64 | JH01CA5396 | 45000 |
| 15 | JH01AF9686 | 43500 | 65 | JH01CC6258 | 62500 |
| 16 | JH01AG1285 | 80000 | 66 | JH01CC7041 | 45000 |
| 17 | JH01AG3037 | 80000 | 67 | JH01CE0901 | 45000 |
| 18 | JH01AH1002 | 62500 | 68 | JH01CF7185 | 45000 |
| 19 | JH01AH2198 | 45000 | 69 | JH01CJ7785 | 45000 |
| 20 | JH01AJ0778 | 62500 | 70 | JH01CL4198 | 45000 |
| 21 | JH01AJ1079 | 62500 | 71 | JH01P 5555 | 62500 |
| 22 | JH01AK-8202 | 45000 | 72 | JH01Q 2621 | 62500 |
| 23 | JH01AL-0171 | 45000 | 73 | JH01Q 4964 | 62500 |
| 24 | JH01AL-4750 | 45000 | 74 | JH01R 9105 | 24000 |
| 25 | JH01AL-4798 | 45000 | 75 | JH01S 0534 | 80000 |
| 26 | JH01AL-5545 | 45000 | 76 | JH01T 8139 | 62500 |
| 27 | JH01AL-6478 | 62500 | 77 | JH01T 8140 | 62500 |
| 28 | JH01AM-2296 | 45000 | 78 | JH01T 8976 | 43500 |
| 29 | JH01AM-5584 | 62500 | 79 | JH01U 3388 | 24500 |
| 30 | JH01AM-7171 | 62500 | 80 | JH01V 5061 | 62500 |
| 31 | JH01AM-9818 | 62500 | 81 | JH01X 3182 | 45000 |
| 32 | JH01AN-0712 | 62500 | 82 | JH01Y 1169 | 44000 |
| 33 | JH01AN-2772 | 62500 | 83 | JH01Z 1852 | 62500 |
| 34 | JH01AP-1302 | 62500 | 84 | JH07C 8478 | 80000 |
| 35 | JH01AP-2971 | 62500 | 85 | JH07C 8498 | 80000 |
| 36 | JH01AP3015 | 43500 | 86 | JH07C 8818 | 80000 |
| 37 | JH01AP3228 | 45000 | 87 | JH07C 8825 | 62500 |
| 38 | JH01AQ1219 | 43000 | 88 | JH07D 1746 | 62500 |
| 39 | JH01AR1563 | 45000 | 89 | JH07D 9544 | 62500 |
| 40 | JH01AU3624 | 45000 | 90 | JH07E 3260 | 80000 |
| 41 | JH01AY9997 | 43000 | 91 | JH07F 0683 | 45000 |
| 42 | JH01AZ6977 | 45000 | 92 | JH07F 3996 | 43000 |
| 43 | JH01BA9784 | 80000 | 93 | JH08B 1541 | 80000 |
| 44 | JH01BF8770 | 45000 | 94 | JH08B 2090 | 80000 |
| 45 | JH01BG8256 | 45000 | 95 | JH08C 3694 | 62500 |
| 46 | JH01BL7863 | 44500 | 96 | JH20A 6530 | 62500 |
| 47 | JH01BM8934 | 62500 | 97 | JH20C 7147 | 45000 |
| 48 | JH01BM9441 | 62500 | | | |
| 49 | JH01BP4921 | 62500 | | | |
| 50 | JH01BP9699 | 62500 | | | |

अतः उपरोक्त सभी वाहनों स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है ,वो अपना राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अन्दर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरुद्ध मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जायेगी।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द0छो0प्रा0परि0प्राधिकार, राँची

PR 328913 Transport(24-25)#D

## 53 साल बाद पुरी की रथयात्रा का दूसरा दिन

# तीनों रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे आज मंदिर में प्रवेश करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुरी (ओड़िशा)।** 53 साल बाद पुरी की रथयात्रा दो दिनों की रही। सोमवार यात्रा का दूसरा दिन है। भगवान बलभद्र, सुभद्रा और जगन्नाथ के रथ गुंडिचा मंदिर पहुंच चुके हैं। इस अवसर पर एकत्रित हुए श्रद्धालुओं का जनसमूह खुशी से झूम उठा, क्योंकि दिव्य त्रिमूर्ति जय जगन्नाथ के नारों के बीच अपनी मौसी के घर पहुंच गये। रथों पर ही भगवान की पूजा आरती की गयी। इसके बाद राजभोग लगा। अब 9 जुलाई को भगवान मंदिर में प्रवेश करेंगे। अगले 7 दिनों तक तीनों रथ यहीं रहेंगे। 11 जुलाई को हेरापंचमी मनेगी।




भगवान की एक झलक पाने के लिए भक्तों का सैलाब बड़दंडा में उमड़ पड़ा है। यहां यह बात गौर करने लायक है कि इस साल की रथ यात्रा को देखने के लिए दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु पुरी में उमड़े हैं, जो बेहद अनोखी और खास है। मान्यता है कि इस दिन लक्ष्मीजी भगवान से मिलने आती हैं। 15 जुलाई, सोमवार को तीनों भगवान अपने रथों में बैठ कर मंदिर लौटेंगे। भगवान के मंदिर लौटने वाली यात्रा को बहुड़ा यात्रा कहा जाता है। 7 जुलाई यात्रा का पहला दिन था। शाम 5 बजे के बाद शुरू हुई रथ यात्रा सूर्यास्त के साथ ही रोक दी गयी थी, भगवान जगन्नाथ का रथ सिर्फ 5 मीटर ही आगे बढ़ा था।

# राष्ट्रपति ने पुरी के समुद्र तट पर लहरों का लिया आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुरी।** ओड़िशा के चार दिवसीय दौरे पर यहां आयीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को सुबह पुरी में समुद्र तट पर कुछ समय बिताया। मुर्मू रविवार को तटीय तीर्थनगरी में भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा में शामिल हुईं। बाद में उन्होंने प्रकृति के निकट रहने के अपने अनुभव को सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिए साझा किया। मुर्मू ने एक्स पर लिखा कि ऐसे स्थान हैं, जो हमें जीवन के सार के करीब लाते हैं और हमें याद दिलाते हैं कि हम प्रकृति का हिस्सा हैं। पहाड़, जंगल, नदियां और समुद्र तट हमारे भीतर की किसी गहरी चीज को



आकर्षित करते हैं। मैं आज जब समुद्र के किनारे टहल रही थी, तो मुझे आसपास के वातावरण-मध्यम हवा, लहरों के शोर और पानी के विशाल विस्तार के साथ एक जुड़ाव महसूस हुआ। यह ध्यान करने जैसा अनुभव था। मुर्मू ने कहा कि इससे मुझे गहन आंतरिक शांति मिली, जो मुझे कल महाप्रभु श्री जगन्नाथजी के दर्शन करने पर भी महसूस हुई थी। और मैं अकेली नहीं हूं जिसे ऐसा एहसास हुआ है। जब हम किसी ऐसी चीज से रू-ब-रू होते हैं, जो हमसे बहुत विशाल हो, जो हमारे जीवन को बरकरार रखने में मदद करे और जो हमारे जीवन को अर्थपूर्ण बनाये, तो हम सभी मेरी तरह महसूस कर सकते हैं। राष्ट्रपति ने समुद्र तट पर टहलते हुए अपनी तस्वीरें साझा कीं तथा कहा कि रोजमर्रा की भागदौड़ में लोग प्रकृति के साथ अपना संबंध खो देते हैं। राष्ट्रपति अपने मूल राज्य ओड़िशा की चार दिवसीय यात्रा पर छह जुलाई की शाम को भुवनेश्वर पहुंचीं। उन्होंने रविवार को पुरी में रथ यात्रा देखी और रात एवं सुबह तीर्थ नगरी में बितायी।

# नाबालिग से रेप की 20 साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बालासोर विशेष यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) अदालत के न्यायाधीश रंजन कुमार सुतार ने आज एक व्यक्ति को दोषी ठहराया और 2023 में एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के लिए उसे 20 साल की जेल की सजा सुनाई। मरीन पुलिस स्टेशन क्षेत्र के शेख मंताज नामक व्यक्ति ने 28 सितंबर, 2023 को अपने घर के सामने खेल रही पीड़िता को चॉकलेट का लालच दिया और उसे एक सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। मामला तब प्रकाश में आया जब नाबालिग लड़की ने अपने परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद मरीन पुलिस स्टेशन में मंताज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मंताज को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश ने 16 गवाहों के बयान और 20 दस्तावेजों के आधार पर मंताज को दोषी करार देते हुए 20 साल की सजा सुनायी। अदालत ने उस पर 5000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया, जिसे अदा न करने पर उसे दो साल और जेल में रहना होगा। साथ ही अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पीड़िता को 4 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया।

## भारत में रोजगार पर सिटीग्रुप की शोध रिपोर्ट का खंडन

# सिटीग्रुप रिपोर्ट आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त सकारात्मक रुझानों और व्यापक डेटा पर विचार करने में विफल रही

- भारतीय रिजर्व बैंक का केएलईएमएस डेटा 2017-18 से 2021-22 तक आठ करोड़ से अधिक रोजगार के अवसरों का संकेत देता है, जिसका मतलब प्रति वर्ष औसतन दो करोड़ से अधिक रोजगार है
- सितंबर, 2017 - मार्च, 2024 के बीच 6.2 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर इपीएफओ से जुड़े
- एनपीएस में शामिल होने वाले नए सब्सक्राइबरों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि
- सरकार एक मजबूत और समावेशी रोजगार बाजार बनाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कुछ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा उद्धृत भारत में रोजगार पर सिटीग्रुप की हालिया शोध रिपोर्ट, जिसमें अनुमान लगाया गया है कि भारत सात प्रतिशत की विकास दर के साथ भी पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए संघर्ष करेगा, उपलब्ध व्यापक और सकारात्मक रोजगार डेटा को ध्यान में रखने में विफल रही है। रिपोर्ट में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) और भारतीय रिजर्व बैंक के केएलइएमएस डेटा जैसे आधिकारिक स्रोतों से जानकारी नहीं ली गयी है तथा ये स्रोत रिपोर्ट का खंडन करते हैं। अतः श्रम और रोजगार मंत्रालय ऐसी रिपोर्टों का दृढ़ता से खंडन करता है, जो सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध सभी आधिकारिक डेटा स्रोतों का विश्लेषण नहीं करती हैं।

**भारत के लिए रोजगार डेटा :** भारतीय रिजर्व बैंक का केएलइएमएस डेटा 2017-18 से 2021-22 तक आठ करोड़ से अधिक रोजगार के अवसरों का संकेत देता है, जिसका मतलब प्रति वर्ष औसतन दो करोड़ से अधिक रोजगार है। उल्लेखनीय है कि इस तथ्य के बावजूद कि 2020-21 के दौरान विश्व अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी से प्रभावित हुई थी, इसके मद्देनजर पर्याप्त रोजगार पैदा करने में भारत की असमर्थता के सिटीग्रुप के दावे का खंडन हो जाता है। यह महत्वपूर्ण रोजगार सृजन विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी पहलों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है।

**पीएलएफएस डेटा :** वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट निम्नलिखित से संबंधित श्रम बाजार संकेतकों में 2017-18 से 2022-23 के दौरान सुधार की प्रवृत्ति दर्शाती हैः (1) श्रम बल भागीदारी दर, (2) श्रमिक जनसंख्या अनुपात और (3) 15 वर्ष की आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर (यूआर)। तदनुसार डब्ल्यूपीआर 2017-18 में 46.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 56 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह, देश में श्रम बल की भागीदारी भी 2017-18 में 49.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 57.9 प्रतिशत हो गयी है। बेरोजगारी दर 2017-18 में 6.0 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 3.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गयी है। पीएलएफएस डेटा से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान, श्रम बल में शामिल होने वाले लोगों की संख्या की तुलना में अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, परिणामस्वरूप बेरोजगारी दर में लगातार कमी आई है। यह रोजगार पर सरकारी नीतियों के सकारात्मक प्रभाव का एक स्पष्ट संकेतक है। जहां रिपोर्ट में रोजगार परिदृश्य को गंभीर बताया गया है, वहीं आधिकारिक डेटा भारतीय रोजगार बाजार की अधिक आशावादी परिदृश्य प्रस्तुत करता है।

**इपीएफओ डेटा :** व्यापार सुगमता, कौशल विकास को बढ़ाने और सार्वजनिक एवं निजी, दोनों क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने के सरकारी प्रयासों से औपचारिक क्षेत्र के रोजगार आंकड़ों को बढ़ावा मिल रहा है। इपीएफओ डेटा से पता चलता है कि अधिक से अधिक कर्मचारी औपचारिक नौकरियों में शामिल हो रहे हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान, 1.3 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर ईपीएफओ में शामिल हुए, जो वर्ष 2018-19 के दौरान इपीएफओ में शामिल हुए 61.12 लाख की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। इसके अलावा, पिछले साढ़े छह वर्षों के दौरान (सितंबर, 2017 से मार्च, 2024 तक) 6.2 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर इपीएफओ में शामिल हुए हैं।

**एनपीएस के नये सब्सक्राइबर**
राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के आंकड़ों से पता चलता है कि केंद्र और राज्य सरकारों के तहत 2023-24 के दौरान 7.75 लाख से अधिक नये सब्सक्राइबर एनपीएस में शामिल हुए हैं, जो 2022-23 के दौरान सरकारी क्षेत्र के तहत एनपीएस में शामिल होने वाले 5.94 लाख नए ग्राहकों से 30 प्रतिशत अधिक है। नए सब्सक्राइबरों में यह पर्याप्त वृद्धि सार्वजनिक क्षेत्र में रिक्तियों को समय पर भरने के लिए सरकार के सक्रिय उपायों को उजागर करती है।

**फ्लेक्सी-स्टाफिंग क्षेत्र**
श्रम और रोजगार मंत्रालय के सचिव के साथ इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन (आइएसएफ) के सदस्यों की हालिया बातचीत में, आईएसएफ सदस्यों ने बताया कि वे लगभग 5.4 मिलियन औपचारिक अनुबंध श्रमिकों को रोजगार दे रहे हैं। प्रतिभा की कमी और श्रम गतिशीलता के कारण विनिर्माण, खुदरा, बैंकिंग क्षेत्र में लगभग 30 प्रतिशत मांग अधूरी बनी हुई है।

**ढेरों नये अवसर :** भारत में रोजगार बाजार की भविष्य की संभावनाएं अत्यधिक उत्साहजनक हैं, जैसा कि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है। भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दिखायी है। गिग अर्थव्यवस्था देश में कार्यबल में उल्लेखनीय वृद्धि का भी भरोसा दिलाती है। विशेष रूप से, गिग अर्थव्यवस्था पर नीति आयोग की रिपोर्ट में प्लेटफॉर्म श्रमिकों में पर्याप्त वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जिसके वर्ष 2029-30 तक 2.35 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, जो गिग अर्थव्यवस्था के तेजी से विस्तार को रेखांकित करता है। वर्ष 2029-30 तक भारत में गिग श्रमिकों के गैर-कृषि कार्यबल का 6.7 प्रतिशत या कुल आजीविका का 4.1 प्रतिशत होने की उम्मीद है। ये विकास सामूहिक रूप से भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और विविध रोजगार के अवसर पैदा करने की क्षमता को दर्शाते हैं।

**डेटा विश्वसनीयता :** यह सर्वविदित है कि निजी डेटा स्रोत, जिन्हें रिपोर्ट/मीडिया अधिक विश्वसनीय बताता है, में कई कमियां हैं। ये सर्वेक्षण रोजगार के संबंध में अपनी स्वयं की परिभाषा का उपयोग करते हैं-बेरोजगारी जो राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं है। पीएलएफएस जैसे आधिकारिक डेटा स्रोतों के समान मजबूत या प्रतिनिधि नहीं होने के कारण नमूना वितरण और कार्यप्रणाली की अक्सर आलोचना की जाती है। इसलिए, आधिकारिक आँकड़ों की तुलना में ऐसे निजी डेटा स्रोतों पर निर्भरता से भ्रामक निष्कर्ष निकल सकते हैं और इसलिए, इनका उपयोग सावधानी से किया जाना चाहिए। इसके अलावा, कुछ लेखक चुनिंदा डेटा का उपयोग करते हैं, जो उनके विश्लेषण की विश्वसनीयता को कमजोर करता है और भारत में रोजगार परिदृश्य की सटीक तस्वीर पेश नहीं करता है। ऐसी रिपोर्टें आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त सकारात्मक रुझानों और व्यापक आंकड़ों पर विचार करने में विफल रहती हैं।

**सारांश :** पीएलएफएस, आरबीआइ, इपीएफओ आदि जैसे आधिकारिक डेटा स्रोत प्रमुख श्रम बाजार संकेतकों में लगातार सुधार दिखाते हैं, जिसमें श्रम बल भागीदारी दर और श्रमिक जनसंख्या अनुपात में वृद्धि और पिछले पांच वर्षों के दौरान बेरोजगारी दर में गिरावट शामिल है। इपीएफओ और एनपीएस डेटा सकारात्मक रोजगार रुझानों का समर्थन करते हैं। विनिर्माण, सेवा क्षेत्र के विस्तार, बुनियादी ढांचे के विकास के अलावा अन्य रुझान, जिसमें गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था और जीसीसी जैसे कई क्षेत्रों में उभरते अवसर शामिल हैं, भविष्य की मजबूत संभावनाओं का संकेत देते हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय आधिकारिक डेटा की विश्वसनीयता और व्यापकता पर जोर देता है, निजी डेटा स्रोतों के चयनात्मक उपयोग के प्रति आगाह करता है जिससे भारत के रोजगार परिदृश्य के बारे में भ्रामक निष्कर्ष निकल सकते हैं। सरकार एक मजबूत और समावेशी रोजगार बाजार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और मौजूदा स्थिति से साबित होता है कि इस दिशा में पर्याप्त प्रगति हो रही है।


DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!


# ओड़िशा सीएम ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जिलाधिकारियों को राज्य भर में सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने ओड़िशा में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण को शीघ्र हटाने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी जमीनों का उपयोग मुख्य रूप से विकास और जनकल्याण कार्यों के लिए होता है। जबरन कब्जे से विकास बाधित होता है। इसलिए इन अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाना चाहिए। वर्तमान कानून के अनुसार अतिक्रमण हटाने के बाद, इसकी बाड़ लगाने और इस तरह से साइनबोर्ड लगाने का आदेश दिया गया है कि हर कोई इसे देख सके और यह स्पष्ट रूप से पहचाना जा सके कि यह सरकारी भूमि है।

# ओड़िशा सीएम ने की किशोर जेना और अमित रोहिदास को 15 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

> भगवान श्री जगन्नाथ के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि वे ओलंपिक में अपने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे।



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने किशोर जेना और अमित रोहिदास को 15 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है, क्योंकि ये दोनों एथलीट पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्यमंत्री माझी ने उम्मीद जतायी कि इससे उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश का नाम रोशन करने की प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री माझी ने कहा कि ओलंपिक खेलों का शिखर है। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने के लिए अर्हता प्राप्त करके, जेना और रोहिदास ने न केवल अपनी जन्मभूमि बल्कि पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। ओड़िशा के लोगों की ओर से, मैं उन दोनों को अपनी शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि उनकी अदम्य इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत राज्य की युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करेगी। यह वित्तीय सहायता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना और हॉकी स्टार अमित रोहिदास को पेरिस ओलंपिक में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है। ओड़िशा के लोगों को दोनों की क्षमताओं पर पूरा भरोसा है। भगवान श्री जगन्नाथ के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि वे ओलंपिक में अपने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। ओड़िशा में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राज्य के कोने-कोने से इन प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास और उनके सपनों को साकार करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा, वित्तीय सहायता और जमीनी स्तर पर सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृतसंकल्पित है।

# भुवनेश्वर में फ्लाईओवर का एक हिस्सा ढहने से 407 ट्रक फंस गया



**भुवनेश्वर(आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर शहर के ऐगिनिया क्षेत्र में आज दोपहर एक फ्लाईओवर की पहुंच सड़क का एक हिस्सा उस समय ढह जाने के बाद यात्रियों और स्थानीय लोगों के बीच दहशत का माहौल पैदा हो गया, जब एक 407 ट्रक उस पर से गुजर रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, एक 407 ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर डफ 02 ऐटी 8716 है, ऐगिनिया के पास -16 पर बने फ्लाईओवर पर जा रहा था।


BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE
CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE
ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA
MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र•वास्तु शास्त्र•हस्त शास्त्र•अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**